सुप्रभात
रांची, शनिवार
18.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 126



12 अक्षरा सिंह का नया गाना छठी मईया करिहा दुलार रिलीज

## न्यूज डायरी

### मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं 6 फरवरी से

**रांची।** झारखंड अधिविधि परिषद (जैक) ने राज्य में मैट्रिक और इंटर परीक्षा तिथियों की घोषणा कर दी। जैक बोर्ड की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार ये परीक्षाएं 6 फरवरी से शुरू हो कर 26 फरवरी तक चलेंगी। जैक के अनुसार मैट्रिक में करीब 4 लाख और इंटर में 3 लाख परीक्षार्थी शमिल होंगे।

### पोलिंग पार्टी पर हमला आइटीबीपी जवान शहीद

**नयी दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में नक्सलियों के आइडी धमाके में पोलिग पार्टी में शामिल आइटीबीपी का एक जवान शहीद हो गया है। बिंद्रानवागढ़ सीट पर मतदान के बाद लौट रही पोलिंग पार्टी पर नक्सलियों ने घात लगा कर यह हमला किया। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण और मध्य प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर शुक्रवार को क्रमश: 68.15 प्रतिशत और 71.16 प्रतिशत मतदान हुआ।

### लातेहार में नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**लातेहार।** भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर जितेंद्र नगेसिया ने शुक्रवार को लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। डीसी हिमांशु मोहन और एसपी अंजनी अंजन ने जितेंद्र नगेसिया को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। गढ़वा के भंडारिया का रहने वाला जितेंद्र नगेसिया पिछले पांच वर्षों से संगठन से जुड़ा हुआ था।

### जेल में गूंज रहे छठ के गीत, 6 बंदी कर रहे पर्व

रांची। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में भी छह कैदी छठ पर्व कर रहे हैं। जेल प्रशासन पूरी तैयारी करायी है। महापर्व को ले कर रांची जेल में भी पूरा माहौल छठमय हो गया है। जेल में सुबह-शाम छठी मईया के गीत गूंजने लगे हैं।

# गोईलकेरा के हाथीबेड़ा में धमाका, एक जवान शहीद

## सीआरपीएफ अफसर समेत दो घायल, रांची एयरलिफ्ट

### गुमला के थे संतोष उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा में आइडी ब्लास्ट में शुक्रवार को सीआरपीएफ बम निरोधक दस्ता के कॉन्स्टेबल संतोष उरांव शहीद हो गये। वहीं एक अफसर समेत दो अन्य जख्मी हुए हैं। गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबेड़ा जंगल में ये जवान एंटी नक्सल अभियान पर निकले थे। नक्सलियों ने पहले से ही आइइडी बम लगा कर रखा थे। अभियान के तौरान सुरक्षाकर्मी इसकी चपेट में आ गये। धमाके में सीआरपीएफ के अधिकारी एजेतो तिने और जवान संतोष उरांव और जयंता नाथ घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल सीआरपीएफ जवान संतोष उरांव शहीद हो गये।

घायल अधिकारी एजेतो तिने और जवान और दोनों जयंता नाथ को बेहतर इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट कर किया गया है। एक जवान की शहादत पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा शोक जताया है। (शेष पेज 11 पर)



### जंगल से ही एयरलिफ्ट किया गया

इस विस्फोट की सूचना मिलते ही आनन-फानन में सीआरपीएफ के जवानों ने तीनों घायलों को जंगल से सुरक्षित बाहर निकाल कर हेलीपैड तक पहुंचाया। जहां हेलीकॉप्टर के माध्यम से दो सीआरपीएफ जवानों को रांची भेज दिया गया जबकि एक घायल का इलाज चाईबासा में ही किया जा रहा है।

## महापर्व छठ शुरू, सीएम ने किया घाटों का दौरा

# व्रतियों को कोई परेशानी न हो सभी व्यवस्था चुस्त रखें : हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** लोक आस्था और सूयोर्पासना का चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ से शुरू हो चुका है। सीएम हेमंत सोरेन ने कांके डैम और हटनिया तालाब समेत कई छठ घाटों निरीक्षण किया और अधिकारियों को साफ-सफाई, सभी छठ घाटों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि महापर्व के दौरान व्रतधारियों और श्रद्धालुओं को छठ घाटों पर पूरी सहूलियत और सुविधा मिले। उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। सुरक्षा के साथ-साथ बिजली की उचित व्यवस्था भी पर्याप्त रहे, इसका ख्याल हर हाल में रखें। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नदी, तालाबों, डैमों और अन्य जलाशयों में जलस्तर और गहराई वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां सुरक्षा की विशेष व्यवस्था करें। निरीक्षण के दौरान सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार मौजूद थे। (शेष पेज 11 पर)

# रामचंद्र सिंह चुने गये बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक

### 22 को विधानसभा स्थापना दिवस पर होंगे सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनिका के कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक चुने गये हैं। स्पीकर रविंद्र नाथ महतो के आवास पर शुक्रवार को हुई विधायक उत्कृष्ट पुरस्कार चयन समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। विधानसभा के 23वें स्थापना दिवस समारोह में उन्हें सम्मानित किया जायेगा। बैठक में स्पीकर रविंद्रनाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम, विधायक स्टीफन मरांडी, कमलेश सिंह और पत्रकार आनंद मोहन मौजूद थे।



### पांच कर्मी भी चयनित

चयन समिति ने विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मियों का भी चयन किया है। जो पांच उत्कृष्ट कर्मी चयनित हुए हैं, इनमें माइका लकड़ा, मिथिलेश कुमार मिश्र, विष्णु पासवान, निलेश कुमार सिंह, नियाज अहमद और तपस कुमार शामिल हैं।

### कृषि से राजनीति में आये रामचंद्र सिंह

रामचंद्र सिंह का जन्म लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखंड में स्थित मंगरा नामक जगह में हुआ था । पेशे से वे राजनीतिज्ञ है, लेकिन राजनीति में कदम रखने से पहले वे कृषि से जुड़े हुए थे। उनके पिता का नाम गणपत सिंह है। वह पहली बार 1995 में जब झारखंड बिहार से अलग नहीं हुआ था, तब राजद से विधायक निर्वाचित हुए थे। तीन बार विधायक का चुनाव जीते हैं । हली बार 1995 में जीता, दूसरी बार 2005 में जीता और तीसरी बार 2019 में।

# दिसंबर में बैंककर्मियों की महाहड़ताल, बढ़ेगी परेशानी

**नयी दिल्ली।** दिसंबर में बैंकों का कामकाज कई दिनों के लिए बंद रह सकता है क्योंकि अगले महीने कई दिन तक अलग-अलग बैंकों में हड़ताल रहेगी। ऑल इंडिया बैंक एंप्लाई एसोसिएशन ने इस मामले पर एक नोटिफिकेशन जारी करके ये जानकारी दे दी है। संघ ने दिसंबर 2023 में बैंकों में अलग-अलग तारीख पर हड़ताल का ऐलान कर दिया है। यह हड़ताल 4 दिसंबर से शुरू होकर 11 दिसंबर, 2023 के बीच चलेगी। 4 को एसबीआइ, पीएनबी में, 5 को बैंक ऑफ बड़ौदा और बीओआइ में हड़ताल रहेगी। 6 किो केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में हड़ताल रहेगी। 7 इंडियन बैंक और यूको बैंक में हड़ताल रहेगी। 8 को यूबीआइ, 9-10 को बैंकों में शनिवार और रविवार की साप्ताहिक छुट्टी। 11 दिसंबर, प्राइवेट बैंकों की हड़ताल रहेगी। प्रस्तावित हड़ताल से ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# मंदिरों में तोड़फोड़ से लोग उत्तेजित

### गुस्साये ग्रामीणों ने 9 घंटे तक एनएच जाम रखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड के मुड़मा गांव में चार मंदिरों में तोड़फोड़ और प्रतिमाओं को खंडित करने के खिलाफ गुस्साये ग्रामीणों ने एनएच-39 मुख्य पथ को लगभग 9 घंटे तक जाम कर दिया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। अधिकारियों के काफी समझाने बुझैने के बाद अपराह्न करीब ढाई बजे जाम समाप्त हुआ। घटना की खबर मिलते ही आसपास के कई गांवों से लोग वहां जुट गये। प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल वहां पहुंच कर स्थिति संभाली। कई थानों के जवानों को वहां तैनात कर दिया गया है। डॉग स्क्वाड, एफएसएल की टीम, कॉल डंप को भी जांच को बुलाया गया। पर अबतक तोड़फोड़ करनेवालों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। कई राजनेताओं और संगठनों ने मंदिर में तोड़फोड़ की कड़ी निंदा की है। जानकारी के अनुसार कुछ असामाजिक तत्वों ने मुड़मा गांव में स्थापित बजरंगबली की दो मूर्तियां, शिवलिंग तथा देवी मंडप में स्थापित प्रतिमाओं को तोड़ डाला। एक अन्य स्थान पर नया मंदिर बनाने के लिए गाड़े गये झंडे उखाड़ दिये। शुक्रवार को तड़के इसकी खबर मिलते ही आसपास के लोग उत्तेजित हो गये। विरोध में लोग रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ को जाम कर सड़क पर बैठ गये। जानकारी मिलते ही ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो और सदर एसडीओ दीपक कुमार दुबे अधिकारियों के साथ वहां पहुंचे। ग्रामीण और अधिकारियों के बीच वार्ता हुई, लेकिन वार्ता बेनतीजा रही। करीब दो बजे हिंदूवादी नेता भैरव सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और उनकी अगुवाई में प्रशासन को एक मांग पत्र सौंपा गया।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# चीफ जस्टिस ने किया जेल का औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय मिश्रा ने शुक्रवार को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार का औचक निरीक्षण किया। डालसा के अधिकारियों के साथ मुख्य न्यायाधीश अचानक रांची जेल पहुंचे थे। मुख्य न्यायाधीश ने लगभग एक घंटे तक रांची जेल का निरीक्षण किया। सरप्राइज विजिट पर पहुंचे मुख्य न्यायाधीश संजय मिश्रा ने जेल के अंदर प्रवेश करने के बाद सबसे पहले जेल अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल अस्पताल में कैदियों के लिए दवाई उपलब्ध है या नहीं कितने डॉक्टर हैं सब की जानकारी मुख्य न्यायाधीश के द्वारा ली गई। कैदियों के इलाज को लेकर कई निर्देश जेल प्रशासन को मुख्य न्यायाधीश के द्वारा दी गयी। जेल अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने जेल रसोई घर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि कैदियों को मिलने वाला खाना हाइजेनिक तरीके से बनता है या नहीं। रसोई घर में साफ सफाई का ध्यान रखा जाता है कि नहीं इसका भी निरीक्षण मुख्य न्यायाधीश के द्वारा किया गया। (शेष पेज 11 पर)

## डीप फेक और एआइ एक चुनौती, रोकने का तंत्र जरूरी : पीएम

# मेरा ही फेक वीडियो गरबा करते दिखा दिया : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को मीडिया जगत से लोगों को 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (एआइ) और 'डीप फेक' पर लोगों को शिक्षित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि डीप फेक एक बड़ी चिंता बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तकनीकी का इस्तेमाल कर कोई भी असंतोष की आग बहुत तेजी से फैला सकता है। पीएस नयी दिल ली में पार्टी मुख्यालय में दिवाली मिलन समारोह में बोल रहे थे।

**मुझे भी गरबा करते दिखा दिया**



: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (एआइ) और 'डीप फेक' की चुनौती के संदर्भ में पीएम ने अपने ऐसे ही एक वीडियो का जिक्र किया, जिसमें वह गरबा खेलते दिख रहे हैं। पीएम ने कहा स्कूल के बाद बाद मुझे कभी गरबा गाने या खेलने का कोई अवसर ही नहीं मिला।

लेकिन एआइ और डीप फेक की मदद से हाल ही में एक वीडियो बनाकर प्रचारित कर दिया गया। इसमें मेरी कॉपी को हू-ब-हू गरबा खेलते हुए देखा जा सकता है। (शेष पेज 11 पर)

### पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य तंत्र

पीएम ने मीडिया हाउसों से 40 वर्ष से अधिक उम्र के पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य देखभाल तंत्र विकसित करने का भी आग्रह किया। छोटी आयु के अनेक पत्रकारों के आकस्मिक निधन पर चिंतायी। साथ ही कहा कि कम से कम 40 वर्ष की आयु के बाद एक नियमित स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए। पत्रकारों की तनावपूर्ण और आपाधापी पूर्ण दिनचर्या का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि सरकार और मीडिया हाउस मिलकर ऐसी कोई ऐसी व्यवस्था विकसित कर सकते हैं। मोदी ने भारत को 'विकसित भारत' बनाने के अपने संकल्प का भी जिक्र किया और कहा कि ये केवल शब्द नहीं बल्कि जमीनी हकीकत है। उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान को जनता से व्यापक समर्थन मिला है। इस त्योहारी सीजन के एक सप्ताह में 4.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का करोबार हुआ है।

# मधुबन होटल में रसोइया की हत्या

**गिरिडीह ।** जैन धर्मावलंबियों के तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर मधुबन के होटल शिखर में गुरुवार देर रात होटल के रसोइया राजेश कुमार की हत्या गला काट कर हत्या कर दी गयी। हत्या का आरोप होटलकर्मी रमेश कुमार पर लगा है। मधुबन थाना पुलिस ने आरोपित रमेश कुमार को गिरफ्तार करने के साथ उसके पास रखे चाकू को भी बरामद कर लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच की। जानकारी के अनुसार राजेश कुमार यूपी का रहने वाला था और नौ नवंबर को मधुबन के होटल में काम करने आया था।

# कुलगाम मुठभेड़ में लश्कर के पांच आतंकी मारे गये



खबर मन्त्र संवाददाता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ रातभर चली मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पांच आतंकवादी मारे गये। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कुलगाम जिले में 18 घंटे तक चली मुठभेड़ खत्म होने के बाद कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने बताया, मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं और इलाके में छानबीन की जा रही है। ड्रोन फुटेज के जरिए आतंकवादियों के शवों का पता लगाया गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान समीर अहमद शेख (पीएएफएफ), यासिर बिलाल भट, दानिश अहमद ठोकर, हंजुल्ला याकूब शाह और उबैद अहमद पैडर (सभी टीआरएफ के सदस्य) के रूप में हुई है। बृहस्पतिवार को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने कुलगाम के नेहामा गांव में घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षाबलों को देखते ही आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। रात के समय इस अभियान को रोकना पड़ा। शुक्रवार तड़के गोलीबारी हुई। जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे, आज सुबह हुई गोलीबारी में उसमें आग लग गयी जिससे आतंकवादियों को बाहर निकलना पड़ा।



स्पीड न्यूज

## जुस्को सेवानिवृत्त मित्र मंडली ने मनाया विजयादशमी मिलन



जमशेदपुर। जुस्को (टाउन इलेक्ट्रिकल) सेवानिवृत मित्र मंडली के द्वारा आयोजित विजयदशमी मिलन समारोह कदम रामनगर स्थित वैश्य एकता मंच सामुदायिक विकास भवन के सभागार में आयोजित किया गया। औद्योगिक क्षेत्र से सेवानिवृत्ति के बाद मित्र मंडली के सदस्यों ने सामाजिक विचारधारा को सर्वोपरि मानते हुए आगे आने वाले दिनों में कई कार्यक्रम करने की सार्वजनिक सोच बनाई है आपसी राय मशविरा के पश्चात संस्था के द्वारा जनवरी 2024 में वार्षिक सह पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित करने के अलावे विश्वकर्मा पूजा आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है। कई सदस्यों ने संगठन के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करने पर सहमति व्यक्त की है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्रीकांत देव, राधे कृष्णा पोद्दार, उत्तम कुमार बॉस एवं अन्य ने हर संभव कोशिश की। धन्यवाद ज्ञापित सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान यूके पांडे, दिनेश्वर सिंह, बीके रॉय, अशोक कुमार सिंह, बालेश्वर प्रसाद, ए के सिंह, रामनरेश शर्मा, उत्तम कुमार बोस, राधे कृष्णा पोद्दार, आर एन बीउरा, आर सी पी यादव, श्रीकांत देव, अनिल कुमार सिन्हा, बीपी शर्मा, सुरेंद्र प्रसाद सिंह एवं अन्य शामिल थे।

## इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने मनाया बाल दिवस



जमशेदपुर। इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने 'सिद्धेश्वरा मूक-बधिर स्कूल, बारीडीह' के 22 बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। हमने उनके लिए आउटडोर मनोरंजक एक्टिविटीज का आयोजन किया। उन्होंने हमारे द्वारा आयोजित विभिन्न खेलों में भाग लिया। अपने शिक्षकों की मदद से उन्होंने हमारे साथ ईशारों में संवाद किया और हमारे साथ एक मजेदार समय बिताने पर अपनी खुशी व्यक्त की। सभी को उपहार व फूड पैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर केक काटा गया। इस आयोजन को हमारी पूर्व अध्यक्ष नीलिमा प्रकाश द्वारा प्रायोजित किया गया था।

## विजया गार्डेन : चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा का किया गया विसर्जन



जमशेदपुर। बारीडीह स्थित 'विजया गार्डेन चित्रांश परिवार' के यजमान नवीन वर्मा के पूजा करने के उपरांत चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया जिसमें प्रियंका वर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, रंजू वर्मा, रिचा सिन्हा, आर के वर्मा, एन एन वासुदेवा, मुक्तेश्वर वर्मा, किशोर श्रीवास्तव, नवीन वर्मा, नीरज शरण, अजीत दास, अजीत सिन्हा, रितेश सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, मनोज कुमार, के के प्रसाद, अजीत वर्मा व अन्य मुख्य रूप से शामिल थे। इसमें पुरूषों के साथ महिलाओं ने भी अहम भूमिका निभाई। साथ ही धूमधाम के साथ चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा का विसर्जन हूरलुंग नदी में किया गया।

## लौकी-भात के साथ छठ महापर्व शुरू



छठ महापर्व शुक्रवार को लॉकी भात के साथ प्रारंभ हो गया। कल ब्रति महिलाएं प्रसाद ग्रहण कर 19 नवंबर की शाम भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य देंगी।



शनिवार को प्रसाद बनाने के लिए गेहूं सुखाती महिलाएं।

## एसएसपी ने किया एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण




जमशेदपुर। वरीय पुलिस अधीक्षक, जमशेदपुर किशोर कौशल के द्वारा पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण के साथ सोनारी हवाई अड्डा का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी में तैनात पदाधिकारी / कर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया।

# आओ चलें इस सफर पे..., हम सब मिल जायें तो संगीत है....

संवाद के तीसरे दिन की सांस्कृतिक संध्या में अरुणाचल के कलाकारों ने बांधी समां

## 11 ट्राइब्स के 48 कलाकारों ने रिद्म ऑफ अर्थ की प्रस्तुति से झुमाया







रिद्म ऑफ अर्थ की प्रस्तुति देते आदिवासी कलाकार। सांस्कृतिक संध्या में नृत्य प्रस्तुत करतीं अरुणाचल प्रदेश की युवतियां।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत भारत में आदिवासी पहचान पर सबसे बड़े प्लेटफार्मों में से एक-संवाद शुक्रवार को पांच दिनों में से तीसरे दिन मनाया गया, क्योंकि वे जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आदान-प्रदान के लिए एक मंच पर लाए थे। विचार, कला, समस्याएं और समाधान। आदिवासी संस्कृति, ज्ञान, परंपराओं और भोजन का आनंद लेने के लिए पहले दो दिनों में 6000 से अधिक लोग गोपाल मैदान में संवाद शाम में शामिल हुए हैं। दिन का मुख्य आकर्षण रिदम्स ऑफ द अर्थ (आरओटीई) का प्रदर्शन था, जो भारत की 11 जनजातियों के 48 संगीतकारों का एक समूह था, जिन्होंने अपनी मूल रचनाओं का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने दा शुग्स के साथ सहयोग किया है, जो लद्दाख का पहला स्वदेशी बैंड है, जिसने संवाद 2023 में अपना पहला राष्ट्रीय प्रदर्शन किया। आरओटीई और दा शुग्स के सदस्य जनजातीय संस्कृति केंद्र, सोनारी में 10-दिवसीय निवास में शामिल हुए, जहां उन्होंने कहानियों का आदान-प्रदान किया। आख्यान और भावनाएँ जो उनके संगीत और गीतों में प्रतिबिंबित हुई हैं। रिदम ऑफ द अर्थ (आरओटीई), संवाद सम्मेलन में मिले संगीतकारों का समूह, संवाद 2023 में पांच नई मूल रचनाओं की संगीतमय प्रस्तुति की। हॉर्नबिल कलाकार इसमें शामिल थे। इस दल में बोडो, टोटो, माविलन, कुन्वी, हो, कारबी, मुंडा, उरांव, राभा और बोटो जन जाति के कलाकार अपने पारम्परिक वाद्य यंत्रों के साथ शामिल हुए। इस दल ने थीम सांग ...सफर की विशेष प्रस्तुति दी जिसके बोल थे

**आओ चले इस सफर पे....आओ जुड़े इस संकल्प में,**

**जागो रे जागो एक साथ,... हम सब मिल जायें तो संगीत है....**

संवाद के तीसरे दिन की शुरूआत संवाद 2023 के पांच स्थानों में से एक, जमशेदपुर नेचुरल ट्रेल में आदिवासी घड़ी के अनावरण के साथ हुई।

घड़ी की विशिष्टता यह है कि यह वामावर्त चलती है। जनजातीय समुदायों का मानना है कि वर्तमान समय में हम जिस पारंपरिक घड़ी का उपयोग करते हैं, वह प्रकृति की मौजूदा गति के विपरीत है, जो वामावर्त दिशा में सेट होती है। उदाहरण के लिए, पृथ्वी वामावर्त दिशा में घूमती है, अधिकांश चढ़ाई वाले पौधे या लताएं वामावर्त दिशा में बढ़ती हैं, तूफान और चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाएँ वामावर्त गति में घूमती हैं। आदिवासी समुदायों में उत्सव, जो प्रकृति के साथ घनिष्ठ संबंध बनाते हैं, वामावर्त दिशा में नृत्य की गतिविधियों के साथ मनाया जाता है। यह घड़ी आदिवासी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करती है जो प्रकृति की गति का पर्याय है। अनावरण की गई आदिवासी घड़ी को कलिंगनगर के नवजीवन सहकारी समूह के कारीगरों द्वारा डिजाइन किया गया था, जबकि तकनीकी विशेषज्ञता टाटा समूह की इकाई टाइटन द्वारा छह महीने की अवधि में करीबी साझेदारी में प्रदान की गई थी। नवजीवन के कारीगरों द्वारा बनाई गई घड़ियाँ अलग-अलग वेरिएंट में गोपाल मैदान में उनके स्टॉल पर उपलब्ध हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री ने डीडीसी, एसडीओ संग किया नदी छठ घाटों का निरीक्षण

# नदी के छठ घाटों पर डेंजर जोन चिह्नित कर बैरिकेडिंग करे प्रशासन : बन्ना गुप्ता

## भीड़ प्रबंधन, व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम व पर्याप्त रोशनी पर रहा जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो



डेंजर जोन चिह्नित करने का निर्देश देते मंत्री बन्ना गुप्ता।

जमशेदपुर। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से झारखंड के स्वास्थ्य,चिकित्सा शिक्षा,परिवार कल्याण एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में स्वर्णरेखा घाट,मानगो पुल, दोमुहानी घाट में घाटों की साफ-सफाई और व्रतियों की सुविधा के लिए घाटों पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही छठ घाटों को सुरक्षित करने और हर तरह की सुविधा बहाल कराने, छठ घाटों पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके मद्देनजर मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। छठ घाटों की ससमय साफ-सफाई, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था, सभी छठ घाट में डेंजर जोन चिन्हित करने एवं बेरिकेडिंग किए जाने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रॉप गेट लगाने, छठ घाट की ओर जाने वाले सभी पहुंच पथ की आवश्यक मरम्मतीकरण कार्य ससमय सुनिश्चित किए जाने, नगर निकाय, पुलिस, यातायात, विद्युत, आपदा प्रबंधन सहित सभी संबद्ध पदाधिकारियों को आपस में समन्वय सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य ससमय संपन्न करने, छठ घाटों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था रखी जाए, पीने के पानी की व्यवस्था, इसके अलावा सुगम यातायात एवं घाटों पर पार्किंग की व्यवस्था पर भी समुचित ध्यान देने का निर्देश दिया।

मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, उप नगर आयुक्त जेएनएसी, टाटा स्टील के पदाधिकारी व जुस्को के प्रतिनिधि सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## शिक्षाविद पारस मिश्रा एंड टीम ने कराया बड़ौदा घाट का समतलीकरण

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। समाजसेवी पारस नाथ मिश्रा और उनके टीम का अथक प्रयास रंग लाया, बागबेरा बरोदाघाट और रिवरव्यू छठ घाट समतलीकरण का कार्य लगभग पुरा हो है। सफाई और समतलीकरण कार्य लगभग पुरा होने के बाद छठ घाट की रौनकता लौट आई है। शिक्षाविद पारस नाथ मिश्रा अपने टीम के साथ अपने निजी खर्च पर तीन दिनों से जे सी बी और दो ट्रेक्टर के सहयोग से लगभग 1 किलोमीटर का घाट समतलीकरण का कार्य किया गया है। पारस नाथ मिश्रा ने कहा की हमारा केवल प्रयास है की छठ ब्रत धारियों को साफ और समतल घाट मे पूजा करने को मिले। विपिन तिवारी, सुनील मिश्रा, सुनील भालोतिया, प्रवीण सिंह, एसएन मिश्रा पंकज कुमार, राजन सहाय, विशाल कुमार कार्य मे लगे है।

## बालीगुमा में धूमधाम के साथ खूंटाव संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। बालीगुमा के गोडगोड़ा टोला में धूमधाम से खूंटाव पर्व मनाया गया। चारवाहा दल पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाते हुए बीच बीच मे बैलों का का जोश भर रहे थे। पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाने के लिए खिकड़ीघुटू से भी एक दल शामिल हुआ। खूंटाव समापन के बाद सोहराय नृत्य प्रतियोगिता हुआ। इस अवसर वक्ताओं ने कहा कि सभ्यता के विकास के शुरूआती दौर से पशुधन के साथ गहरा संबंध है। सोहराय पर्व में मानव और पशु एक साथ नाचते गाते है। पशुओं के सहयोग से खेती संभव हो पाता है। पर्व के समय बैल को खेती का काम से दूर रखा जाता हैताकि वह भरपूर आनंद उठा सके। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैल के मालिक को पुरस्कृत किया गया जिसमें प्रथम जितेन सोरेन, द्वितीय धानो सोरेन, तृतीय राबुड़ सोरेन। सर्वश्रेष्ठ चरहाव वीर रोहित बास्के को प्रथम और द्वितीय विजय सोरेन को दिया गया।सोहराय नृत्य में प्रथम चम्पा मुर्मू,द्वितीय लक्ष्मी सरदार, तृतीय दानगी सोरेन। सोहराय गाना में प्रथम डुमनी टुडू और सोलमा टुडू द्वितीय रुइबरी सोरेन और मेनका सोरेन, तृतीय बसंती किस्कु, शुक्रमुनि मुर्मू,बुलबुल को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मदन मोहन सोरेन, सनातन टुडू, सुकलाल टुडू,ब्रिहोत मार्डी, कृष्णा हांसदा,माझी बाबा सोमाय सोरेन, नायके बाबा सुरेश टुडू, भगीरथ सोरेन, हाड़ीराम सोरेन, सुशांत सोरेन, राखल सोरेन, धनीराम मार्डी, बलराम सोरेन, मुची टुडू, राजेश सोरेन, आकाश बास्के,सुकू हांसदा, मानसिंग टुडू, सोहरोय टुडू, अर्जुन टुडू, मोतीलाल सोरेन, दशरथ सोरेन, आदि उपस्थित थे।

## 22वें मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप के पदकवीरों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। फिलिपींस के न्यू क्लार्क सिटी स्थित एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित पांच दिवसीय 22 वें मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप के समापनोपरांत, शानदार उपलब्धियां के साथ वतन और शहर वापसी पर पदक विजेता मास्टर एथलिटों को सम्मानित करने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को जमशेदपुर, टेल्को, घोड़ाबांधा स्थित एथलेटिक एसोसिएशन आफ झारखंड के सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट संजीव कुमार तोमर के आवास पर पहुंचकर जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, समाजसेवी राजकुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह, राजीव सिंह, बालाजी और दिनेश कुमार ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राजकुमार सिंह, पंकज सिन्हा, डॉ परितोष सिंह ने पदक विजेता एथलीटों एस के तोमर, अचिंतो प्रमाणिक, अवतार सिंह और ललिता राव को उनके शानदार अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामना दिया। राजकुमार सिंह ने कहा बढ़ती उम्र के बावजूद हमारे शहर के खिलाड़ियों ने जिस उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए शहर, राज्य और देश का नाम रोशन किया है युवा पीढ़ी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिला पुरोहित ने करवाया आदर्श विवाह

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। रामगढ़िया हॉल साकची में महिला पौरोहित्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न हुआ। आदर्श विवाह इस वैवाहिक कार्यक्रम को वर पक्ष से राजेंद्र प्रसाद एवं वधू पक्ष से आनंद मार्ग की महिला पौरोहित्य तात्विक डॉक्टर आशु उपस्थित थी। बिहार के बक्सर जिला के अशोक जी के सुपुत्री आयुष्मति रूचि का विवाह जमशेदपुर के अरुण जी के सुपुत्र आयुष्मान रंजन से वैदिक मंत्र उच्चारण ॐ मधु वाता ऋतायते मधु क्षरंतु सिंधवः वैदिक मंत्र से विवाह संपन्न हुआ। वर एवं वधु पौरोहित्य के साथ 3 बार बारी-बारी से मंत्रों का उच्चारण किया। इसके बाद विवाह में उपस्थित लोग समाज को साक्षी मानते हुए परम ब्रह्म तथा मार्ग गुरुदेव के नाम पर शपथ ग्रहण कर हम इस विवाह के साक्षी हुए साथ ही साथ सभी लोगों ने एक स्वर में नव दंपति के सुखमय जीवन के लिए कामना की। इसके बाद नवदंपत्ति एक दूसरे को माला पहनाकर माला का आदान-प्रदान तीन बार किया।

## टाटा स्टील कलिंगानगर ने संचालन के 8 शानदार वर्ष पूरे किये

8 एमएनटीपीए तक क्षमता वृद्धि ओडिशा के विकास के लिए कंपनी के समर्पण की पुष्टि करती है

खबर मन्त्र ब्यूरो



कलिंगानगर स्टील प्लांट का विहंगम दृश्य।

कलिंगानगर/जमशेदपुर।ओडिशा के मध्य में स्थित, टाटा स्टील कलिंगानगर सतत औद्योगिक विकास, तकनीकी सरलता और सामुदायिक विकास की परिवर्तनकारी यात्रा का प्रतीक है। 18 नवंबर को कंपनी द्वारा भारत के सबसे बड़े कलिंगानगर स्थित ग्रीनफील्ड प्लांट को ओडिशा राज्य को समर्पित करने की 8वीं वर्षगांठ है। प्लांट की शुरूआत ओडिशा की उपजाऊ भूमि में हुई और टाटा समूह के दृष्टिकोण से निर्देशित, इस विशाल परियोजना का सफर 2004 में शुरू हुआ। इसने एक आधुनिक और पर्यावरणीय रूप से सस्टेनेबल इस्पात विनिर्माण सुविधा के लिए आधार तैयार किया है जो उद्योग के लिए मानक स्थापित करता है। टाटा स्टील कलिंगानगर का विकास अटूट प्रतिबद्धता की यात्रा है, जो प्रतिकूल परिस्थितियों पर लचीलेपन की विजय का प्रमाण है। प्रारंभिक चुनौतियों और असफलताओं पर काबू पाने के बाद, अपने लक्ष्य को साकार करने का संयंत्र का संकल्प 18 नवंबर, 2015 में एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर में परिणत हुआ। एक साल से भी कम समय के बाद, जब वाणिज्यिक परिचालन शुरू हुआ, तो न केवल टाटा स्टील और ओडिशा के लिए, बल्कि हमारे राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य के एक नए युग की शुरूआत हुई। टाटा स्टील कलिंगानगर में किया गया कार्य आज परिचालन उत्कृष्टता, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण प्रबंधन के प्रति इसके दृढ़ समर्पण का प्रमाण है। नवीन प्रौद्योगिकियों के माध्यम से, टाटा स्टील कलिंगानगर भारत में इस्पात विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक मिसाल कायम करते हुए, सतत औद्योगिक विकास के प्रतिमान के रूप में अपनी जगह बनाने में अग्रणी रही है। टाटा स्टील कलिंगानगर का बहुमुखी उत्पाद पोर्टफोलियो, ऑटोमोबाइल, तेल और गैस, बुनियादी संरचना, बिजली, जहाज निर्माण और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करता है, जो विभिन्न उद्योगों की मांगों को पूरा करने के लिए इसकी अनुकूलनशीलता और प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है। तेल और गैस अनुप्रयोगों के लिए कम सल्फर और नियंत्रित हाइड्रोजन स्तर, साथ ही लिफ्टिंग एवं एक्सकैवेशन उद्देश्यों के लिए कैल्शियम ट्रीटमेंट के माध्यम से प्राप्त क्लीन स्टील का उत्पादन जैसी उल्लेखनीय विशेषताएं, उच्च गुणवत्ता युक्त, उद्योग-विशिष्ट समाधान प्रदान करने के लिए टाटा स्टील के समर्पण को रेखांकित करती हैं। टाटा स्टील कलिंगानगर में डिजिटल परिवर्तन यात्रा किसी क्रांतिकारी कदम से कम नहीं रही है, जिसके मूल में प्लांट के डेटा-संचालित संचालन और उन्नत एनालिटिक्स-सक्षम निर्णय लेने की प्रक्रियाएं हैं।

खबर एक नजर में

## मंगल कालिंदी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



जमशेदपुर। लोक आस्था का महा पर्व छठ के अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने शुक्रवार को जुगसलाई नगरपरिषद क्षेत्र अन्तर्गत आर पी पटेल हाई स्कूल प्रांगण स्तिथ मनोकामना छठ घाट, जमशेदपुर प्रखंड के राहरगोड़ा शिव काली मंदिर परिसर में बन रहे छठ घाट, जमशेदपुर प्रखंड गदरा स्थित विस्वकर्मा मैदान में बन रहे छठ घाट और जमशेदपुर प्रखंड गदड़ा राधा कृष्ण मंदिर परिसर में बन रहे छठ घाट का निरीक्षण किया। व्रत के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो इसको लेकर के भी विधायक ने वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं को कुछ दिशा निर्देश दिये और साफ सफाई का भी पूरा ख्याल रखने को कहा। मौके पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## गदडा गोबिंदपुर में छठ व्रतधारियों के बीच 151 सूप, नारियल और फल वितरित



जमशेदपुर। शुक्रवार को गोबिंदपुर गदडा स्थित विकास भवन के समीप लवकुश विकास समिति द्वारा 151 सूप,नारियल, गागल, नींबू, सेव, केला, समेत अन्य फल सामग्री वितरण किया गया जिसमे मुख्य अतिथी के रूप में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस मौजूद रहे। जबकि बतौर अतिथि आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला प्रभारी प्रो रवि शंकर मौर्या, जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, प्रवक्ता अप्पू तिवारी, जिला सचिव अरूप मल्लिक मौजूद रहे। व्रतधारियों के बीच रामचंद्र सहिस ने लोक आस्था के महापर्व छठ पर क्षेत्र की उन्नति, प्रगति, और कल्याण हेतु आशीर्वाद मांगा साथ ही क्षेत्र के समुचित विकास और सुख समृद्धि की कामना किए। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से विकास समिति के देवेंद्र सिंह, संजय सिंह, मुखिया जूही बेसरा, देवेंद्र कुमार सिंह, बंशीलाल सिंह, धर्मवीर सिंह, लखी कांत महतो, वीरेन स्वर्णकार समेत अन्य मौजूद रहे।

## विशेश्वर खां छठ घाट छठ के लिए तैयार



जमशेदपुर। श्री विशेश्वर खां सार्वजनिक छठ घाट, सिदगोड़ा छठ के लिए सज-धज कर तैयार हो गया है। घाट का साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते छठ घाट कमिटी के मुख्य संरक्षक विजय खां ने कहा कि इस छठ घाट में 600 से 700 श्रद्धालु दूर दूर से छठव्रती माताएं बहनें उपस्थिति होती है यहां पर छठव्रती एवम श्रद्धालु के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कमिटी द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर कमिटी के छठ घाट कमिटी के कोषाध्यक्ष अमन राय, चंदन पांडे,भोला खां, सौरव झा, अधिवक्ता बिशेष खां, विवेक राज, जैकी कुमार, आकाश झा, गौरव खां, मनोज कामत, अंकित राय, आजाद झा, प्रथम कुमार, दीपक झा,उपस्थिति थे।

## तिरुपति संस्था ने व्रतियों के बीच बांटी छठ सामग्री



जमशेदपुर। तिरुपति संस्था संस्था की तरफ से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ महापर्व पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड, झारखंड की निदेशक सह तिरुपति संस्था की सचिव संगीता तिवारी, महामंत्री सह तिरुपति संस्था की प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर शशि आचार्या के नेतृत्व में साड़ी, अगरबत्ती, कद्दू, सूप नारियल गागर नींबू के साथ जरुरत मंदों के बीच फल का वितरण किया गया। मौके पर शशि आचार्या ने कहा कि छठ महापर्व लोक पर्व के साथ प्राकृतिक व्रत ही नहीं अपितु यह सृष्टि का महापर्व है। छठ महापर्व परिवार की महत्ता के साथ सामूहिकता का संदेश देने वाला होता है। इसमें खेती, फल फूल, नदी तालाब, सुगा पक्षी, आस पड़ोस सब शामिल होते हैं। ऋग्वेद सबसे पुराने वेद में सूर्य उपासना का वर्णन है, त्रेता युग में पहली बार मुंगेर में यह छठ महर्षि मदगुल के आश्रम में हुआ था, द्वापर युग में धौम्य ऋषि के कहने पर द्रौपदी ने यह छठ पर्व किया था इस तरह इस पर्व के बारे में अनेकों कहानी है जिसे लोग परिवार एवं समाज के साथ इस पर्व को स्वच्छता और श्रद्धा पूर्वक करते हैं। कार्यक्रम में निदेशक संगीता तिवारी,महामंत्री शशि आचार्या, रीना सिंह, संगीता सिंह, संध्या सिंह, मुस्कान सिंह, रजिया बेगम, सुजित खलको, सीमा कौर, शर्मिला सिंह पूजिता झा, राधा, पिंकी, लावण्या भगत, अभिषेक सिंह, रूपेश आचार्य, उदय चंद्र, कृष्ण चालक, शिवा ने आर्थिक एवं शारीरिक रूप से योगदान सराहनीय रहा।

## नारायण आइटीआइ में मनाया गया लाला लाजपत राय का शहादत दिवस



चांडिल/जमशेदपुर। नारायण आईटीआई संस्थान लुपुंगडीह चांडिल में लाला लाजपतराय की पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडेय ने कहा कि लाला लाजपत राय (28 जनवरी 1865-17 नवंबर 1928) एक भारतीय क्रांतिकारी, राजनीतिज्ञ और लेखक थे, जिन्हें आम तौर पर लाला लाजपत राय के नाम से जाना जाता था। ('लाला' शब्द सम्मानसूचक है।) उन्हें पंजाब केसरी और 'पंजाब दा शेर' के नाम से भी जाना जाता था, जिसका शाब्दिक अर्थ है 'पंजाब का शेर'। वह लाल बाल पाल तिकड़ी के तीन सदस्यों में से एक थे। इस मौके पर एडवोकेट निखिल कुमार, शांति राम महतो, कृष्णा पद महतो, देव कृष्ण महतो, पवन कुमार, अजय मंडल, गौरव महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## श्यामदेवा ट्रस्ट ने छठ व्रतियों के बीच बांटे 501 सूप, फल और साड़ी



जमशेदपुर। लोकास्था के महापर्व छठ पूजा के पहले दिन नहाए खाए के पावन अवसर पर श्यामदेवा ट्रस्ट की ओर से 501 छठ व्रतियों के बीच नि:शुल्क सूप, फल, गन्ना, साड़ी एवं आम की लकड़ी का वितरण किया गया मौके पर ट्रस्ट के अजय श्रीवास्तव, बिजय श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, शशांक शेखर, निशांत शेखर उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बिहार के पूर्व मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ए के श्रीवास्तव, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, राजकुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह, अभय सिंह, संजीव सिन्हा, राजीव सिंह, ओमप्रकाश सिंह, पंकज जांघेल, अभिषेक श्रीवास्तव, अविनाश मोहंती, विजेंदर सिंह, रंजिता वर्मा, राजकुमार सिंह, राघव कुमार, राजेश ठाकुर, सुजीत वर्मा, कैलाश ठाकुर, राध्येश्याम बाग, नवीन, ललित, मनीष, नीरज, बबलू, गोपाल, इंद्रजीत, मनोज आदि उपस्थित थे।

## बारीडीह झामुमो ने व्रतियों में बांटे सूप और लौकी



जमशेदपुर। शुक्रवार को बारीडीह झामुमो कार्यालय में आस्था के महापर्व छठ के नहाए खाए के दिन जमशेदपुर नगर समिति के तरफ से 200 सूप एवं डेढ़ क्विंटल कद्दू, वितरण किया गया। इसके अलावा संध्या अर्द्ध देने जाते समय भी व्रतियों के बीच दूध, दातुवन वितरण करेगा। दूसरे दिन सुबह कॉफी बिस्किट का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष दल गोविंद लोहारा के अलावे चारु चंद किसकु, तरुण दे, विश्व कुंभकार, अयोध्या गोप, राजू लोहार, उमाकांत दास, मोनू सिंह, अभिषेक गॉड, बंबा नमता, विष्णु नाग, कृष्णा लोहार आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से कलाकारों की निखरती है प्रतिभा : विधायक



**सतबरवा पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड सतबरवा के ग्राम घुटवा में दीपावली के शुभ अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण सह सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों ने झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर विधायक ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल लोगों के मनोरंजन का साधन ही नहीं है बल्कि कलाकारों की प्रतिभा निखारने का मंच है। कहा कि गीत संगीत से लोग व्यस्त समय में राहत पाते हैं। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### छठ व्रतियों के बीच महान क्लब ने किया सूप-दउरा का वितरण



**चैनपुर( पलामू )।** नगर निगम क्षेत्र चैनपुर बाजार मोहल्ला में महान क्लब द्वारा छट व्रतियों के बीच तीन हजार सूप दउरा का वितरण किया गया। इस अवसर पर महान क्लब द्वारा चैनपुर क्षेत्र के आसपास से आए व्रतियों को पूजन सामग्री सूप दउरा का वितरण किया। वार्ड पार्षद विनोद कमलापुरी ने कहा की व्रतियों के लिए पूजन सामग्री वितरण किया गया और कहा की हिंदुओं के लिए आस्था का यह पवित्र और महान पर्व है। भिक्षाटन कर इस पर्व को करने की परंपरा युगों युगों से चला आ रहा है। आज हर सक्षम व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर वितरण करते महंत शंकर दास, मनोज सिंह, दिलीप कुमार सोनी, राजू कुमार सोनी, अमित कुमार सोनी,अमन मालाकार, राजेंद्र आर्य, राजेंद्र मालाकार, दिनेश कश्यप, दीपक कुमार गुप्ता, रूपेश कुमार सोनी, प्रीतम कुमार, श्याम दास,वार्ड पार्षद विनोद कुमार कमलापुरी, राज गुप्ता तथा क्लब के सभी सदस्य सहित बड़ी संख्या में छठ व्रतीयो उपस्थित थे।

### छठव्रतियों की पूजन सामग्री वितरण के लिए की जा रही पैंकेजिंग



नीलाम्बर–पिताम्बरपुर पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता की पत्नी किरण मेहता और उनकी सुपुत्री सिमी और सुपुत्र अश्विन शौर्या मेहता ने इस शुभ कार्य के लिए जायजा लिया। मौके पर सभी ने अपने से छठ पूजा के सामग्री साथ में पेकिंग किया। साथ ही भाजपा कार्यकर्त्ताओं को सभी घर तक पूजन सामग्री वितरण करने को कहा। मौके पर निजी सचिव विरेन्द्र सिंह एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। मौके पर किरण मेहता ने कहा कि छठव्रतियों की हर सुविधा का ख्याल रखा जायेगा। उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो इसे लेकर संकल्पित हैं। छठ पर्व शुद्धता का प्रतीक है व्रती इसका ख्याल रखेंगे।

### कद्दू व आम की लकड़ी वितरित



चैनपुर पलामू। चैनपुर बाजार मोहल्ला में महान क्लब द्वारा छठ व्रतियों के लिए कद्दू एवं सूखी आम की लकड़ी का वितरण किया गया। शुक्रवार को महान क्लब के द्वारा वितरण करते गुरु बाबा और मनोज दास ने छठ व्रतियों के लिए कद्दू व आम की लकड़ी का वितरण किया गया। मौके पर मनोज दास ने कहा कि छठ महापर्व हिंदुओ की आस्था का महापर्व है। इस महापर्व के लिए छठव्रतियों का सहयोग करना बहुत ही सौभाग्य की बात है। महान क्लब के सदस्य हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेती है। इसलिए छठ महापर्व के मौके पर छठव्रतियों के लिए कद्दू व आम की लड़की का वितरण किया गया। मौके पर मृत्युंजय पाठक, दिलीप सोनी, राजू सोनी, अमित सोनी, अमन मालाकार, दीपक गुप्ता, दिनेश कश्यप,राजेंद्र मालाकार, राजेंद्र आर्य, वार्ड पार्षद विनोद कमलापुरी, विजय कमलापुरी, रूपेश सोनी सहित कई लोग उपस्थित थें।

### मुखिया ने करायी छठ घाट की साफ-सफाई



**चैनपुर( पलामू )।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पतरिया खुर्द पंचायत के कटुअल छठ घाट की सफाई एवं सुंदरीकरण शुक्रवार को कराया गया। पूजा को लेकर छठ घाट की साफ सफाई, रंगाई एवं रोशनी की व्यवस्था प्रारंभ कर दिया गया है। जेसीबी और मजदूरों के द्वारा छठ घाट की सफाई कराई गई। सफाई और सुंदरीकरण कार्य विवेक सिंह और मुखिया संघ के उपाध्यक्ष रानी सिंह के नेतृत्व में लोगों के द्वारा घाट की साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। विवेक सिंह नें बताया कि छठ का अर्घ्य देने में किसी को कोई परेशानी नहीं हो उसको लेकर व्यवस्था की जा रही है। सफाई कार्य में मंगल सिंह, प्रणव सिंह, शिवम सिंह, हिमांशु सिंह, टिंकू चौधरी, सुमित सिंह, प्रिंस कुमार, प्रमोद सिंह, ललित सिंह आदि का सराहनीय योगदान देखा गया।

### हरिहरगंज : एसडीओ व डीएसपी ने छठ घाट का निरीक्षण किया



**हरिहरगंज पलामू।** स्वच्छता व सुचिता का प्रतीक के महापर्व छठ को लेकर शुक्रवार को छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार, एसडीपीओ अजय कुमार, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, सीओ यमुन रविदास, थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने शहर के बटाने नदी स्थित छठ घाट तथा कटैया घाट का निरीक्षण कर तैयारियां का जायजा लिया। अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस महापर्व में सभी नागरिकों को सहयोग करना चाहिए। कानून व्यवस्था तथा सुरक्षा को लेकर प्रशासन सजग है।

### छठ को लेकर सूप तथा गुड़ का वितरण



**हरिहरगंज पलामू।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर सामाजिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा छठ व्रत के बीच सामान का वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा के स्थानीय इकाई द्वारा पुरानी बस स्टैंड स्थित भाजपा कार्यालय पर व्रतधारियों के बीच सूप का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, चंदन जायसवाल, दिनेश प्रसाद, सत्येंद्र पासवान, सिकंदर पासवान, करण राजवीर, अमित कुमार, अशोक सिंह, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं वैश्य जागृति मंच ने व्रतीयों के घर जाकर गुड़ का पैकेट वितरण किया। मंच के संरक्षक भोला प्रसाद गुप्ता ने कहा कि महापर्व छठ करने वालों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर अध्यक्ष गंगा जायसवाल, रामकुमार, पंकज कुमार, अजय स्वर्णकार, संजय रूद्र, राजेश कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### नवयुवक संघ ने किया छठ घाटों की सफाई



**पाटन पलामू।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हिसरा बरवाडीह में नवयुवक संघ छठ पूजा समिति के द्वारा छठ घाट सफाई कराया गया। मौके पर सत्येन्द्र राम (समाजसेवी) मंटू शुक्ला, आनद सिंह, अरूण सिंह, जीतू सिंह, बीटू सिंह, सुकन राम, अभिजित तिवारी, कमलेश शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, अभिनंदन राम, ददन राम, अजीत सिंह, सचिन पासवान, मुन्ना सिंह, मनीष सिंह, धनपत राम, मनोज मेहता, निखिल शुक्ला, रौशन सिंह, दीपक सिंह, आजाद सिंह, धर्मेंद्र राम, कमलेश पासवान, दीपक गुप्ता, अजय मेहता, बहादुर मेहता, गुडु सिंह, भरोसा सिंह, बबलू सिंह समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

# भगवान भास्कर परिवार और शहर पर कृपा बनाये रखें : अरुणा शंकर





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से नागरिक मंच के नेतृत्व में शुक्रवार को चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब प्रांगण मैं नागरिक मंच के नेतृत्व में एवं कोयल रिवर फ्रंट गंगा आरती मंच मैं चेंबर परिवार के नेतृत्व में छठ व्रत करने वाले हजारों श्रद्धालुओं के बीच छठ सामग्री का निशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर अरुणा शंकर ने कहा कि श्रद्धा एवं आस्था से मनाय जाने वाला यह हिंदुओं का सबसे महान पर्व है। उन्होंने कहा कि हम सब सूर्य की आराधना कर अपने परिवार एवं समाज के लिए कृपा बनाने की आराधना करते हैं। उन्होंने भगवान सूर्य से कामना की कि हमारे परिवार एवं शहर पर अपनी कृपा बनाए रखें। इस अवसर पर चैनपुर नागरिक मंच के सदस्य काशी प्रसाद कमलापुरी, वीरेंद्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद, सुरेश कुमार, अशोक दास, दिनेश कमलापुरी, पप्पू कुमार, चंदू कमलापुरी एवं अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित थे। सदस्यों ने प्रथम महापौर को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उमेश गुप्ता ने किया। मौके पर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के रीजनल उपाध्यक्ष आकर्ष आनंद, विक्रम सिंघानिया पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष आनंद शंकर, भाजपा के अविनाश कुमार वर्मा, चेंबर उपाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद अग्रवाल, सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, आलोक माथुर, रितेश कुमार, प्रदीप कुमार बाबुल, रिंकू दुबे, सुधांशु शेखर, सुनील गुप्ता, सुबोध गुप्ता , प्रेम जैसवाल, राजीव उपाध्याय, नीरज, अरविंद अग्रवाल, मनीष भिवानिया, सरदार भूपेंद्र सिंह, पुनीत, बद्री प्रसाद, संजय भगत आदि सदस्यों ने प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने किया।

### पांकी विधायक ने छठव्रतियों के बीच किया पूजन सामग्री का वितरण

# छठ मैया की महिमा है अपरंपार : डॉ शशिभूषण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने शुक्रवार को नीलाम्बर पीताम्बर पुर स्थित मौर्या हाऊस में आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर पांकी विधानसभा क्षेत्र के छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया। मौके पर सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, नीलांबर पीतांबरपुर थाना प्रभारी गौतम कुमार राय, तरहसी थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान, लाला प्रसाद यादव, बच्चन ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे। वहीं गुरुवार के रात्रि में प्रखंड क्षेत्र के घुटूआ गांव में आयोजित भक्ति जागरण का फीता काटकर विधायक डॉ मेहता ने उद्घाटन किया। इस दौरान डॉ मेहता ने कहा कि कुछ विरोधी पार्टी के नेता क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर लोगों को दिग्भ्रमित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। मगर, मनातू से लेकर सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायत में विकास के कार्य तेजी गति से चल रहा है साथ ही साथ आने वाले दिसंबर माह में कई बड़ी योजनाओं का शिलान्यास भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के 36 हजार छठ व्रतियों के बीच धोती, साड़ी, कंबल के साथ-साथ पूजन सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य तेजी गति से चल रहा है ताकि छठ व्रतियों को पूजा को लेकर परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस दौरान उन्होंने आयोजन कमेटी को पन्द्रह हजार रुपए की राशि देकर सहयोग भी किया तथा छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नीलांबर पितांबरपुर के प्रखंड प्रमुख संतोष पासवान, उप प्रमुख पति संदीप यादव, सतबरवा प्रखंड प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, राणा प्रताप कुशवाहा, लाला यादव, आशीष सिन्हा, अजय उरांव, चंचल यादव, अनुज चंद्रवंशी, मुकेश, अशोक, महेश यादव, अजय तिवारी, सेठा यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जायसवाल टिंबर में 18 को डीएफओ छठव्रतियों के बीच आम की लकड़ी का करेंगे वितरण

रेडमा 2 नंबर टाउन टीवीएस शो रूम के बगल स्थित जायसवाल टिंबर के नये स्थान से होगी लकड़ियां वितरित : जिला पार्षद अमित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के रेडमा दो नंबर टाउन रोड स्थित जायसवाल टिंबर के नए स्थान परिसर में छठव्रतियों के बीच बतौर मुख्य अतिथि डीएफओ सौमित्र शुक्ला 18 नवंबर को दिन के 11 बजे से सूखी हुई आम की लकड़ियां वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब उनका आरा मशीन (जायसवाल टिंबर) रेलवे की जमीन से हटाकर रेडमा 2 नम्बर टाउन टीवीएस शोरूम के बगल में शिफ्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दशक से जायसवाल टिंबर के सौजन्य से शहर के तिकोनिया गैरेज के निकट छठव्रतियों के बीच आम की सूखी लकड़ियों का वितरण किया जाता रहा है। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित जायसवाल एवं डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि सामाजिक दायित्वों के तहत इस वर्ष छठ व्रतियों के बीच 18 नवंबर को जायसवाल टिंबर के नए स्थान परिसर से सूखी आम की लकड़ियां वितरण करने का तिथि मुकर्रर की गई है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अरुण कुमार जायसवाल ने बताया कि वितरण के समय व्रतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसे ध्यान में रखते हुए वितरण की विशेष तैयारी व व्यवस्था कर ली गयी है। ताकि सभी व्रतियों को प्रसाद बनाने के लिए सुखी हुई आम की लकड़ियां उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने छठ व्रतियों से अनुरोध किया है कि निर्धारित समय पर पहुंचकर आम की लकड़ी प्राप्त कर उन्हें अनुगृहीत करें।

# नगर निगम ने किया टेंडर मैनेज राशि की हुई बंदरबांट : त्रिपाठी

अधिक रेट पर टेंडर होने से सरकार को करोड़ों रूपये की हुई है क्षति



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने पलामू सहित झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम तेज करने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व मंत्री त्रिपाठी ने कहा कि पलामू में भ्रष्टाचार चरम पर है। उप उपायुक्त कार्यालय सहित अन्य सरकारी दफ्तरों में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता। सरकार ने शहर के विकास के लिए 500 करोड़ रुपए मेदिनीनगर नगर निगम को आवंटित किया। लेकिन टेंडर मैनेज कर करीब 100 करोड़ रुपए सरकारी राजस्व का बंदरबांट कर लिया गया। डीडीसी रवि आनंद निगम के नगर आयुक्त के प्रभार में थे। उनके कार्यकाल में अधिकांश योजनाओं का टेंडर हुआ और अंधेरगर्दी मची। टेंडर में दो से तीन संवेदक को शामिल कर शिडयुल दर पर काम दिया गया। इस तरह निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर, डीडीसी सह नगर आयुक्त एवं कार्यपालक अभियंता नसीम अली की मिलीभगत से टेंडर मैनेज कर सरकारी राशि का बंदरबांट किया गया। पूर्व मंत्री ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर इस मामले की जांच एसीबी से कराने की मांग किया है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि वे राज्य के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव से भी मिलकर सारी स्थिति से अवगत कराएंगे। पलामू उपायुक्त से भी अपने स्तर से पूरे मामले की जांच करने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पलामू के किसी भी विधायक ने बोलना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार और उसमे कांग्रेस भी शामिल है। इस कारण वे भ्रष्टाचार के मामले में चुप नहीं रह सकते। मौके पर केडी सिंह, परमदेव सिंह, रंजन दूबे, रामप्रवेश सिंह, अरविंद पासवान, गणेश रवि सहित कई लोग मौजूद थे।

## सामाजिक संस्था प्रेरणा परमार्थ शाखा के सदस्यों ने आम की लकड़ी वितरित की





**विश्रामपुर पलामू।** नप अंतर्गत रेहला स्टेशन रोड स्थित बंशीधर सेवा समिति चिकित्सा संस्थान पर प्रयागराज की धार्मिक सामाजिक संस्था प्रेरणा परमार्थ आश्रम की स्थानीय शाखा द्वारा महापर्व छठ पूजा के प्रारंभ दिवस नहाय खाय व्रत पर 500 व्रतियों के बीच नि:शुल्क आम की सूखी लकड़ी का वितरण किया गया। इसके साथ ही महिला व्रतियों को व्रत करने हेतु साड़ी प्रदान किया गया। इस नेक पुनीत कार्य के प्रारंभ में मुख्य अतिथि व वनांचल डेंटल मेडिकल कॉलेज, फरटीया के चेयरमैन दिनेश सिंह के साथ स्थानीय इकाई अध्यक्ष रणजीत सिंह और पचास परमार्थियों ने अघोराचार्य बाबा कीनाराम जी महाराज, अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी, औघड़ संभव राम जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना तथा नमन किए। इस पुनीत कार्य के वितरण में शिक्षाविद् अरुण कुमार सिंह के अलावा सदस्य धर्मेंद्र चौधरी, डॉ विश्वजीत सिंह, महावीर साव, संजू सिंह, रणधीर सिंह, कृपाशंकर सिंह, नीरज सिंह, अमित कुमार बाबुल, आलोक सिंह, मुन्ना सिंह सहित सेंगर परिवार के युवा सदस्यों ने इसमें हाथ बंटाया।

## संतान को समर्पित है छठ पूजा, करने से पूर्ण होती है मनोकामना : डॉ मेहता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निसंतान दंपत्तियों द्वारा संतान प्राप्ति के लिए छठ पूजा की जाती है। साथ ही छठ व्रत करने से संतान की सेहत अच्छी बनी रहती है, और उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त होती है। यह पूजा मूल रूप से संतान के लिए की जाती है। बिहार-झारखंड के साथ साथ देश में रहने वाले लोगों को छठ महापर्व का बड़ी बेसब्री से इतंजार रहता है। उक्त बातें पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहात ने कही। विधायक ने कहा कि छठ का महापर्व उनके लिए बेहद खास और उत्साहवद्धक होता है। दूसरे शहर में रह रहे लोग भी हर हाल में अपने गांव अपने घर वापस आते हैं। छठ महापर्व को पूरा परिवार एकजुट होकर एक साथ मनाता है। शुक्रवार को नहाय खाय के साथ इस पर्व की शुरूआत हो चुकी है। इसी सिलसिले मे इस साल भी विधायक मेहता का आवास मौर्या फॉर्म हॉउस छठ मईया के गीतों के साथ पूरा भक्तिमई वातावरण मे डूबा हुवा है।

### नुजीवीडू सीड्स कंपनी ने किया किसान गोष्ठी का आयोजन



**पाटन पलामू।** नुजिवीडू सीड्स कंपनी के द्वारा ग्राम–खरौंधा, ब्लॉक–पाटन डालटेनगंज में हाइब्रिड धान एक्स–5 के प्लॉट पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के रीजनल मैनेजर सतीश कुमार मौजूद थे। सतीश ने बताया कि 5 धान किसान के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस धान में लंबी और घनी बालिया, भरे हुए दानों की अधिक संख्या और रोग के प्रति सहनशील है। कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी नागेन्द्र धर दुबे ने बताया कि किसान के लगातार भरोसे पे खरा उतर रही है। कंपनी और क्वालिटी बीज लगातार किसानो को उपलब्ध करा रही है। मौके पर रिटेलर रहीम अंसारी, बब्लू प्रसाद, किसान अनुज सिंह, कंपनी, राकेश सिंह कर्मचारी साकेत कुमार दुबे, अंकित कुमार समेत किसान शामिल थे।

### हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**चैनपुर/रामगढ़।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ रमकंडा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की शाम 4:00 बजे एक हाइवा ने मोटरसाइकिल को तिखी मोड़ कुटी के समीप धक्का मार दी जिससे एक की युवक की मौत हो गई है। वही मोटरसाइकिल पर सवार दूसरे युवक का दोनों पैर चकनाचूर हो गया है। घटना के सूचना मिलने के बाद चैनपुर पुलिस दलबल के साथ पहुंचकर एंबुलेंस से शव एवं घायल कलीम अंसारी का बेटा असगर अंसारी को अस्पताल भिजवाया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रामगढ़ थाना क्षेत्र के धावा गांव निवासी विनोद केसरी का 20 वर्षीय बेटा प्रिंस केसरी की मौत हो गई है। वहीं उसके साथ बाइक पर बैठा हुआ धावा गांव के ही असगर अंसारी गंभीर रूप से जख्मी है। प्रिंस मेदिनीनगर से कपड़ा खरीद कर अपने घर धावा जा रहा था। इसी बीच कुटी मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे डस्ट लदा हाईवा सीधा टक्कर मार दी जिससे प्रिंस के पेट पर चक्का चढ़ गया एवं असगर अंसारी का दोनों पैर पर चक्का चढ़ जाने से गंभीर घायल हो गया है। वहीं हाईवा भी अनियंत्रित होकर पलट गया है। हाईवे किसका है यह पता लगाया जा रहा है। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। चैनपुर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने ले आई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनो को ढाढ़स बंधाते हुए घटना पर दुख व्यक्त किया है।

### नक्सलियों ने टावर निर्माण बंद करने की दी धमकी

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र महुडंड के लोहबंधा गांव में एयरटेल का निमार्णाधीन टावर के कार्यों को नक्सलियों द्वारा लेवी मांगेजाने का मामला प्रकाश में आया है, पुलिस को सूचना मिली की लोहबंद्या गांव में सतेंद्र यादव के घर के बगल में एयरटेल टावर का निमार्ण कार्य चल रहा है उस निर्मान कार्य से लेवी को लेकर माओवादी संगठन के चार पांच की संख्या में बीते 14नम्बर की रात करीब साढ़े सात बजे पहुंचकर निमार्ण कार्य को बंद कर दी और काम कर रहे लेबर को आगे काम नहीं करने की बात कही और धमकी दिया की अगर काम करोगे तो अंजाम बुरा होगा। सत्यापन के लिए पुलिस धटनास्थल पर पहुंची। काम कर रहें मजदूर ने बताया की चार–पांच की संख्य में माओवादी संगठन के लोग हथियारों से लैस होकर निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच कर कार्य को बंद करा दिया और कहा कि जब तक संवेदक द्वारा लेवी का फाइनल नहीं होता है काम बंद रहेगा। गांव वाले को भी धमकी दिया की जो लोग टावर निर्माण कार्य में मदद करेंगे उसे किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। इस मामले को लेकर पुलिस ने पांच नामजाद और अन्य अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने आदिम जनजातियों के बीच किया राशन व कंबल का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू पलामू।** झारखंड सरकार के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे मनातू। मंत्री ने डुमरी पंचायत के आदिम जनजाति के बीच डाकिया योजना के तहत किया राशन व कंबल का वितरण किया। मनातू प्रखंड के स्थित पीडीएस गोदाम मनातू मार्केटिंग ऑफिसर देव प्रिय एवं बीडीओ सुनील प्रकाश के उपस्थिति में मनातू के डूंमरी पंचायत के आदिम जनजाति परिवार के बीच सभी गरीबो को राशन व कंबल का वितरण सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता के द्वारा किया गया। मौके पर मंत्री ने कहा कि यह डाकिया योजना सरकार द्वारा चलाया गया है, जो आदिम जनजाति परिवार को गोदाम से उठाकर उनके घर तक राशन को पहुंचाया जाता है,जिसे आदिम जनजाति परिवार को काफी सहूलियत होती है ,जो आज मैं खुद मनातू गोदाम पहुंचकर ठंड को देखते हुए एवं छठ महापर्व को लेकर उससे पहले राशन का वितरण कर दिया गया। मौके पर प्रखंड कार्यालय के अनिल राम, जन वितरण प्रणाली के दुकानदार राजद कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल थे।

## नगर अध्यक्ष व भाजपा नेताओं ने छठ व्रतियों के बीच गेहूं का वितरण किया



हुसैनाबाद पलामू। शहर के दिनेश चौक स्थित उत्तर कोयल नहर के जमुहारी माई छठ घाट परिसर में छठ व्रतियों के बीच चार धाम पूजा कमिटी एवं नगर अध्यक्ष शशी कुमार, भाजपा नेता रविन्द्र कुमार सिंह पूर्व नगर उपाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, पूर्व वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता आदि ने 100 छठ व्रतियों के बीच निशुल्क गेहूं का वितरण किया। रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि छठ महापर्व पर व्रतियों के बीच गेंहू का वितरण कर श्री चार धाम मंदिर व जमुहारी माई छठ पूजा समिति ने सराहनीय कार्य किया है। शशि कुमार ने इस कार्य को प्रसंशनीय बताया। अजय गुप्ता ने बताया कि जमुहारी माई में छठ घाट पर पिछले 7 वर्षों से छठ पूजा व मेला का आयोजन होता आ रहा है। छठ पर्व के नहाए खाए के दिन समिति द्वारा व्रतियों के बीच नि:शुल्क गेहूं का वितरण किया जाता है। शनिवार खरना के दिन व्रतियों के बीच फलाहार का वितरण व सोमवार को भव्य भंडारा का आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा। सतेंद्र गुप्ता, मुकेश पटेल, पवन चन्द्रवंशी, शिवपूजन प्रसाद, दीनानाथ कुमार, उपेंद्र यादव, प्रदीप पटेल, प्रवीण पटेल, जयश्री बैठा, शिवरतिया देवी, बिंदा देवी, देवनारायण भगत, सोमारू राम आदि महिला पुरुष मौजूद थे।

## तरहसी पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधी को किया गिरफ्तार



तरहसी पुलिस की गिरफ्त में अपराधी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** तरहसी पुलिस ने गश्ती अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम सेलारी पंचायत भवन स्थित शिव मंदिर के सामने अवैध हथियार देशी पिस्तौल व गोली के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार अपराधियों में करण सिंह उर्फ सुरज सिंह पिता स्व लखराज सिंह व सौरभ पासवान पिता संजय कुमार पासवान ग्राम छकनाडीह का नाम शामिल है।

तरहसी थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अपराधियों के पास से हथियार व गोली बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधी हथियार का भय ग्रामीणों को दिखाया करते थे। साथ लूटपाट की घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। तरहसी पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी अभियान में तरहसी थाना के पुअनि सुमित कुमार दास, पुअनि भोला राणा, पुलिस सकेंद्र कुमार, संतोष लाल, शशिरंजन शामिल थे।

## नहाय-खाय के साथ चार दिनी महापर्व छठ शुरू, खरना आज



**मेदिनीनगर।** लोक आस्था का महान पर्व छठ जिले में नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिनों तक चलनेवाले इस महापर्व को लेकर आस्था का माहौल उमड़ रहा है। छठव्रतधारियों ने कोयल नदी, अमानत नदी व अन्य जलस्त्रोतों पर स्नान कर भगवान भुवन भाष्कर को नमन किया। इसके बाद पारंपरिक रूप से घर पहुंचकर शुद्ध व सात्विक भोजन ग्रहण किया। खासतौर पर अरवा चावल, चना दाल व लौकी की सब्जी प्रसाद के रूप में ग्रहण कर व्रतियों ने उपवास शुरू कर दिया है। दूसरे दिन छठव्रती दिन भर उपवास रखकर खरना संपन्न करेंगे। इसके बाद तीसरे दिन संध्या में पहला अर्घ्य भगवान सूर्य को दिया जायेगा। चौहो दिन उदियमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व संपन्न होगा। व्रतियों के लिए कोयल तट किनारे चित्रगुप्त घाट, गिरिवर स्कूल घाट, अग्रवाल क्लब घाट, टाउन हॉल घाट, अग्रसेन भवन घाट, शिवाला रोड घाट, पंपूकल सूर्य मंदिर घाट, हमीदगंज का सूर्य मंदिर घाट की सफाई कर पूजा के लिए तैयार किया गया। इधर छठ पूजा को लेकर नीलांबर पीतांबर प्रखंड में लोगों का उत्साह देखा जा रहा है। व्रती जलस्त्रोत में स्नान कर भगवान सूर्य को जल दिया। इसके बाद अपने घर आकर चावल व लौकी की सब्जी भोजन किया। जलाशयों पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## प्रशासन एनएच 75 के रैयतों के मुआवजे पर ढुलमुल रवैया अपनाना बंद करे : विवेका



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** सदर अंचल मेदिनीनगर के द्वारा एन एच 75 के भूमि अधिग्रहण मुवाबजा मामले में रैयतों के साथ कागजी प्रक्रिया के निस्पादन के नाम पर टालमटोल की नीति अपना रही है और रैयतों को बेवजह परेशान करने का काम किया जा रहा है। इसपर संज्ञान लेने की जरूरत है।

उक्त बातें इंटक के प्रदेश सचिव विवेकानन्द त्रिपाठी ने प्रेस को विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है। उन्होंने कहा कि गैर मजरूवा मालिक जमीन को रैयति मान्यता देने संबंधी मामले में सभी कागजात जमा कर लेने के बावजूद अभी तक मुआवजा की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है जबकि एन एच 75 का कार्य प्रगति पर है और बिना रैयतों को मुआवजा दिए अंचल प्रशासन एन एच 75 के संवेदक के साथ मिलकर जबरदस्ती कार्य करने हेतु किसानों पर दबाव बना रही है।

त्रिपाठी ने कहा कि मै सदर अंचल की जनता के तरफ से सरकार एवं जिला प्रशासन से आग्रह करता हूं कि सदर अंचल की कार्यशैली में सुधार करते हुए किसानों रैयतों को उचित मुआवजा दिलाने का कष्ट करें।

स्पीड न्यूज

## धनबाद विधायक ने छठ व्रतियों में किया साड़ी वितरण

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा के द्वारा शुक्रवार को गाँधी रोड, धनबाद के बरमसिया (शनिमंदिर),बेकार बाँध दुर्गा मंडप,ग ोधर, केंदुआ 5 नंबर, करकेंद, पुटकी, पंडरकनली,बरारीकोप,कुस्तोर आदि जगहों पर छठ व्रतीयो के माताओं-बहनों के बीच लगभग पंद्रह सौ साड़ी वितरण करते हुय कहा कि सभी माताओं-बहनों को इस छठ महापर्व को लेकर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा जो भी माता बहन करती है। उनको साड़ी का वितरण कर प्रार्थना करते है ।की छठ मईया सभी को निरोग रखे ।ओर सब पर अपना आशीर्वाद बनाये रखे ।मोके पर राजेश गुप्ता, सचिन पासवान,महेंद्र वर्णवाल,रवि सिन्हा, बालमुकुंद राम,मिथुन ठाकुर, रंजय सिंह, मनजीत सिंह,मनोज मालाकार,रमेश वर्मा, हरकुलश चौहान, प्रियंका सिंह, सदानन्द वर्णवाल आदि मौजूद रहे।

## जल संरक्षण संकल्प अभियान की शुरुआत

**धनबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर्यावरण विभाग, कतरास नगर के द्वारा जल संरक्षण संकल्प अभियान की शुरूआत जल को साक्षी मान कर किया गया । सभी स्वयंसेवकों ने जल को अपने हाथ में लेकर संकल्प लिया की जल का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व बनता है तभी जल प्रदूषण से होने वाले जानलेवा बीमारियो से समाज को बचाया जा सकता है ।समाज को कूड़ा कचड़ा फूल नदी में ना फेकने का अनुरोध के साथ जागरूक भी करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में संघ के पर्यावरण प्रमुख दिवेश कुमार, सोमशेखर शर्मा, चंदन चक्रवर्ती, दीपक हाड़ी,शंकर हाड़ी,विक्की हाड़ी, बबलू हाड़ी,शिवा हाड़ी,महेश भुईयां,बबलू भुईयां,राम धर्मेंद्र भुईयां एवम निगम के सफाई कर्मी उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने छठव्रतियों के बीच बांटी पूजा सामग्री

**बेरमो।** भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने बेरमो विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न जगहो मे छठव्रतियों के बीच पूजा सामग्री वितरण किया। बताया कि हमारे समाज में अभी भी गरीबी कायम हैएजिसको लेकर हमलोग हर पर्व त्योहार में गरीबों के बीच कुछ ना कुछ वितरण करते है। जिससे गरीबों के चेहरे पर खुशहाली देखने लायक होती है। इसी को देखते छठ पूजा के शुभ अवसर पर जरूरतमंद को नए वस्त्र एवं पूजन समाग्री वितरण किया। फिर उन्होंने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य है असहायों की सहायताएभेद .भाव मुक्त एक सभ्य समाज का निर्माणए शोषण मुक्त समाजए समृद्ध समाजए शिक्षित समाजए स्वच्छ समाजए स्वस्थ समाज का निर्माण करना।

# कोयलांचल में नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** छठ पर्व की शुरूआत कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि से होती है। इस पर्व के दौरान सूर्य देव और छठी मैया की पूजा-अर्चना की जाती है। छठ का व्रत महिलाएं अपनी संतान की सलामती और उज्ज्वल भविष्य के लिए करती हैं। छठ पर्व के पहले दिन नहाए खाय मनाया जाता है। छठ मनाने वाले लोगों में इस दिन का विशेष महत्व है। शुक्रवार को लोक आस्था का महापर्व छठ नहाए खाए के साथ कोयलांचल में शुरू हुआ। चार दिनों तक चलने वाला महापर्व छठ नहाए खाए कद्दू भात के साथ आरम्भ होती है। छठ महापर्व करने वाली व्रतियों के द्वारा सुबह से ही साफ सफाई स्नान ध्यान करने के बाद कद्दू भात बनाने की तैयारी शुरू की जाती है। जिसके बाद सबसे पहले व्रती के द्वारा कद्दू भात ग्रहण किया जाता है उसके बाद प्रसाद के रूप में सभी लोग इसे ग्रहण करते हैं। वहीं जिले में कई स्थानों पर समाज सेवी संगठनों ने कद्दू का वितरण भी किया गया।





### नहाय खाय का महत्व

नहाय खाय जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट होता है स्नान करके भोजन करना। इस दिन नहाय खाय के दिन व्रत करने वाली महिलाएं नदी या तालाब में स्नान करती हैं। इसके बाद कच्चे चावल का भात, चना दाल और कद्दू या लौकी का प्रसाद बनाकर उसे ग्रहण करती हैं। माना जाता है कि नहाय खाय का यह भोजन साधक में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ता है। साथ ही यह भी माना जाता है कि इस दिन व्रत करने वाले साधक इस सात्विक द्वारा खुद को पवित्र कर छठ पूजा के लिए तैयार होते हैं। कद्दू भात के साथ ही चार दिवसीय चलने वाले छठ वहां पर्व की शुरूआत कोयलांचल में हुई शनिवार को खरना किया जाएगा। एवं रविवार को स्थलाचल गामी सूर्य को अर्ग दिया जाएगा एवं सोमवार को उगते हुए सूरज को अर्ग देकर पूजा की समापन होगी।

### व्यवसायी संघ ने किया कद्दू का वितरण

बेरमो । फुसरो व्यवसायी संघ द्वारा राम रतन हाई स्कूल ढोरी के समीप शुक्रवार सुबह छठव्रतियों के बीच कद्दू वितरण किया गया। संघ के आर उनेश ने कहा कि छठव्रतियों के बीच लगभग 3 क्विंटल 15 किलो कद्दू वितरण किया गया।

## प्राचार्य की प्रोन्नति पर खुशी की लहर

**धनबाद ।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के प्राचार्य एन.एन. श्रीवास्तव का प्रोन्नति कॉलेज मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली के द्वारा असिस्टेंट रीजनल ऑफिसर के पद पर कर दी गई है। शुक्रवार को यह खबर मिलते ही स्कूल में हर्ष का माहौल है।प्राचार्य श्रीवास्तव ने असिस्टेंट रीजनल ऑफिसर धनबाद जॉन का पदभार ग्रहण किया। कॉलेज प्रबंधिकृत कमेटी नई दिल्ली के इस निर्णय का स्वागत स्कूल के तमाम कर्मचारी व परिवार ने एक स्वर में की है। तथा इस उपलब्धि के लिए श्री श्रीवास्तव का अभिनंदन किया है। विगत 1 वर्ष से संपूर्ण विद्यालय परिवार इस उपलब्धि की आशा में थी। ज्ञात हो कि उक्त स्कूल के प्राचार्य विगत 3 वर्षो से कुशल प्रबंधन से अपनी अलग पहचान बनाई है।

# एक पत्रकार को गोली मारने के बाद दूसरे को दी गयी गोली मारने की धमकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** विगत 17 मई को बलियापुर के पत्रकार प्रबीर महतो को गोली मारकर हत्या करने की कोशिश के छः महीने बाद 17 नवंबर की अहले सुबह कोयला लदे 407 वाहन चालक ने बलियापुर के दूसरे पत्रकार को गोली मारने की धमकी दी है। यह धमकी प्रशासन के प्रति खुली चुनौती बताई जा रही है और सरेशाम किसी बड़ी घटना को अंजाम देने को लेकर अवैध कारोबारियों की धमक है। बलियापुर थाना क्षेत्र के दूधिया गाँव निवासी पत्रकार उमेश चौबे ने बलियापुर पुलिस को शुक्रवार को इसकी लिखित शिकायत की है। उन्होंने लिखित शिकायत में बलियापुर में धड़ल्ले से जारी अवैध कोयले कारोबार को बताते हुए 407 वाहन चालक द्वारा उठाकर पटकने और गोली मारने की धमकी का जिक्र भी किया है। उमेश चौबे ने गोविंदपुर की बर्थडे पार्टी से लौटने के क्रम में बलियापुर चौक पर शुक्रवार की मध्य रात्रि में भारी वाहनों के कारण जाम की स्थिति में कोयला लदे वाहन संख्या झारखंड वाहन संख्या 1699 चालक द्वारा धमकी की बात कही है।

### धड़ल्ले से जारी है कोयले का अवैध कारोबार



स्थानीय लोगों का कहना है कि बलियापुर थाना क्षेत्र के कुसमाटाँड़, परघा, गोलमारा, सुरुंगा, लालाडीह, सीधाबनी, परसबनिया, आमटाल, मुकुंदा माड़ी गोदाम और परघा में अवैध कोयले का कारोबार जारी है और देर रात इसकी ट्रांसपोर्ट की जा रही है। जिला प्रशासन इसपर अंकुश लगाने में सक्षम नहीं दिखाई दे रहा है। बलियापुर थाना प्रभारी सूबेदार यादव ने बताया कि लिखित शिकायत प्राप्त हुई है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## राजगंज : महापर्व छठ को लेकर घाटों की साफ-सफाई जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** हिंदू आस्था के महापर्व को लेकर छठ घाटों की सफाई का अभियान जारी है। राजगंज के प्रमुख छठ घाटों में से एक दलूडीह के नथ्थू बांध की साफ सफाई छठ पूजा समिति के सदस्यों द्वारा की गयी। बताते चले की दलूडीह के नाथू बांध मे राजगंज के ज्यादातर व्रती साथ ही दलूडीह, निमकी टांड, करणपुरा, काशीटांड आदि स्थानों के व्रती पहुँचते हैं। यहाँ भगवान भास्कर की साथ घोड़ों की सवारी सहित मूर्ति स्थापित कर पूजा की जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे समिति के अध्यक्ष सुनील शर्मा, महासचिव सुशील कुमार चौरसिया, कोषाध्यक्ष विशाल त्रिवेदी, उपाध्यक्ष मिथुन शर्मा, रमन शर्मा, अमित शर्मा, सचिव संतोष कुमार शर्मा, सहसचिव सुनील मिस्त्री, वीरेंद्र शर्मा, पप्पू राय ,शुभम शर्मा, किशोर शर्मा, सह कोषाध्यक्ष अजय शर्मा, आकाश शर्मा, विजय गुप्ता, विवेक त्रिवेदी, मनोज राय, पंकज शर्मा ,सागर राय, भगत राय, रतन शर्मा ,पप्पू शर्मा, महेश शर्मा, सुधीर विश्वकर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, आदि सहित सलाहकार समिति के दिलीप गोप ,दीपक मुंशी, दिलीप मिस्त्री ,हरि विश्वकर्मा, मंगल बाउरी,दिलीप कुमार शर्मा, रंजीत दे ,राजय मुंशी ,प्रमोद चौरसिया ,संतोष मिस्त्र शामिल थे।

## बोकारो : सुरक्षित गर्भ समापन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो/ कसमार।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत बहादुरपुर स्थित सहयोगिनी कार्यालय में सुरक्षित गर्भ समापन पर जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमारी किरण ने कहा कि गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन अधिनियम ;संशोधनद्ध 2021 की जानकारी ग्रामीण क्षेत्र में नहीं होने के कारण इसका लाभ महिला वर्ग को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि 20 सप्ताह से कम का गर्भकाल का गर्भ समापन के लिए गर्भवती की सहमति या यदि अल्पवयस्क या मानसिक रूप से बीमार महिला का मामला है तो उनके अभिभावक की सहमति जरूरी है। नए कानून के अनुसार 20 से 24 सप्ताह का गर्भकाल की समाप्ति के लिए गर्भवती व्यक्ति की सहमति या यदि अल्पवयस्क या मानसिक रूप से बीमार महिला का मामला है तो उनके अभिभावक की सहमति और डिकल बोर्ड द्वारा भ्रूण में असंगति का पता लगाया जाना चाहिए। कुमारी किरण ने बताया कि कसमार प्रखंड के तीन पंचायतों में महिलाओं एवं किशोरियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चल रहा है। मौके पर फुलेंद्र रविदास रवि कुमार राय प्रवीण कुमार राजकिशोर शर्मा अनिल हेंब्रम सरोज कुमार सोनी कुमारी पूर्णिमा देवी अंजू देवी विकास गोस्वामी मौजूद थे।






## छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण

**कुमारधुबी।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर शुक्रवार की सुबह एगयारकुंड प्रखंड अंतर्गत शिवलीबाड़ी दक्षिण पंचायत की मुखिया चंचल देवी एवं सामाजसेवी पप्पू यादव ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने पंचायत के फिटर लाइन, गाड़ीखाना, अस्तबल धौड़ा और कुमारधुबी बाजार सहित सभी छठ व्रतियों को महापर्व छठ पूजा की सामग्री, 150 पीस साड़ी, 150 पीस नारियल, 150 पीस लौकी के साथ गेहूं भी वितरण किया गया। वहीं मुखिया चंचल देवी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी छठव्रतीयो के बीच छठ सामग्री का वितरण किया गया।

एक नजर में

## डीडीसी धनबाद ने बराकर नदी के छठ घाट का किया निरीक्षण

**धनबाद।** निरसा छठ महापर्व आते हैं जिला प्रशासन तैयारी व व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से रेस हो गयी है। छठ पूजा के दिन छठ व्रतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो जिसको लेकर लगातार जिला के सभी छठ घाट का जिला के आला अधिकारी निरीक्षण कर रहे है इसी क्रम में निरसा के चिरकुंडा स्थित बराकर छठ घाट का निरीक्षण डीडीसी ने किया। मौके पर एगारकुण्ड बीडीओ बिनोद कुमार, चिरकुंडा नगर परिषद के ईओ संदीप पासवान , सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन रहे। डीडीसी शशि प्रकाश ने घाट पर सीसीटीवी कैमरा साफ सफाई व अन्य व्यवस्था को लेकर अधिकारियो को दिशा निर्देश दिया है। उन्होंने कहा छठ घाट आने वाली सड़क को पूरी तरह से समतल किया जाएगा ताकि अर्घ्य देने आने वालों को कोई कठिनाई नही होगी। भीड़ भाड़ जगहों पर सुरक्षा को लेकर चिरकुंडा पुलिस को भी दिशा निर्देश दिया है। इस दौरान चिरकुंडा नप निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, चिन्मय बनर्जी व छठ पूजा सूर्योदय समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई की बैठक

धनबाद। शुक्रवार को कार्मिक नगर में बसपा जिलाध्यक्ष अभय कुमार की अध्यक्षता में पार्टी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी 26 नवम्बर संविधान दिवस पर धनबाद जिला स्तरीय कार्यक्रम गाँधी सेवा सदन में आयोजित करने का निर्णय लिया गया ।बैठक में मुख्य अतिथि, जोन प्रभारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुबल दास ने कहा कि भाजपा राज में देश का संविधान खतरे में आ गया है। भाजपा सरकार पर लगातार लोकतांत्रिक मूल्यों का कुठाराघात कर कांग्रेस पार्टी का हर रिकॉर्ड तोड़ते आगे बढ़ रही है। श्रीदास ने कहा भाजपा-कांग्रेस पैसा वाली पार्टी जबकि बसपा देश की बड़ी पार्टी है, जिसका वोटर और समर्पित लोग सभी जगह है, बस उसे आज जगाने की जरूरत है।

## रेल यात्रियों की सुविधा के लिए सौंपा ज्ञापन

**धनबाद।** शुक्रवार 17 नवंबर को पूर्व मध्य रेल के जोनल रेल मेंबर पिंटू कुमार सिंह ने हाजीपुर मुख्यालय में पूर्व मध्य रेल के नए महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल का स्वागत किया। पिंटू कुमार सिंह ने महाप्रबंधक खंडेलवाल को यात्रियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। श्री खंडेलवाल ने पिंटू कुमार सिंह को बताया कि यात्री सुविधा को बेहतर करना रेलवे की प्राथमिकता में शामिल है।

## कोटपा के तहत हुई जांच, 3050 रुपये का लगाया जुर्माना

**बोकारो।** तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के तहत नियमित जांच अभियान थाना प्रभारी सेक्टर 4 के निर्देश में जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम व सेक्टर 4 छापामारी दल के द्वारा सिटी सेंटर सेक्टर 4 के फिटजी कोचिंग सेन्टर के पास व लक्ष्मी मार्केट में छापामारी की गई जिसमें लगभग 73 दुकानों की जांच की गई। कुल 18 दुकानदारों व व्यक्तियों से कोटपा 2003 की विभिन्न धारा के उल्लंघन की स्थिति में अर्थदण्ड के रूप में 3050 रुपये की वसूली की गई और छापामारी के दौरान ई सिगरेट पर रोक के लिए सभी दुकानों में जांच की गई।


## शपथ - पत्र

1. मैं ध्वज राम धोबी पिता स्वर्गीय बद्दू लाल निवासी पूणाडीह कॉलोनी धमधामिया, पोस्ट तुमांग, पुलिस स्टेशन मैक्लुस्कीगंज जिला रांची का निवासी हूं।
2. मैं दिनांक 21/07/2023 को कार्यपालक दंडाधिकारी सदर रांची द्वारा शपथ पत्र संख्या 24 11 द्वारा घोषणा किया हूं की मेरा बेटा जिसका पुकारू नाम राहुल कुमार एवं बेटी रिद्धि कुमारी मेरा सेवापुस्तिका में अंकित है मैट्रिक सर्टिफिकेट एवं आधार कार्ड मे बेटा का नाम राहुल कुमार बरेठ एवं रिद्धि बरेठ है जो सही है।
3. आज दिनांक 21/07/2023 से राहुल कुमार बरेठ एवं रिद्धि बरेठ के नाम से जानी पहचानी जायेगी।
4. किसी भी दस्तावेज में राहुल कुमार एवं रिद्धि कुमारी है उसे संशोधित कर राहुल कुमार बरेठ एवं रिद्धि बरेठ किया जाए।

## शपथ - पत्र



मैं हरेंद्र राम पुत्री अनिता कुमारी ग्राम सरहू, पोस्ट : झरगाड़ा हुसैनाबाद जिला पलामू शपथ करते हैं कि
1. अनिता कुमारी एवं गुड़िया देवी दोनों नाम का मैं ही एक महिला हूं।
2. यह कि झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा प्राप्त प्रवेश पत्र संख्या 3115841 है जिसमें मेरा नाम अनिता कुमारी दर्ज है।
3. यह कि ड्डारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा निर्गत आधार कार्ड संख्या 7074 9547 7684 में मेरा नाम गुड़िया देवी दर्ज है।
4. यह कि आज से मैं अनिता कुमारी के नाम से जानी एवं पहचानी हूं तथा मेरा जन्म तिथि 10-05-1991 है।
5. यह कि यह शपथ पत्र आधार कार्ड में अपना नाम अनिता कुमारी दर्ज कराने एवं सूचना पत्राचार में दर्ज कराने हेतू दे रही हूं।

## कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा

अति अल्पकालिन ई - निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 06/2023-24 दिनांक 17.11.2023

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03 | Construction of RCC Drain with slab from the front side of the house of Asgar Khan to kids school, Baherwatand in ward no-03, Under Nagar Panchayat Koderma | 3889988.00 | 78000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | 11 | Construction of PCC Road, Guardwall and Culvert from Shiv Mandir, Dudhimati to the Land of Rajesh Yadav Via Land of Sharda Press & Land of Raju Yadav in Ward No -11, Under Nagar Panchayat Koderma. | 3785700.00 | 76000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3 | 15 | Construction of RCC Drain with slab from the house of Mahanand lal to the Culvert of PWD Road in ward no-15, Under Nagar Panchayat Koderma. | 3590985.00 | 72000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| A | | Date of Publication of Tender on website | | 21-11-2023 | | |
| B | | Last Date / Time for receipt bid on online | | 28-11-2023 | | |
| C | | Date of opening Tender | | 30-11-2023 | | |
| D | | Name & Address of office inviting tender | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | | |
| E | | Helpline No. | | +91-8434850985 | | |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रॉंची का आदेश ज्ञापांक - 120 दिनांक - 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉंची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)-12/2023/न0वि0-4847 (अनु0) दिनांक - 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/-
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 311539 Urban Development (23-24)_D


## जनसमस्याओं को लेकर सेल के अधिशासी निदेशक से मिले अमित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित शहर के छठ घाटों पर व्रतियों के लिए समुचित व्यवस्था सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर बीएसएल के ईडी ;पी एंड एद्ध राजन कुमार से मिले एवं समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। कुमार अमित ने छठ पूजा में पर्याप्त पानी छोड़ने स्वच्छता आकस्मिक चिकित्सा गर्गा नदी स्थित बियाडा चेकपोस्ट गर्गा डैम आदि के घाटों पर छाई डलवाने आदि की समुचित व्यवस्था करने की मांग की। इसके अलावे नरकरा सहित अन्य पंचायतों के पुनर्वास क्षेत्र में सरकारी विकास योजनाओं के लिए सेल से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की बाध्यता समाप्त करने ठेका व सफाई कर्मचारियों को आवास आवंटन करने फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित करने जर्जर सड़कों की मरम्मत करने सेक्टर 9 के पटेल चौक व रामडीह मोड़ पर हाई मास्ट लाइट लगाने सहित अन्य मांगों को लेकर श्री अमित ने ईडी कार्मिक को एक मांग पत्र भी सौंपा । राजन कुमार ने इन माँगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

## बेरमो में नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** छठ महापर्व की शुरूआत 17 नवंबर को नहाय खाय के साथ शुरू हो चुकी है। छठ पूजा में नहाय खाय का बहुत महत्व हैण सूर्य देव की पूजा का ये पर्व पूरे चार दिनों तक चलता है। पहले दिन नहाय खाय के साथ पूजा की शुरूआत हो चुका है। इस दिन छठ व्रती सुबह में उठकर स्नान कर साफ या नए वस्त्र पहनते हैं फिर वह भगवान सूर्य को जल अर्पित करते हैंण इसके बाद सात्विक भोजन करते हैं। नहाय खाय का खाना बिना प्याज और लहसुन के बनाया जाता है ।मान्यता है कि इस दिन कद्दू की सब्जीए लौकी चने की दाल और भात बनाया जाता है। नहाय खाय के दिन सबसे पहले व्रत रखने वाले व्रतियों को खाना परोसा जाता हैण उसके बाद पूरे परिवार को इस खाने को प्रसाद के रूप में दिया जाता है ।ज्ञात हो कि हिंदू छठ को सूर्य देव की पूजा के लिए समर्पित त्योहार के रूप में मनाते हैंए जिन्हें सूर्य देव के नाम से जाना जाता हैण इस प्राचीन हिंदू त्योहार की ऐतिहासिक जड़ें भारतीय उपमहाद्वीप में हैंए विशेष रूप से उत्तर प्रदेशए झारखंड बिहार राज्यों में है।


## समाहरणालय कोडरमा, (विशेष भू-अर्जन शाखा)
## प्रपत्र-VI 'क'
## झारखण्ड सरकार, समहार्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम-30/2013 धारा-11 (1) के अधीन)।

अधिसूचना संख्या 273/ भू-अर्जन दिनांक :- 10/11/2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम- मरकच्चो, थाना मरकच्चो, थाना नं०-141, अंचल कोडरमा, जिला कोड़रमा में सार्वजनिक परियोजनार्थ यथा पंचखेरो जलाशय योजना अन्तर्गत, डूबा क्षेत्र (अतिरिक्त) के लिए भूमि ली जानी अपेक्षित है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 376/नि०/दिनांक 06.07.2018 में संलग्न विधि (विधान) विभाग के गजट संख्या-628, दिनांक 26.06.2018 में प्रकाशित अभिसूचना के द्वारा भू-अर्जन पुनर्वासन और पूर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (झारखण्ड संशोधन) अधिनियम-2017 के अनुसार सिंचाई परियोजना अन्तर्गत सामाजिक समाघात मूल्यांकन अध्ययन S. I. A. की कार्यवाई से छूट प्रदान की गयी है। फलस्वरूप वर्तमान अर्जन S. I. A. से प्रभावित नहीं होगा। प्रभावित परिवारों पूनर्वासन एवं पूर्नव्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम- मरकच्चो, थाना मरकच्चो, थाना नं०-141, अंचल कोडरमा, जिला कोड़रमा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.07 एकड़ मानक माप का भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है अर्जनाधीन है।

| क्रमांक | खाता सं0 | खेसरा सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जनाधिन रकवा एकड़ | रैयत का नाम | सीमा भूखण्ड उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1657 | 36 | टाँड़ | | 0.07 | मो0 अफजल शेख पिता स्व0 तबारक शेख, निवासी नि0 ग्राम। | 36 अंश | 15089 | रास्ता | 37 |

यह अधिसूचना भू- अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम सं० 30/2013) की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी सम्बंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

योजना से सम्बंधित अर्जनाधीन भूमि का निरीक्षण विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्ता सह समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु उपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उनकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला- समाहर्ता के प्रर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्टि भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवायेगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 (साठ) दिनों के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकती है।

ह0/- विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी, तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग।
ह0/- अपर समाहर्ता कोड़रमा।
ह0/- उपायुक्त, कोड़रमा सह समुचित सरकार, झारखण्ड।

PR.NO.311584 Water Resource(23-24):D

## उदासीनता पर सवाल

लोक कल्याणकारी नीतियां बनाना हर सरकार का प्राथमिक दायित्व होता है। मोदी सरकार ने ऐसी अनेक लोक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। प्रांतों में राजस्थान में अशोक गहलोत ने तो मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह सरकार ने भी ऐसी अनेक लोक कल्याणकारी योजनाएं चुनाव सन्निकट आते देखकर शुरू की है, जिन्हें हम लोककल्याण से अधिक मुफ्त की रेवड़ियां कह सकते हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिये अणुव्रत विश्व भारती एवं भारतीय मतदाता संगठन ने मतदाता जागरूकता अभियान चला रखा है। जिसका उद्देश्य है कि मतदाता को सोचने को विवश करना कि अपराधी हमारा वोट कैसे पा लेते हैं? राष्ट्र की धन-सम्पदा से खिलवाड़ करने वाले भ्रष्टाचारी हमारे आदर्श कैसे बन जाते है? क्यों हम भ्रष्टाचारियों, अवसरवादियों और अपराधियों को वोट देते हैं और फिर वे हम पर राज करते हैं? हम इन स्थितियों को चुपचाप स्वीकार किए रहते हैं। लेकिन आखिर कब तक? कब तक हम ठगे जाते रहेंगे? कब तक मूक दर्शक बनकर राष्ट्र को लूटता हुआ देखते रहेंगे? व्यक्ति और व्यवस्था के समवेत सुधार से ही समाज में बदलाव आ सकता है। व्यवस्था को संचालित करने वाले हाथ जब तक पवित्र नहीं होंगे, तब तक व्यवस्था को बदलना भी अपर्याप्त होगा। लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के लिए योग्य प्रत्याशी का चयन जरूरी है। जिस तरह विभिन्न परीक्षाओं में मापदंड जरूरी होता है, उसी तरह राजनीति में भी योग्यता का मापदंड निश्चित होना चाहिए। वोट उसी को दें, जो ईमानदार हो, नाशमुक्त हो, जातिवादी जुनून और सांप्रदायिक कट्टरता से दूर हो तथा राष्ट्रीय एकता, मानवीय मूल्यों और सामाजिक सौहार्द में जिसका विश्वास हो। व्यक्ति जिस तरह अपनी बेटी का हाथ थमाते समय विचार करता है उसी प्रकार वोट देते समय भी विचार कर ही अपना वोट देना चाहिए।

## बढ़ता संकट

द इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस यानी आईईपी की हालिया रिपोर्ट गंभीर चिंता का विषय है। रिपोर्ट में व्यापक अध्ययन के बाद कहा गया है कि पांचवें दशक तक दुनिया के 2.8 अरब लोगों को पारिस्थितिकी खतरे वाले क्षेत्रों में रहना पड़ेगा। यद्यपि मौजूदा समय में भी 1.8 अरब लोग गंभीर पारिस्थितिकी खतरों से जूझ रहे हैं। दरअसल, आईईपी ने 221 देशों और 3594 उप-राष्ट्रीय क्षेत्रों में विभाजित स्वतंत्र क्षेत्रों को अपने अध्ययन में शामिल किया है, जहां दुनिया की 99.99 प्रतिशत आबादी निवास करती है। इसमें से करीब 66 देशों को कम से कम एक गंभीर पारिस्थितिकी खतरे का फिलहाल सामना करना पड़ रहा है। इसमें तीन देश हॉटस्पॉट बनने से उनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया। दरअसल, जल, वायु, ध्वनि व मिट्टी प्रदूषण के अलावा खाद्य आपूर्ति श्रृंखला का बाधित होना, जनसंख्या वृद्धि तथा प्रतिकूल कुदरती परिस्थितियों के कारण होने वाला विस्थापन आदि पारिस्थितिकी संकट के मूल में हैं। वर्ष 2050 तक 2.8 अरब से अधिक लोग संकटग्रस्त इलाकों में रहने को बाध्य होंगे। मौजूदा हालात इतने खराब होते जा रहे हैं कि गंभीर संकट से जूझते देशों की संख्या बीते साल तीन से बढ़कर तीस हो गई है। इतना ही नहीं, गंभीर परिस्थितियों के चलते तीन देश पारिस्थितिकी संकट के चलते हॉटस्पॉट बनकर उभरे हैं और उनका अस्तित्व ही संकट में पड़ता नजर आ रहा है। इन तीन देशों में हमारा पड़ोसी म्यांमार व नाइजर तथा इथियोपिया सम्मिलित हैं। इन देशों में आंतरिक अशांति व अकुशल शासनतंत्र के चलते पर्यावरणीय चिंताएं हाशिये पर चली जाती हैं, जिसके चलते मानवीय त्रासदी लगातार भयावह होती जा रही है। मौसम की तल्खी के चलते जहां फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ा है, वहीं बाढ़ व भूस्खलन जैसी आपदाओं ने संकट को और गहरा किया है।

# गंगा की निर्मलता से ही सांस्कृतिक विकास





-अशोक कुमार

> इस पवित्र पावन नदी में मछलियों तथा सर्पों की अनेक प्रजातियां पाई ही जाती हैं। मीठे पानी वाले दुर्लभ डॉल्फिन भी यहां पाए जाते हैं। यह कृषि, पर्यटन, खेल तथा उद्योगों-कारोबारों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है। लेकिन इसकी पहचान दुनिया की सबसे अधिक प्रदूषित नदियों में से एक के रूप में की गई है। उदाहरणतया, हरिद्वार में गंगा जल में 55 सौ से अधिक कोलिफॉर्म है, जबकि कृषि के लिए माने डी श्रेणी के लिए मानक 5000 से कम कोलिफॉर्म हैं।

**गंगा** नदी में प्रदूषण को कम करने के लिए 1985 में गंगा कार्य योजना (जीएपी) का शुभारंभ किया गया था। इसके जल के बिना सनातन धर्म के किसी अनुष्ठान की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। गंगा नदी अपनी सहायक नदियों के साथ 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के अति विशाल उपजाऊ मैदान की रचना करती है। सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से उर्वर यह मैदान अपनी घनी जनसंख्या के कारण भी जाना जाता है। लगभग 3 किलोमीटर चौड़ी और 100 फीट यानी 31 मीटर की अधिकतम गहराई वाली यह नदी भारत में बेहद पवित्र मानी जाती है तथा इसकी उपासना मां और देवी के रूप में की जाती है।

हिंदू धर्म में कहा जाता है कि यह नदी श्रृंगा नदी की प्रधान शाखा भागीरथी है, जो उत्तराखंड स्थित कुमायूं में हिमालय के गोमुख नामक स्थान पर गंगोत्री हिमनदी से निकलती है। इस नदी की तुलना मिस्र की नील नदी के महत्व से की जाती है।

इस पवित्र पावन नदी में मछलियों तथा सर्पों की अनेक प्रजातियां पाई ही जाती हैं। मीठे पानी वाले दुर्लभ डॉल्फिन भी यहां पाए जाते हैं। यह कृषि, पर्यटन, खेल तथा उद्योगों-कारोबारों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है। लेकिन इसकी पहचान दुनिया की सबसे अधिक प्रदूषित नदियों में से एक के रूप में की गई है। उदाहरणतया, हरिद्वार में गंगा जल में 55 सौ से अधिक कोलिफॉर्म है, जबकि कृषि के लिए माने डी श्रेणी के लिए मानक 5000 से कम कोलिफॉर्म हैं।

भारत की सबसे पावन नगरी वाराणसी में कोलिफॉर्म जीवाणु गणना, संयुक्त राष्ट्र संघ नियंत्रित विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्थापित सुरक्षित मानक से, कम से कम 3000 गुना अधिक है। पर्यावरण जीव विज्ञान प्रयोगशाला, प्राणी विज्ञान विभाग, पटना विश्वविद्यालय द्वारा किये गए एक अध्ययन में वाराणसी शहर में गंगा नदी में पारे की उपस्थिति पाई गई है। यहां नदी के पानी में पारे की वार्षिक सघनता 0.00023 पीपीएम थी। इन सबका असर यह है कि भारत के सबसे मूल्यवान संसाधनों में से एक गंगा नदी की क्रमिक हत्या हो रही है। इस योजना के अंतर्गत 200 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं। फिर भी प्रदूषण स्तर कम करने में अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक, दिसंबर 2019 में गंगा नदी की सफाई के लिए विश्व बैंक एक अरब डॉलर उधार देने पर सहमत हुआ। यह धन भारत सरकार की 2020 तक गंगा में उपस्थित अवशिष्ट का अंत करने की पहल का हिस्सा है। सर्वप्रथम, हमें यह तय करना होगा कि किसी भी कीमत पर मलजल और उद्योगों का गंदा पानी गंगा में नहीं जा पाए। इसके लिए कानपुर, इलाहाबाद, बनारस, पटना, भागलपुर इत्यादि बड़े शहरों में बड़ा ड्रेन बनाया जाए, जिसमें वाहित मल और औद्योगिक कचरा युक्त जल का ट्रीटमेंट व रिसाइकिल कर उस जल को कृषि कार्य के उपयोग में लाया जाए।

तीसरा, प्रत्येक स्नान घाट के किनारे शौचालय और चेंजिंग रूम की व्यवस्था होनी चाहिए और उसकी साफ-सफाई का पूर्ण ध्यान रखा जाना चाहिए। चतुर्थ, हरिद्वार से लेकर हल्दिया तक गंगा की चौड़ाई कहीं भी 3 किलोमीटर से कम नहीं रहे, इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस 3 किलोमीटर की चौड़ाई में बीच का 1 किलोमीटर जहाज आदि के आवागमन के लिए शिपिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया को सौंपा जाए, जिससे कानपुर से हल्दिया तक वाटर ट्रांसपोर्टेशन का मार्ग प्रशस्त हो सके। पांचवां, गंगा की चौड़ाई के दोनों ओर कम से कम फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाए, जिससे हरिद्वार से हल्दिया तक एक नया कॉरिडोर, जो काफी उपयोगी होगा और आवागमन को आसान करेगा।

छठा, उत्तर प्रदेश और बिहार में गंगा का पानी की गहराई इतनी अवश्य होनी चाहिए कि युद्ध आदि विशेष परिस्थितियों में बोइंग विमान आदि इस पर उतारा जा सके। वहीं, गंगा के स्ट्रेच की चौड़ाई ज्यादा होने से टाल क्षेत्र की समस्या भी अपने आप दूर हो जाएगी।

सातवां, बिहार में बक्सर के टेल पॉइंट से सोन, गंडक आदि नदियों को जोड़कर दक्षिण-उत्तर बिहार अर्थात भभुआ, सासाराम, औरंगाबाद, गया, नवादा की ओर एक अलग चैनल बना दिया जाए तो इन जिलों में पटवन का एक बड़ा साधन विकसित किया जा सकता है। इस चैनल को कोसी, कमला, बागमती और बूढ़ी गंडक नदी से जोड़ देने पर खगड़िया और दक्षिण-पूर्व बिहार के कई हिस्सों को पटवन आदि का साधन सहज ही मुहैया कराया जा सकता है।

आठवां, गंगा के तट पर विकसित धार्मिक स्थल और तीर्थ भारतीय सामाजिक व्यवस्था के विशेष अंग हैं। गंगा आरती भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। अतः उन सभी प्राचीन नगरों और शहरों यथा वाराणसी, बक्सर, पटना, सुल्तानगंज, भागलपुर आदि में नियमित रूप से गंगा आरती का कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए। इससे क्षेत्रीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

नवम, गंगा की घाटी में एक ऐसी सभ्यता का उद्भव और विकास हुआ, जिसका प्राचीन इतिहास अत्यंत गौरवमयी और वैभवशाली है। जहां ज्ञान, धर्म, अध्यात्म एवं सभ्यता-संस्कृति की ऐसी किरण प्रस्फुटित हुई, जिससे न केवल भारत बल्कि समस्त संसार आलोकित हुआ। इसी घाटी में रामायण और महाभारत कालीन युग का उद्भव और विकास हुआ। प्राचीन मगध महाजनपद का उद्भव गंगा घाटी में ही हुआ, जहां से गणराज्यों की परंपरा विश्व में पहली बार प्रारंभ हुई। यहीं भारत का स्वर्ण युग विकसित हुआ, जब मौर्य और गुप्त वंश के राजाओं ने यहां पर शासन किया।

दशम, और सबसे अंतिम प्रयास के रूप में गंगा सफाई अभियान को न केवल सरकारी योजना के रूप में प्रचारित किया जाए बल्कि इसे जन-आंदोलन का व्यापक रूप दिया जाए। इसमें जनता के साथ-साथ राजनेताओं और अधिकारियों को आवश्यक रूप से जोड़ा जाए। मुझे उम्मीद है कि समन्वित प्रयास से ही गंगा को भागीरथी के पुरातन रूप में पाया जा सकता है।

(लेखक बिहार सरकार के पूर्व नगर विकास एवं आवास मंत्री हैं।)

### खास बात

## किसानों की समस्या और आंदोलन

**नीलम महेन्द्र**

**देखा** जाए तो ब्रिटिश शासन काल से लेकर आजादी के बाद आज तक हमारे देश की आधी से ज्यादा आबादी कृषि पर निर्भर होने के बावजूद हमारे देश में किसानों की हालत दयनीय है। कर्ज में डूबे किसानों की आत्महत्या के आंकड़े खुद इस तथ्य की सच्चाई बयाँ करते हैं। यही कारण है कि वो कांग्रेस जब 70 सालों बाद देश से अपने लिए वोट मांगती है तो सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर किसानों की कर्जमाफी का वादा करती है।

प्रश्न यह उठता है कि इतने सालों तक उसने सत्ता में रहते हुए किसानों की स्थिति में सुधार लाने के लिए कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाए। उससे भी बड़ा प्रश्न यह कि आज जब कोई सरकार किसानों की स्थिति में सुधार लाने के लिए कोई कदम उठा रही है तो वो उसका साथ देने के बजाए विरोध क्यों कर रही है? अगर उसे इन नए कानूनों में कोई खामियां दिख रही थीं तो जब संसद के दोनों सदनों में उसके पास मौका था उसने इन कानूनों की कमियां देश के सामने क्यों नहीं रखीं?

आखिर देश की जनता ने उन्हें किसी विश्वास से चुन कर संसद में पहुंचाया था। वो किसानों का पक्ष रख कर उनके हितों के हिसाब से कानून में बदलाव करवाने के प्रयास करने की बजाए संसद की कार्यवाही को बाधित करने का कार्य किया और संसद में बिल और रूल बुक की प्रति फाड़ कर या सभापति के माइक को तोड़कर कौन-से संविधान की रक्षा करता है? वो विपक्ष जो लगातार देश में लोकतंत्र पर खतरा बताता है वो विपक्ष संसद में अपने अलोकतांत्रिक आचरण के कारण संसद से निलंबित होकर कौन-से लोकतंत्र की रक्षा करता है?

यही कारण है कि उचित तर्कों के अभाव में जो लड़ाई विपक्ष संसद में हार गया उसे वो भोले भाले लोगों को गुमराह करके सड़कों पर जीतने का प्रयास कर रहा है। ये तीनों ही कानून निःसंदेह किसानों को मजबूत करने वाले हैं। इतना ही नहीं बल्कि वह आधुनिक तकनीक का उपयोग करके अपनी फसल को ऑनलाइन भी बेच सकता है। इस प्रयोग के सफल होने के संभावना अधिक हैं।

## अद्वितीय योगेश्वर

### धर्म-प्रवाह

**डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र**

**राजनीतिक** जीवन से जुड़े व्यक्ति की यह नीति-निपुणता उसकी स्वतंत्रता और स्वायत्तता के संरक्षण का उत्तम उपकरण बनती है। भूतकाल की स्मृति और भविष्य पर दृष्टि रखने में कृष्ण अद्वितीय हैं। अत्याचारी सत्ता अपने हितों के संरक्षण और स्थायित्व के लिए किस सीमा तक पतित हो सकती है, निर्दोष प्रतिपक्ष को कहां तक प्रताड़ित कर सकती है- इसका व्यावहारिक ज्ञान कंस के अत्याचारों की अतीतकालीन स्मृति के रूप में कृष्ण के मन पटल पर भलीभांति अंकित है।

इसीलिए पांडवों के साथ किए गए कौरवों के अत्याचारों और अन्यायों पर उन्हें आश्चर्य नहीं होता। अतीत की यह कड़वी तीखी स्मृतियां उन्हें यह भी सिखाती हैं कि अत्याचारी सत्ता किसी भी सत्याग्रह को नहीं मानती। उसका अहंकार सहनशीलता से नहीं पिघलता; वह विनम्रता को कायरता समझती है और उसका उपहास करती है। इसलिए श्रीकृष्ण आततायी के हृदय-परिवर्तन की किसी भी कोमल-कल्पना से भ्रमित नहीं होते और उसका समूल नाश करने के लिए सतत सन्नद्ध मिलते हैं। वे जानते हैं कि अतीत के जीर्णशीर्ण खंडेरों पर भविष्य के सौधशिखरों की नींव नहीं रखी जा सकती।

उन्हें ढहाये बिना, भूमि को समतल किए बिना नये निर्माण का स्वप्न साकार नहीं किया जा सकता। पुराने भ्रान्त-सिद्धांतों के संकेत नए सृजन-पथ के निर्देश नहीं बन सकते, अतः उनका परिहार-निवारण अपरिहार्य है।

**उत्तर** प्रदेश में माताओं-बहनों के सम्मान-स्वाभिमान को क्षति पहुंचाने का विचार मात्र रखने वालों का समूल नाश सुनिश्चित है।

इन्हें ऐसा दंड मिलेगा जो भविष्य में उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

**– योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

### आपके ट्वीट

**सिंगरेनी** कोयला खदान के मजदूरों से मिल कर पता चला, उनका शोषण बड़ी साज़िश का हिस्सा है। भारतीय खदानों का निजीकरण, विदेश से महंगा कोयला लाना, फिर बिजली का बिल बढ़ा कर जनता की जेब काटना।

**– राहुल गांधी**





**जब** आप एक फूल को 'पसंद' करते हैं तो आप उसे अपने लिये तोड़ लेते हैं; लेकिन जब आप एक फूल से 'प्यार' करते हैं, तो उसे प्रति दिन सींचते है पानी से !!!

**– अमिताभ बच्चन**

# वैश्विक स्तर पर खादी की बढ़ती लोकप्रियता

**सतीश सिंह**

### सामयिक

**खादी** के एक से एक डिजाइनर पर्स भी बाजार में बिक रहे हैं। खादी के जूते भी बाजार में उतारे गए हैं। ऐसे जूतों को हाथ से काते व सिले जाते हैं। डिजाइनरों के मुताबिक खादी के पारंपरिक परिधानों को पहनने के प्रति लोगों की ललक बढ़ रही है।

महात्मा गांधी ने कुटीर उद्योग के माध्यम से देश की आर्थिक समृद्धि का जो सपना देखा था, उसे पूरा करने के लिए केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अधीनस्थ खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग एवं अन्य माध्यमों से लगातार प्रयास कर रहा है। आयोग गर्मियों के लिए सिली-सिलाई कुर्तियां, कमीजें, सलवार-कमीज,कुर्ता-पायजामा, साड़ियां तथा सर्दियों के लिए जैकेट, डिजाइनर परिधान,बंडी आदि का निर्माण एवं उनके देश भर में विपणन के लिए कोशिश कर रहा है। आजादी की प्रतीक मानी जाने वाली खादी को वर्तमान में फैशनेबल भी बनाया जा रहा है। मिनी व लॉन्ग स्कर्ट सहित आज खादी में फैशन के सारे विकल्प उपलब्ध हैं।

खादी के एक से एक डिजाइनर पर्स भी बाजार में बिक रहे हैं। खादी के जूते भी बाजार में उतारे गए हैं। ऐसे जूतों को हाथ से काते व सिले जाते हैं। डिजाइनरों के मुताबिक खादी के पारंपरिक परिधानों को पहनने के प्रति लोगों की ललक बढ़ रही है।

मौजूदा समय में फैशन डिजाइनर रितु कुमार,वेंडेल रोड्रिक्स, राहुल मिश्रा,आनंद काबरा,सब्यसाची मुखर्जी, गौरंग शाह ने खादी के परिधानों को लोकप्रिय बनाने का काम कर रहे हैं। वे अपने संग्रह में खादी के कपड़े का प्रयोग कर रहे हैं। अब खादी के कुर्ते ही नहीं बल्कि वेस्टर्न कपड़े भी बाजार में मौजूद हैं।

अब शादी से जुड़े कलेक्शन से लेकर पारंपरिक साड़ियां और जरी के काम वाले कपड़े भी खादी में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन प्रयासों से खादी के उत्पादों की बिक्री में 100 प्रतिशत से भी ज्यादा का इजाफा हुआ है। खादी की बढ़ती लोकप्रियता के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित कार्यक्रम 'मन की बात' में की है। प्रधानमंत्री मोदी खुद भी नई पीढ़ी से खादी के कपड़ों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

खादी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिये सोशल मीडिया पर प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। खादी का देश में उपभोग बढ़े, इसके लिए देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आधिकारिक विमान एयर इंडिया वन के केबिन क्रू के सदस्य खादी से बने परिधान पहन रहे हैं।

खादी निश्चित रूप से रोजगार का साधन बन सकता है, लेकिन इसके लिए खादी के कपड़ों के विपणन, ब्रांडिंग, प्रचार-प्रसार, खादी के प्रति लोगों की स्वीकार्यता बढ़ाने आदि से इसके दिन बेहतर हो सकते हैं। खादी के बलबूते सभी को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके लिए खादी के निर्माण को एक आंदोलन का रूप देने की जरूरत है। ऐसे में जब गांव के सभी लोग खादी के निर्माण एवं विपणन में सहयोगी बन जाएंगे तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्वाभाविक रूप से मजबूती मिलेगी, जिससे देश में समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। इस क्रम में घर-घर में खादी के कपड़ों के निर्माण को बढ़ावा, युवाओं को इसके उपयोग के प्रति आकर्षित करने आदि की कोशिश करनी चाहिए। आम आदमी को भी इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाने की जरूरत है, तभी खादी एवं बुनकरों की अस्मिता बच सकती है।

आज पूरी दुनिया में खादी की मांग है आवश्यकता है कि हम इसकी ब्रांडिग सही ढंग से कर सके।

### कॉर्टून वर्ल्ड




कॉर्टूनवर्ल्ड डॉट कॉम

### लेटर टू एडिटर

#### प्राथमिकता से परहेज

**किसान** बिल से सब वाकिफ हो गए हैं लेकिन टीवी चैनलों को फिलहाल ड्रग्स मामला सुलझाने से फुर्सत नहीं मिल रही। बिहार चुनाव को लेकर कई चैनलों ने अब अपना रुख बिहार की ओर कर लिया है लेकिन बॉलीवुड से बिहार जाते कहीं भी किसान बीच में नहीं आया। किसान आज इस बिल के खिलाफ है। सरकार कह रही है कि एमएसपी खत्म नहीं होगी।

**– श्वेता चौहान, जमशेदपुर**

#### घोर लापरवाही

**कोरोना** वायरस के चलते डॉक्टरों की मानवीय सेवा सराहनीय है। वहीं राज्य में बिना मास्क के दुकानदार बेखबर अपना व्यापार करते देखे जा सकते हैं। मास्क लगाने वाले लोगों का कुछ ही प्रतिशत है। ऐसे में संक्रमण चेन का टूटना असंभव-सा लग रहा है। मास्क लगाने की प्रक्रिया का पालन नहीं किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की दरकार है। जो अभी नहीं हो रही है। **– संजय वर्मा, हजारीबाग**

# सैन्य बलों को अत्याधुनिक बनाने का प्रयास

**योगेश कुमार गोयल**

### रक्षा सेवा

**भारत** और चीन के बीच बढ़ रहे तनाव के दौर में अत्याधुनिक तकनीकों से लैस पांच अत्याधुनिक राफेल विमान भारतीय वायुसेना में विधिवत शामिल हो चुके हैं। शीघ्र ही रूस से एस-400 मिसाइल प्रणाली भी भारत को मिलने वाली है। भारत इजरायल से स्पाइक मिसाइलों के अलावा कुछ और अत्याधुनिक मिसाइलें भी खरीद रहा है। ऐसे में भारतीय सेना की ताकत आने वाले दिनों में कई गुना बढ़ जाएगी और हमारी सेना इनके जरिये दुश्मन को आसानी से धूल चटाने में सफल हो सकेगी। सेना के तीनों अंगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए न केवल अमेरिका, रूस, फ्रांस इत्यादि देशों के साथ अत्याधुनिक तकनीकों से लैस हथियारों के सौदे हो रहे हैं बल्कि मेक इन इंडिया मुहिम के तहत भी सेनाओं को मजबूत करने की कोशिशें निरन्तर जारी हैं।

दरअसल चीन-पाकिस्तान जैसे धूर्त पड़ोसी देशों से मिल रही चुनौतियों के इस दौर में भारत द्वारा अपनी तीनों सेनाओं को मजबूत किया जाना बेहद जरूरी हो गया है। इसी मिशन के तहत सेना के तीनों अंगों को अत्याधुनिक सैन्य साजो-सामान से सुसज्जित किए जाने के प्रयास निरन्तर जारी हैं। हाल ही में हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक के क्षेत्र में भी भारत ने बहुत लंबी छलांग लगाई है और अब हमारे पास बगैर विदेशी मदद के हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने की क्षमता हो गई है। उम्मीद है कि आगामी पांच वर्षों में भारत स्क्रैमजेट इंजन के साथ हाइपरसोनिक मिसाइल तैयार कर सकता है। स्वदेश निर्मित बह्मोस जैसी खतरनाक मिसाइलें पहले से ही सेना का मजबूत हथियार हैं।

पिछले दिनों रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा निर्मित एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवास्त्र' मिसाइल का भी सफल परीक्षण किया गया। पलक झपकते ही दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त कर देने की विलक्षण क्षमता रखने वाली यह मिसाइल भी पूरी तरह स्वदेश निर्मित है। 'ध्रुवास्त्र' पलभर में ही दुश्मन के टैंकों के परखच्चे उड़ा सकती है। उड़ीसा के चांदीपुर स्थित समेकित परीक्षण केन्द्र से ध्रुवास्त्र के सीधा निशाना लगाते हुए तीन सफल परीक्षण किए गए थे और डायरेक्ट तथा टॉप मोड दोनों में सभी परीक्षण सफल रहे। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने अपने टारगेट पर बिल्कुल सटीक निशाना लगाया। जमीन से लांचर से दागकर एंटी टैंक गाइडेड इस मिसाइल के कई महत्वपूर्ण पैरामीटर की जांच की गई और मिसाइल हर कसौटी पर खरी उतरी। 'फायर एंड फॉरगेट' सिस्टम पर कार्य करने वाली 'ध्रुवास्त्र' भारत की पुरानी मिसाइल 'नाग हेलीना' का हेलीकॉप्टर संस्करण है, जिसमें कई नई तकनीकों का समावेश करते हुए इसे आज की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया गया है।

रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक इस मिसाइल प्रणाली में डीआरडीओ द्वारा एक से बढ़कर एक आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। ध्रुवास्त्र को आसमान से सीधे दागकर दुश्मन के बंकर, बख्तरबंद गाड़ियों और टैंकों को पलभर में ही नष्ट किया जा सकता है। यह मिसाइल दुनिया के सबसे आधुनिक एंटी-टैंक हथियारों में से एक है और इसे हेलीकॉप्टर से लांच किया जा सकता है। डीआरडीओ के मुताबिक ध्रुवास्त्र तीसरी पीढ़ी की दागो और भूल जाओ किस्म की टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली है, जिसे आधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर पर स्थापित किया गया है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू

## गीतों से गूंजा पूरा क्षेत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/चरही/दारू।** आस्था का छह दिवसीय महापर्व छठ कार्तिक मास शुक्लपक्ष के चतुर्थी को नहाय खाय के साथ आज से प्रारम्भ हो गया है।छठ व्रतियों ने शुक्रवार को विभिन्न - विभिन्न जलाशयों में जाकर स्नान किया। उसके बाद विधिवत भगवान भास्कर नमन करते हुए पूजा-अर्चना किया।व्रती गण घर पहुंचकरअरवा चावल के भात,चना दाल और कदू के बने सब्जी को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न तालाबों को साफ-सफाई किया गया।

बरसात के दिनों में टूटे-फूटे रास्तों को मशीन के द्वारा मरम्मत किया गया। रास्तों के दोनों ओर बिजली लगाया से सजाया जा रहा है। छठ गीतों से पूरा क्षेत्र गुंज रहा है।घर-घर में गीत गया जा रहा है। नहाय खाय के रस्म को संपन्न होते ही छठ व्रती खरना के तैयारी में जुट गए हैं।



**प्रसाद ग्रहण करने व्रतियों के घर पहुंचे लोग :** दारू में छठ महापर्व कार्तिक मास शुक्लपक्ष के चतुर्थी को नहाय खाय के साथ हुआ प्रारम्भ। छठव्रती अपने आस पास के कुआँ, नदी, तालाब जाकर स्नान कर सात्विक भोजन ग्रहण की। आस पास के लोग पूरे भक्तिभाव के साथ प्रसाद ग्रहण करने छठव्रतियों के घर पहुंचे। छठव्रति छठ के दूसरे दिन पंचमी को यानी आज खरना करेंगी। इधर छठ के अवसर पर दारू थाना प्रभारी अमित कुमार के तरफ से पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आम की लकड़ी सभी छठव्रतियों के लिए उपलब्ध करवाया गया। आम की लकड़ी का इस पूजा में बहुत अधिक महत्व होता है, प्रसाद आम के लकड़ी से ही बनाई जाती है। थाना प्रभारी को पूरे ग्रामीणों ने दिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि आम की लकड़ी उपलब्ध होने में हमेशा बहुत परेशानी होती है, जिसे थाना प्रभारी ने दूर किया।

### ▸▸ विधायक मनीष जायसवाल ने छठ व्रतियों को दी साड़ी

सदर विधायक मनीष जायसवाल छठ महापर्व को लेकर महारथियों के बीच पूजन साड़ी वितरण अभियान में युद्धस्तर से जुड़े हुए है। शुक्रवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल के सौजन्य से दारू प्रखंड क्षेत्र के दारू पंचायत में छठव्रतियों के बीच पूजन साड़ी का वितरण किया गया। वर्तमान वर्ष में कुल 10000 पूजन साड़ी का वितरण कार्य निर्बाध रूप से जारी है। छठव्रतियों ने विधायक मनीष जायसवाल को आशीर्वाद देते हुए उनकी दीघार्यु की कामना की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, राजन सिन्हा, अशोक कुशवाहा, रौशन सिन्हा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## हजारीबाग में पूजा सामग्री केंद्र खुला

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** छठ पूजा फल वितरण केंद्रीय समिति की ओर से लगाए जाने वाले फल बाजार का विधिवत उद्घाटन हिंदू स्कूल प्रांगण में किया गया। इसका उद्घाटन विधायक मनीष जायसवाल, श्रद्धानंद सिंह, धीरज कुमार, भैया अभिमन्यु प्रसाद, मनोज गुप्ता, हर्ष अजमेरा, सुमेर सेठी,ठेकलाल प्रसाद,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत शारीरिक प्रमुख कुणाल समेत कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक रूप से किया।इस बाजार में छठ पर्व को देखते हुए लागत मूल्य पर ही फल बाजार में मुहैया कराया जाता है। बाजार में कोई व्यवसायी नहीं होता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य, शिक्षक,अधिवक्ता, पत्रकार और समाजसेवी बजार का संचालन किया जाता हैं। केला,सेब, नारंगी,डंभा,गन्ना, नारियल, घी, रिफाइन, पूजन सामग्री समिति खरीद दाम में उपलब्ध करायी जा रही है।

सूर्य षष्ठी छठ पूजा वितरण केंद्रीय समिति के अध्यक्ष चंदन मेहता ने बताया कि इस बार 50 लाख रुपया का फल की खरीदारी की गई है। पैसा समाज के लोगों से सहयोग के रूप में लिया गया है। लागत मूल्य पर फल बेचकर पैसा उन्हें छठ पूजा के दो दिनों के बाद वापस भी किया जाता है। पिछले 9 सालों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बैनर तले सेवा हजारीबाग वासियों को दी जा रही है।

### इन स्थानों पर होगा वितरण

1. प्लस टू हिंदू स्कूल, हजारीबाग, 2. विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय, विष्णुगढ़, 3. कृषि बाजार समिति प्रांगण केरेडारी, 4. दुर्गा मंडप चरही बाजार, चरही, 5. थाना मैदान, कटकमदाग, 6. काली मंडप छड़वा, कटकमसांडी, 7. मालवीय मार्ग, नाला के समीप, हजारीबाग, 8. दुर्गा मंडप, अस्पताल रोड,कटकमसांडी

## राजद विधायक ऋषि कुमार ने पतरातू डैम का किया भ्रमण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिहार के ओबरा के राजद विधायक ऋषि कुमार झारखंड सहित पतरातू प्रखंड के दौरा के क्रम में पतरातू डैम का भ्रमण कर खूब आनंदित दिखे। उन्होंने पतरातू डैम के खुबसूरत वादियों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि सुकुन का पल बिताने के लिए सबों को एक बार पतरातू डैम का भ्रमण जरूर करना चाहिए। डैम के आसपास की खुबसूरती वादियां व मनमोहक दृश्य बर्बस लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। यहां का नजारा की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। शुक्रवार को ओबरा विधायक ऋषि कुमार रिभर साईड भुरकुंडा स्थित राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव के आवास पहुंचे। इस दौरान विधायक ऋषि कुमार ने संतोष यादव के साथ संगठन की मजबुती पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजद को और मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक नवयुवकों को संगठन में जोड़ें। विधायक श्री कुमार ने कहा कि राजद किसी भी पार्टी से कमजोर नहीं है।

## बरकट्ठा में सांसद और विधायक ने किया तीन सड़कों का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



बरकट्ठा। विकास से लोंगो को जोड़ना, उन्हें सहूलियत देना सांसद, विधायक का दायित्व है। इसी सिलसिले में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के 79 पंचायत के सभी गांवों को एक दूसरे गांव तक सड़क बनाया जा रहा है। उक्त बातें कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अनपूर्णा देवी ने कही। हमारा उद्देश्य क्षेत्र का सवार्गीण विकास है।

बरकट्ठा में सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक अमित कुमार यादव ने तीन महत्वपूर्ण सड़क का शिलान्यास किया। जिसमें बरवां से तुईयो भाया मासीपीढ़ी, किमनिया से पंचफेडी चौक भाया बसरिया और एनएच 2 से गंगतिहाई तक सड़क निर्माण शामिल है। विधायक ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा के हर पंचायत में विकास के कार्य किए जा रहे है। ग्रामीणों और लोगो को को आवागमन की बेहतर सुविधा मिले इसके लिए हमारा प्रयास जारी है।

इस अवसर पर जिप सदस्य कुमकुम देवी,प्रमुख रेणु देवी,सुनील मेहता,उपप्रमुख सुरजी देवी,मुखिया कमलेश प्रसाद,पंसस सरिता देवी,टुकलाल नायक,पंसस मंजू देवी,इंद्रदेव प्रसाद,समन ठाकुर,जीवन यादव,दौलत प्रसाद,पूर्व मुखिया भीम प्रसाद,सुमन कुमार,कुलदीप प्रसाद, रामेश्वर पांडेय समेत कई लोग शामिल थे।

## रामगढ़ के डीसी ने किया कई छठ घाटों का निरीक्षण

**रामगढ़।** छठ को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने छठ घाटों में साफ सफाई का जायजा लेते हुए श्रद्धालुओं के आने जाने के मार्ग, घाट पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित घाटों के छठ पूजा समिति के सदस्यों से उनके द्वारा की जा रही तैयारी की जानकारी ली। उपायुक्त ने सभी से पर्व के दौरान सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने एवं वॉलिंटियर्स के माध्यम से सफलतापूर्वक पर्व संपन्न कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने पर्व के दौरान सभी से किसी भी प्रकार की कोई अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन अथवा नजदीकी थाना को देने की अपील की। पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के घाट तक



आने को लेकर उपायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैफिक प्रबंधन करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में गोताखोरों, नौका की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नदियों तथा अन्य जलाशयों में बैलून आदि के माध्यम से सुरक्षा जोन की बेरीकेटिंग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को उपायुक्त ने पूरे पर्व के दौरान उनके उनके क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया ।

## छठमय हुआ भुरकुंडा, भदानीनगर और बासल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल का वातावरण छठमय भक्तिमय हो गया है। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में चार दिवसीय कार्तिक छठ पूजा का शुभारंभ शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ हुआ। छठ महापर्व को ले छठ घाट सहित आवागमन रास्ते की सफाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है। गुरूवार व शुक्रवार को पतरातू प्रखंड के उपप्रमुख रमाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय ने रिभर साईड के कॉलोनी में जमे कचरे की जेसीबी के माध्यम से साफ-सफाई कराई। ताकि छठव्रतियों को किसी तरह की परेशानी न हो। मौके पर रमाशंकर पांडेय ने कहा कि छठव्रतियों सहित श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि छठव्रतियों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। पांडेय ने छठ महापर्व की बधाई भी दी। छठ महापर्व को ले पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। साथ ही छठ गीतों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। श्रद्धा भक्ति आस्था का महापर्व कार्तिक छठ के दूसरे दिन शनिवार को छठव्रती नियम पूर्वक खरना करेंगी। इस दौरान छठव्रति दिनभर निर्जला उपवास रख शाम में गाय के दूध में शुद्ध रूप से खीर का प्रसाद बनाएंगे और पूजा-अर्चना के बाद खीर के प्रसाद को सेवन करेंगी। खरना के पश्चात भक्तों के बीच खरना के प्रसाद का वितरण किया जायेगा। साथ ही कार्तिक छठ पर्व के तीसरे दिन रविवार को दिन-रात छठव्रती निर्जला उपवास पर रहेंगी। वहीं अपराहन में सूप दउरा में फल-फूल पूजा सामग्रियों को सजाकर घाटों पर पहुंच छठव्रतियों भक्तों द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसी प्रकार छठ महापर्व के चैथे दिन सोमवार को तड़के सुबह पुनः छठ घाटों पर पहुंचेंगे और उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।



### गीतों से गूंजा क्षेत्र, खरना आज

## स्पीड न्यूज

### गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा भुरकुंडा के पूर्व प्रधान मुख्तार सिंह का निधन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह के बड़े भाई सह गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा भुरकुंडा के पूर्व प्रधान सह समाजसेवी मुख्तार सिंह का दिल्ली में इलाज के दौरान गुरूवार की रात सात बजे निधन हो गया। उनके निधन से भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर है। मुख्तार सिंह लिवर कैंसर से ग्रस्त थे। शुक्रवार को दिल्ली में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर सिख समाज सहित भुरकुंडा कोयलांचल के समाजसेवी, बुद्धिजीवी व जनप्रतिनिधियों ने शोक संवदेना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालो में परमजीत सिंह धामी, भुपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, भुरकुंडा गुरूद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, अंग्रेज सिंह, सोनू, जसपाल सिंह, राजू सिंह, गोल्डी सिंह, निशांत सिंह, सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

### एसडीओ ने घाट का किया निरीक्षण



**मांडू।** एसडीओ शीलवंत कुमार भट्ट सहित डीएसपी किशोर कुमार रजक,बीडीओ संजय कुमार कौनगाड़ी और मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने शुक्रवार को मांडू क्षेत्र के छठ घाटों का निरीक्षण कर छठ के दौरान व्रतियों को कोई परेशानी नही हो इसका ध्यान रखने का निर्देश दिया। इस दौरान मांडू डी मुखिया बैजनाथ राम सहित रमेश कुमार, नवरत्न कुमार,अमित राम,जयहिंद साव, धारेश्वर साव,वीरेंद्र पांडे, प्रदीप साव,कृष्णा साव, भीम कुमार,रोहित कुमार, नवीन कुमार,पवन कुमार, दिलीप कुमार आदि उपस्थित थे।

### श्रीश्री छठ पूजा नवयुवक संघ की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री छठ पूजा नवयुवक संघ की बैठक शुक्रवार को भुरकुंडा हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी व संचालन संजय यादव ने किया। बैठक में क्षेत्र की साफ-सफाई, सड़कों पर पानी की सफाई, पार्किंग व मेडिकल व्यवस्था सहित पूजा की सफलता को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष भी बाजार में लाइट की व्यवस्था लगाने का निर्णय लिया गया। कहा गया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ महापर्व के दौरान बाजार में साफ-सफाई और संकट मोचन मंदिर से भुरकुंडा थाना चैक तक लाइट की व्यवस्था करने आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर रॉबिन मुखर्जी, संजय होरो, प्रकाश गुप्ता, चंदन साव, मनोज सिंह, जितेंद्र सिन्हा, राजेश ठाकुर, बबन राम, विक्की एंथोनी, अखिलेश सिंह सहित संघ के दर्जनों लोग मौजूद थे।

### थाना प्रभारी ने घाट का लिया जायजा



**रजरप्पा।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर शुक्रवार को रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह द्वारा कई छठ घाटों का निरीक्षण किया गया व सफाई भी करवाई। उन्होंने रजरप्पा आवासीय कॉलोनी के समीप भैरवी नदी स्थित बम्हनधारा छठ घाट में पूजा समिति द्वारा कराए जा रहे घाट निर्माण का जायजा लेते हुए समिति को कई निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने कहा कि घाट प्रक्षेत्र में सुरक्षा का व्यापक व्यवस्था रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से छठ व्रतियों को उचित व्यवस्था दिया जाएगा। मौके पर छठ समिति के जगदीश महतो, देवेंद्र सिंह समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

### अंग्रेजी पुस्तक को ले हाइकोर्ट में पीआइएल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड सरकारी विद्यालय छात्र संघ ने जेसीइआरटी द्वारा कक्षा एक से दसवीं तक में सीधे अंग्रेजी पाठ्य पुस्तक की पढाई को लेकर हाई कोर्ट में पीआईएल दायर किया है। संघ की ओर से अधिवक्ता सरवेंद्र कुमार और राहुल राजा ने जनहित याचिका दायर की है। गुरूवार को संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि झारखंड क प्राथमिक और माध्यमिक सरकारी विद्यालय में जेसीइआरटी द्वारा कक्षा एक से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं को सीधे अंग्रेजी भाषा की पाठ्य पुस्तक को पढ़ने के लिये दे दिया जाता है। जिसमें कहानी और पोयम भरा रहता है। पुस्तक में बड़ा-छोटा अल्फा वेट और ना ही हिन्दी स्वर व्यंजनो को अंगेजी भाषा के किसी पाठ में नही दिया रहता है। पुस्तक में ना ही किसी प्रकार का हिन्दी-अंग्रेजी शब्द कोष और ना ही हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद ज्ञान का पाठ रहता है। कहा गया कि झारखंड सरकार द्वारा अंग्रेजी भाषा के बेसिक एंव व्याकरण का पाठ्य पुस्तक भी छात्रों को नही दिया जाता है। जिसके कारण छात्रों को अंग्रेजी भाषा को सीखने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### बीडीओ व सीओ ने घाट का किया निरीक्षण कहा- व्रतियों का रखें ख्याल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोक आस्था का छठ महापर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने व छठव्रतियों के सुविधाओं को लेकर पतरातू प्रखंड के बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता और सीओ शिव शंकर पांडेय प्रखंड के विभिन्न छठ-घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता और सीओ शिव शंकर पांडेय छठ घाट का निरीक्षण करने सौंदा डी-भुरकुंडा नकारी नदी तट पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-व्यवस्था व छठ घाटों का जायजा लिया। बीडीओ और सीओ ने छठ पूजा समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पर्व के दौरान छठव्रतियों व श्रद्धालुओं के सुविधाओं का पूरा ख्याल रखने की बात पूजा समिति से कही। ताकि आवागमन सहित पूजा के दौरान छठव्रतियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। साथ ही पार्किंग की भी उचित व्यवस्था करने की बात कही। ताकि छठव्रतियों को छठ घाट तक पहुंचने में परेशानी न हो। मौके पर भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, शिवा भुंइया, संजय मिश्रा, संजीत राम, संजय वर्मा, अमृत सागर, शिव कुमार, भोला कुमार, भोलू, अन्नू सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### उप प्रमुख व मुखिया ने बच्चों को दिया स्वेटर



इचाक। आंगनबाड़ी केंद्र रूद में सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये स्वेटर का वितरण शुक्रवार को उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता , मुखिया सह अध्यक्ष जिला मुखिया संघ के रंजीत मेहता ने बच्चों के बीच किया । उन्होंने कहा सरकार ने बढ़ती ठंड को देखते हुए बच्चों को मुफ्त में स्वेटर मुहैया करा रही है, ताकि सभी बच्चे पढ़ाई से वंचित नहीं रहे। मौके पर वार्ड सदस्य अर्जुन प्रसाद, पूनम देवी, सूदन साव, गीता देवी, शांति देवी के अलावा कई लोग शामिल थे।

### बैग फैक्ट्री पर बिजली चोरी का मामला दर्ज

**चरही।** विद्युत विभाग के विशिष्ट पदाधिकारी के आदेशानुसार विद्युत ऊर्जा की चोरी के विरुद्ध छापेमारी दल का गठन किया गया।छापामारी दल में अरविंद कुमार सहायक विद्युत अभियंता राजेश कुमार,सरफराज खान, शादाब अनवर, राजेश कुमार राम, सुनील कुमार, योगेंद्र ठाकुर, पंकज कुमार,के अलावा अन्य लोग इस छापेमारी दल में शामिल थे। चुरचू पंचायत मे बिजली विभाग पूरे दलबल के साथ बिजली चोरी करने वालों के लिए धर-पकड़ अभियान चलाया गया।जिसमें सुनील कुमार पिता राम प्रसाद राम ग्राम लारा निवासी के द्वारा चुरचू प्रखंड मुख्यालय के निकट कपड़े का बैग फैक्ट्री चोरी की बिजली से चला रहा था।विभाग में रंगे हाथ बिजली चोरी करते पकड़ा गया।चुरचू थाना में चोरों के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा।वही 75920 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया।सुनील कुमार समेत अन्य 14 लोगों पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### मुखिया सिकंदर राणा ने चलाया सफाई अभियान



**बरही।** बेन्दगी पंचायत में मुखिया सिकंदर राणा के नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र में सभी छठ घाटों पर सफाई अभियान चलाया। मुखिया सिकंदर राणा ने श्रद्धालुओं से कहा कि पंचायत में कहीं भी किसी भी घाट पर कोई कमी नही रहेगी। हर घाट पर सुसज्जित लाइट की व्यवस्था से लेकर छठ व्रत करने वाली महिलाओं के लिए घाट पर अलग से चेंजिंग रूम बनवाया जा रहा है। जिससे महिलाओं को किसी प्रकार का कोई परेशानी न हों। मुखिया ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ घाट की सफाई की जा रही है, हिन्दू धर्म में छठ महापर्व को स्वच्छ एवं पवित्र त्योहार माना जाता है। मौके पर उपमुखिया अशोक राणा, मनोज साव, फुलमतिया देवी, राजेश कुमार, दिलीप कुमार, पूनम देवी, परमेश्वर भुइयां, बबिता कुमारी, सुनील कुमार, सविता देवी, राहुल पांडेय सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### बरही में छठ को लेकर साफ-सफाई शुरू

बरही। आस्था का महापर्व छठ पूजा की शुरूआत नहाय-खाय की पवित्रता के साथ चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा किया जा रहा है।प्रखण्ड मुख्यालय सहित सभी पंचायतों में छठ पूजा की तैयारी श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा है। छठ पूजा के अवसर पर शहर एवं ग्रामीण व्यवसायी बाजारों में कपड़े, पूजा सामग्री की दुकानें सज गई है। वहीं छठ घाटों की साफ सफाई पंचायत स्तर से शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में शहर सहित पंचायतों में कई स्थानों पर छठ घाट बनाए जा रहे हैं। वहीं बरहीडीह, सूर्य मंदिर के तालाब को लोगों ने साफ सफाई करते हुए घाट की सजावट में जुट गए हैं। जबकि बरसोत पंचायत के छठ घाट में भगवान सूर्य की प्रतिमा की झांकी तालाब के बीच मे किया जा रहा है। शहर में व गांव में फल, सूप व दउरा की दुकानों पर लोगों की अच्छी भीड़ खरीदारी को लेकर लगी रही। शहर के छठ घाटों में अपने स्थान सुरक्षित रखने के लिए भी श्रद्धालु के परिजन जुट गए हैं।

### दारू में बीडीओ ने किया घाट का निरीक्षण

दारू। आस्था के महापर्व छठ को लेकर शुक्रवार को दारू बीडीओ एवं बीपीओ ने प्रखंड क्षेत्र के भिन्न भिन्न छठ घाटो का निरीक्षण किया। बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि तालाब एवं नदियों पर बनाए गए छठ घाट में उनकी गहराई को माप ले यदि गहराई अधिक हो तो बांस का बैरियर लगाकर उसे चिन्हित कर दें ताकि कोई भी श्रद्धालु गहरा पानी में ना जा सके।आपातकालीन स्थिति के लिए हवा भरा ट्यूब एवम कुछ तैराक को तत्पर रखें ताकि कोई बड़ा हादसा ना हो सके। विशेष रूप से तालाबों के किनारे बने छठ घाट में इन चीजों को ध्यान में रखते हुए जरूर अनुपालन करें। वही प्रखंड के जीनगा, मेडकुरी,दारू बक्सीडीह, ईरगा, झुमरा सहित कई छठ घाटों की साफ सफाई एवम छठव्रती को आने-जाने के लिए रास्ता का कार्य श्रद्धालुओं द्वारा पूरी की जा चुकी है।

### स्कार्पियो का पता लगाने में जुटे पिता

**दारू।** काबलासी पंचायत के त्यूज निवासी एक पिता अपने पुत्र को धक्का मारकर फरार होने वाला स्कार्पियो का पता लगाने के लिए एनएच 522 के सभी सीसीटीवी को खंगाल रहे है। यह घटना दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत तिउज के पास राकेश कुमार सिंह के एकलौता पुत्र की मृत्यु 13 नवम्बर को एक सफेद रंग की स्कार्पियो के धक्का मारने से हो गया था, जिसका पता आज तक नही चल पाया है कि कौन सा स्कार्पियो था और उसका मालिक कौन है। इसका पता लगाने के लिए मृतक के पिता व परिवार के लोग एनएच 522 के किनारे दुकानों व पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में खंगाल फिरते चल रहे है कि कहीं भी उस स्कार्पियो का पहचान हो सके। मृतक के पिता राकेश सिंह के द्वारा दारू थाना में दिए हुए आवेदन में कहा गया है कि उक्त स्कार्पियो 13 नवम्बर को पुनाई स्थित संकट मोचन मंदिर के स्टैंड में दो घण्टा से अधिक समय तक खड़ी थी। संकट मोचन मंदिर व अन्य जगह पर लगी सीसीटीवी में स्कार्पियो का पुरा नंबर नही पता चल पा रहा है। आवेदक ने अपने आवेदन में कहा है कि सीसीटीवी में वाहन का जो नम्बर दिखाई पड़ रहा है उसके एक दो अंक साफ साफ नहीं दिख रहा है जिसका पता लगाने का वह प्रयास कर रहे है। ज्ञात हो कि 13 नवंबर को बहुत ही बेरहमी से राकेश कुमार को वाहन से धक्का मारकर स्कार्पियों में सवार लोग फरार हो गये थे। बताया जाता है कि वाहन सवार द्वारा अगर उसे कुचला ना गया होता और स-समय ईलाज हो जाता तो उसकी जान बच सकती थी।

### बोलेरो की चपेट में आने से युवक मौत, हंगामा



**बरही।** गया रोड एक्सिस बैंक के नजदीक साइकिल से जा रहे युवक को बोलेरो ने धक्का मार दिया, 15 वर्षीय युवक अमिताभ मालाकार सड़क पर गिर गया और युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन को दोषी ठहराते हुए कहा कि प्रतिदिन बरही चौक पर जाम की स्थिति बनी रहती है। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन की नजर इस ओर नही जाती है। आक्रोशित ग्रामीणों ने यह भी मांग किया कि बरही में जितने भी बैंक व व्यवसाय है, उसके लिए पार्किंग की कोई व्यवस्था नही है। जिसके कारण भी जाम की स्थिति बनी रहती है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, मुखिया समशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, नंदकिशोर कुमार, शिवा निषाद, पंकज केसरी, मुखिया सिकंदर राणा सहित दर्जनों सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता पहुंचकर पीड़ित परिवार को समझाने का प्रयास किया बावजूद इसके ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिला।

## स्पीड न्यूज

### प्रशासन की पहल पर छठ पर्व की तैयारी अच्छी चल रही है: रमेश

**गुमला।** गुमला के सभी छठ घाटों की व्यवस्था दुरूस्त हो रही है। साफ-सफाई, पार्किंग, लाइटिंग, सुलभ आवागमन सहित अन्य सुविधाओं पर फोकस किया जा रहा है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर पूरा प्रशासनिक महकमा तैयारियों में लगा हुआ है। जिसका परिणाम है कि तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इसपर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी रमेश कुमार चीनी ने प्रशासन का आभार जताया है। उपायुक्त को विशेष तौर पर बधाई दी है। कहा है कि आस्था का ख्याल करते हुए उपायुक्त ने ससमय दिशा-निर्देश जारी किया और स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे है। यह सुखद संकेत है कि आस्था का यह महापर्व निश्चित भक्तिमय माहौल में संपन्न होगा। उन्होंने साफ-सफाई का दायित्व बेहतर तरीके से निभाने के लिए धर्मावलंबियों की ओर से नगर परिषद प्रशासक दिलीप कुमार को भी बधाई दी है।

### जनयात्रा तैयारी को लेकर कांग्रेस नेता ने किया कई गांव का दौरा

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी किसान प्रकोष्ठ के द्वारा आगामी 23 नवंबर को उरांव क्लब गुमला से लेकर उपायुक्त तक आयोजित की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर किसान प्रकोष्ठ के नेता हंदू भगत ने गुमला प्रखंड क्षेत्र के फोरी, अटरिया, बसुआ, पड़की टोली, सकरपुर गम्हरिया डुमरडीह आदि कई गांव का दौरा किया। श्री भगत ने इस संबंध में बताया कि जन यात्रा की तैयारी को लेकर विभिन्न गांव का भ्रमण किया गया है। सैकड़ो की संख्या में लोग जन यात्रा के कार्यक्रम में भागीदारी कर क्षेत्र की समस्या के निदान के लिए उपायुक्त से आग्रह करेंगे। श्री भगत ने बताया कि आजादी के 70 वर्षों के बाद भी डुमरडीह पंचायत के पड़की टोली और नवाडीह के बीच खटवा नदी में पुलिया और सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजन ग्रामीण एवं स्कूली छात्राओं को काफी कठिनाई होती है। बरसात में यह इलाका टापू बन जाता है और जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी का संबंध विच्छेद हो जाता है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर नारायण लोहरा,मंगरा उरांव, संजय खलखो, बुधवा खलखो, सोमेश्वर उरांव, बंधन उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, रूपु उरांव, कुमार बानू एवं अन्य लोगों के द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को जन यात्रा के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की गई।

### मुड़मा की घटना के दोषियों के ऊपर हो कड़ी करवाई : लाल विकास

**कुडू।** मुड़मा में हिंदुओ के देवी देवताओं की प्रतिमा को षडयंत्र के तहत क्षतिग्रस्त करने वाले दोषियों की ऊपर पुलिस प्रशासन के साथ राज्य सरकार अविलंब कारवाई करे। झारखंड राज्य में लगातार हिंदुओ एवम उनके आराध्य देवी देवताओं व मंदिरो के उपर हमले हो रहे है। मुड़मा की घटना उसी की कड़ी है। कुडू प्रखंड विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल घटना में शामिल दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और कड़ी कार्यवाई की मांग करती है। मांग करने वालो में विकास शाहदेव,प्रदीप ठाकुर,संजय चौधरी,अमित कुमार बंटू,रामखेलावन राम,कैलाश प्रसाद,शिवकुमार पासवान,संतोष साहू,परमेश्वर महतो,उदय मुंडा,रामरतन सिंह आदि शामिल है।

### छठ को लेकर उत्साह का वातावरण

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में सूर्यदेव की महापूजन का पर्व छठ महापर्व का शुभारंभ नहाय खाय कद्दू भात के साथ शुक्रवार से प्रारम्भ हो गया। छठ पूजा को लेकर जहाँ छठव्रतियों व परिवार में शुद्धता के साथ तैयारी की जा रही है वहीं अलग अलग समाजसेवी व संगठनों के द्वारा प्रसाद वितरण का भी उत्साह देखा जा रहा है, कहीं तालाब तो कहीं नदियों में सफाई कर छठ घाट व आने जाने की रास्ता को भी सफाई की गई है। सनातन धर्म में सबसे महत्वपूर्ण व विधि विधान से की जाने वाली छठ महापर्व पर अपने घरों से दूर रहने वाले भी अपने अपने घर आया करते हैं जिस कारण इस त्योहार में एक अलग ही उत्साह बनता है साथ ही छठ व्रती लगातार तीन दिनों तक पूरे विधि विधान के साथ रहा करते हैं।

### हज यात्रा से लौटे याकुब अंसारी का जारी प्रखंड वासियों ने किया स्वागत

**जारी।** मक्का मदीना की यात्रा कर लौटे जारी प्रखंड के कमालपुर निवासी याकूब अंसारी का प्रखंड वासियों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उसे बाइक पर बैठकर गोविंदपुर कमलपुर तिगरा सहित पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर उसे उसके घर पहुंचाया। जहां फूल माला से जोरदार स्वागत किया गया। वहीं साथ चल रहे युवकों ने नारे भी लगाए। वापसी के बाद याकूब अंसारी ने बताया 20 दिन पूर्व हज के लिए मक्का गया था। जिसके बाद उमराह करने मदीना गया। उन्होंने कहा की सभी मुस्लिम भाइयों को मक्का और मदीना जरूर जाना चाहिए। वहां जाने के बाद मन को शांति मिलती है। क्षेत्र भ्रमण के पूर्व गोविंदपुर के कब्रिस्तान में सलातो सलाम और फातिहा पढ़कर उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में सुखचैन और शांति की दुआ मांगी।

### प्रमंडलीय आयुक्त ने भरनो के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**गुमला।** प्रमण्डलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल राँची सह मतदाता सूची प्रेक्षक के द्वारा शुक्रवार को 67 – सिसई (अ०ज०जा० ) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के भरनो प्रखण्ड अन्तर्गत मतदान केन्द्र संख्या 126 प्राइम री स्कूल सेमरा, मीडिल स्कूल भरनो, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल भरनो, अपग्रेड हााई स्कूल डोंबा आदि का निरीक्षण कर बीएलओ से वर्तमान में संचालित मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 में प्राप्त किये गये सभी प्रकार के प्रपत्र संख्या एवं एचटूएच सर्वे का गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान बीएलओ से कई जानकारी भी हासिल की।

### न्यू विशाल क्लब स्थापित करेगा भगवान भास्कर की प्रतिमा



सिसई रोड छठ तालाब पहुंचे न्यू विशाल क्लब के सदस्य

**गुमला।** न्यू विशाल क्लब छठ पूजा समिति गुमला के द्वारा शहर के सिसई रोड स्थित छठ तालाब में भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। क्लब हर वर्ष भव्य प्रतिमा स्थापित कर भगवान भास्कर की पूजा करती है। जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। वहीं क्लब के द्वारा इस वर्ष भव्य गंगा आरती का भी आयोजन किया जा रहा है। बनारस गंगा घाट के आचार्य पीयूष पाठक के द्वारा संध्या अर्घ्य के दिन 19 नवम्बर को संध्या 5.15 बजे भव्य गंगा आरती कराया जाएगा जो आकर्षण का केंद्र होगा। गंगा आरती में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होंगे। यह पहला मौका है जब छठ पर्व पर गंगा आरती का शहर में आयोजन किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर विशाल क्लब के द्वारा छठ घाट की साफ-सफाई की जा रही है। वहीं छठ घाट को आकर्षक इलेक्ट्रोनिक लाइटों से क्लब के सदस्य सजा रहे हैं। पर्व को देखते हुए न्यू विशाल क्लब के सदस्य दिन रात तालाब की सुंदरता व गरिमा बनाये रखने में जुटे हैं। इस कार्य में क्लब के संरक्षक राहुल गुप्ता, अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा उपाध्यक्ष विनोद जाजोदिया, सचिव अभिनंदन जायसवाल, सहसचिव ऋषभ कुमार, प्रणय कुमार, कोषाध्यक्ष राहुल रंजन, सह कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता एलआईसी, सदस्य सौरभ सिंह, शंकर अग्रवाल ,राहुल साहू , हरजीत सिंह ,नितेश यादव, सनी विश्वकर्मा, जसवीर सिंह, सिमरजीत सिंह, विवेक विश्वकर्मा, रोहित ठाकुर ,राजदीप कुमार ,गुप्ता प्रकाश भगत, निशांत महाजन, प्रकाश गुप्ता, विकास कुमार, गुप्ता बादल कुमार ,लक्ष्मण सिंह, श्याम जायसवाल, भरत सिंह अहम योगदान निभाया।

# संसार हमेशा उन्हें याद करता है जो दूसरों के लिए काम करते हैं: सीपी राधाकृष्णन

**खोडहा दलों को कार्यक्रम में पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित, राज्यपाल का आदिवासी परंपरा के तहत किया गया स्वागत**

## स्व. कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक महोत्सव, हजारों की संख्या में शामिल हुए लोग



नगाड़ा बजाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते राज्यपाल, सांसद, पद्मश्री अशोक भगत व अन्य।



स्व. कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के बदरी स्कूल मैदान में सरना समिति बदरी द्वारा आयोजित स्व. कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक महोत्सव शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ व अंत राष्ट्रगान से किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सांसद सुदर्शन भगत, सांसद समीर उरांव, पद्मश्री अशोक भगत शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि संसार हमेशा उन्हें स्मरण करता है जो दूसरों के लिए काम करते हैं। हर कोई अपने लिए जीता है जो लोग समाज के लिए जीते हैं वही सही मायने में जीवन जीते है। इस बात को चरितार्थ पंखराज बाबा कार्तिक उरांव ने किया है। कुछ लोग अपने समर्पित कार्य से हमेशा के लिए अमिट छाप छोड़ जाते हैं। वह महान आत्माएं जनता के उत्थान और विकास के लिए अपना सर्वस्त्र न्यौछावर कर देते है। कार्तिक उरांव एक साधारण व्यक्ति कर्म योगी थे। जिनका जीवन निस्वार्थ समर्पण और सामाजिक कल्याण के लिए अथक प्रयासों का प्रमाण है। उनकी विरासत हम सभी को प्रेरित करती है। पंख राज बाबा कार्तिक उरांव सिर्फ एक व्यक्ति नहीं थे। वह आशा के प्रतीक थे। उन्होंने समुदाय की भलाई और वंचितों के उत्थान के लिए सही मायने में समर्पित भाव से अथक परिश्रम करके उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके पूर्व सर्व प्रथम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कार्तिक बाबा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ नगाड़ा बजाकर किया गया। प्रोजेक्ट विद्यालय बदरी के छात्राओं के द्वारा स्वागत गान और नृत्य कर राज्यपाल का स्वागत किया गया। वहीं राज्यपाल को पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में खोड़हा दल के सदस्य शामिल हुए। जिनके द्वारा पारंपरिक नृत्य व गीत की प्रस्तुती की गई। जिन्हें आयोजन समिति के द्वारा सम्मानित किया गया।

**राज्यपाल का पगड़ीपोशी कर गमच्छा व बंडी देकर किया गया स्वागत :** कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल का आयोजन समिति के द्वारा पगड़ीपोशी कर व गमच्छा प्रदान कर पारंपरिक तौर पर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें क्षेत्रीय बंडी प्रदान की गई। जिसे स्वयं उन्होंने पहना। वहीं कार्यक्रम में शामिल अन्य अतिथियों का भी आयोजन समिति के द्वारा स्वागत किया गया। मंच तक सभी अतिथियों को परिघाते हुए महिलाओं के द्वारा पहुंचाया गया।

**आयुष चिकित्सा विभाग सहित कई तरह का लगाया गया स्टाल :** कार्यक्रम में आयुष चिकित्सा विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया। जिसमें यूनानी, आयुर्वेद, होम्योपैथ चिकित्सा सहित कई तरह की जांच कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया ।आयुष से संबंधित कई प्राकृतिक पौधे का सेवन जो स्वास्थ्य लाभ के लिए जरूरी है उसकी जानकारी दी गई। वहीं भारत गैस का स्टाल भी लगाया गया था। साथ ही महिला विकास मंडल और जेएसएलपीएस के द्वारा बनाए गए रागी लड्डू का स्टाल भी लगाई गई। इस मौके पर आयुष चिकित्सक डॉ अनिल कुमार, डॉक्टर विनय कुमार , डॉ मंजरी डॉक्टर फरजाना इमाम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कार्तिक उरांव का व्यक्तित्व समाज निर्माण का था: पद्मश्री अशोक भगत

पद्मश्री अशोक भगत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्तिक उरांव आदिवासी समाज को एक नया राह दिखाने का काम किया। उनका व्यक्तित्व समाज निर्माण करने का था। आदिवासी समाज आज अपनी पहचान की लड़ाई लड़ने की जो क्षमता रखती है वह कार्तिक उरांव के द्वारा दिया गया। आज आदिवासी समाज को जरूरत है कि कार्तिक उरांव के बताएं पदचिन्हों पर चले और बेहतर समाज निर्माण का काम करें।

### शिक्षाविद के साथ महान समाज सेवी थे कार्तिक उरांव: सुदर्शन

लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि कार्तिक बाबा शिक्षाविद के साथ-साथ महान समाजसेवी थे। समाज कैसे आगे बढ़े इसके लिए हमेशा उन्होंने प्रयास किया। जतरा का आयोजन स्व. कार्तिक उरांव की स्मृति में हर वर्ष किया जाता है। स्व. कार्तिक उरांव ने आदिवासियों के विकास व उत्थान के लिए जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन हमें जननेताओं व आदिवासियों को समाज सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

### कार्यक्रम में ये थे शामिल

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद समीर उरांव रांची की महापौर आशा लकड़ा,उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, कुमार रवि, रामनंदन साहू, बिपिन बिहारी सिंह, ओमप्रकाश सिंह, शिव शंकर उरांव, भिखारी भगत, महेंद्र भगत,रामावतार भगत, श्याम किशोर पाठक, तेंबू उरांव, रवि पहान, अमित ठाकुर,आशीष सोनी, राजमोहन सिंह, विवेक सिंह, पप्पू गुप्ता, गोपाल गोप, श्याम साहू ,दीनबंधु मांझी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व आरंभ, खरना आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कददु भात का सेवन करती छठव्रती

**गुमला।** लोक आस्था व सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ नहाय खाय के साथ शुक्रवार से आरंभ हो गया। लोक आस्था के इस महापर्व में छठ व्रतियों द्वारा पवित्र नदियों, तालाबों व सरोवरों में स्नान कर भगवान भास्कर को अर्घ अर्पित करने के बाद अपने हाथों से कद्दु व अरवा चावल का भात, चना का दाल बनाकर उसका सेवन किया। अनुष्ठान के दौरान पवित्रता का पूर्ण ध्यान व्रतियों द्वारा रखा गया। आस्था के इस महापर्व में घर-घर में लोगों ने कददु भात का सेवन किया। शुद्ध आम के लकडियों के द्वारा भोजन छठव्रतियों द्वारा बनाया गया। जनजातीय बहुल गुमला जिला में सूर्य उपासना का महापर्व धार्मिक अस्था व विश्वास के साथ मनाया जाता है। धीरे-धीरे यह पर्व शहर से होते हुए छोटे-छोटे गांव तक पहुंच गई है। अब गांव से लेकर शहर मुख्यालय के सभी तालाबों में छठ पूजा किया जाता है। क्योंकि पर्व के प्रति लोगों की आस्था में वृद्धि होते जा रही है। वहीं छठ पूजा में भगवान भास्कर को अर्घ अर्पित कर लोग अपने सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। वहीं क्षेत्र की शांति के लिए भी भगवान भास्कर से विशेष प्रार्थना की जाती है।

नहाय-खाय पर्व के बाद शनिवार को खरना पर्व व्रतियों द्वारा किया जाएगा। छठ महापर्व के तीसरे और चौथे दिन अस्तचलगामी सूर्य व उदयमान सूर्य को अर्घ अर्पित छठव्रती करेंगी। जिले के सभी प्रखंडों में भी शुक्रवार को छठ व्रतियों ने नहाय-खाय पर्व किया। प्रखंडों में भी नेम-निष्ठा का विशेष ध्यान व्रतियों द्वारा रखा गया। वहीं शहर के कई स्थानों पर लागत मूल्य पर छठ व्रतियों के बीच छठ सामान का वितरण किया गया। दुकानों पर सामग्री खरीदने के लिए दिन भर भीड़ लगी रही। वहीं दूसरी ओर छठ घाट की अंतिम चरण की सफाई में लोग जुटे हुए हैं। नगर परिषद विभाग के कर्मी लगातार छठ घाटों की सफाई कर रहे हैं।

### लोहरदगा : लोक आस्था का महापर्व छठ आरंभ

**लोहरदगा ।** लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। शुक्रवार को छठवर्तियों ने स्नान कर नया वस्त्र धारण किया। इसके उपरांत पूजा कर दिन के भोजन में अरवा चावल का भात, सेंधा नमक से बना चना दाल और कद्दू की सब्जी का सेवन किया। वहीं शनिवार को संध्या में खरना अनुष्ठान होगा। सूर्यदेव व छठ मईया को चावल, गुड़ और दूध की खीर, रोटी, फल का भोग लगाया जाएगा। यही भोग प्रसाद ग्रहण करने के बाद छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो जाएगा। इधर महापर्व को ले बाजारों में पूजन सामग्री, सूप, दौरा, फल, मिट्टी के बर्तन की बिक्री जोरों पर है। लोक आस्था के इस महापर्व में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। महापर्व को ले जिले में श्रद्धा और उत्साह का माहौल नजर आ रहा है। छठ महापर्व के गीत बजने से वातावरण भक्तिमय हो गया है। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी महापर्व की तैयारियां पूरी हो गई है।

## एक नजर में

### राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



राज्यपाल को पुष्पगुच्छ देते डीसी, एसपी

**लोहरदगा।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का शुक्रवार को लोहरदगा परिसदन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल शुक्रवार को गुमला जिला के घाघरा प्रखंड के बदरी ग्राम स्थित स्कूल मैदान आयोजित कार्तिक उराँव स्मृति यात्रा सह खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होकर लौटने के क्रम में लोहरदगा परिसदन में थोड़ी देर के लिए रुके। इससे पूर्व राज्यपाल का स्वागत लोहरदगा जिला के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमाँ द्वारा पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया गया। परिसदन में थोड़ी देर रुकने के बाद राज्यपाल का काफिला राजभवन, राँची के लिए रवाना हो गया। इस मौके पर जिला के अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### रुद्र महायज्ञ आयोजन को लेकर हुई बैठक



बैठक में शामिल लोग

**लोहरदगा।** रुद्र महायज्ञ आयोजन को लेकर भक्सो कोयल नदी तट स्थित प्राचीन देवी मंदिर प्रांगण में पूर्व स्थापित भक्सो मंदिर समिति , स्थानिय ग्रामीण जनमानस के द्वार बैठक किया गया। बैठक में महायज्ञ करने का संकल्प करते हुए यज्ञ कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रमेश राम , उपाध्?यक्ष सतीश महली, सचिव दीपक साहू, मीडिया प्रभारी उदय साहू तथा संचालक जगदाचार्य स्वामी अजुर्नानंद भारती जी , यज्ञिक भोलू पंडित शनिदेव मंदिर लोहरदगा पुजारी को बनाया गया। वही यज्ञ संरक्षक मंडली में चुसु सिंह, गंगा उराँव, चन्द्र किशोर उराँव ,सत्यदेव उराँव उमेश राम आदि शामिल है । बैठक में बिनोद महली, अमित लोहरा, फुलकेश्वर उरांव, मदन महली, सिकंदर राम, नितेश महली, अकाश उरांव,आदि उपस्थित थे।

### आदिवासी रीति रिवाज के साथ बिरसा मुंडा प्रतिमा का किया गया अनवारण



भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिप सदस्य

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड क्षेत्र के जिला परिषद कॉम्प्लेक्स किस्को चौक के समीप आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को यादगार को बरकरार रखने के उद्देश्य से किस्को में भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा का अनावरण जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, बीडीओ और थाना प्रभारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा हम सबों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया।आज हम सब के लिए गौरव का पल है की हम उनके प्रतिमा का अनावरण कर रहे है।इससे पूर्व सभी अतिथियों को अंग अस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद आदिवासी रीति रिवाज से सर्वप्रथम पहले विधिवत रूप से भगवान बिरसा मुंडा की पूजा अर्चना किया गया जिसके बाद अतिथियों के द्वारा नारियल फोड़कर बिरसा मुंडा प्रतिमा का उद्घाटन किया गया। इस दौरान सभी अतिथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर फूल माला चढ़कर उनकी जीवनी पर विस्तृत चर्चा किया । कार्यक्रम में देवदरिया पंचायत के मुखिया कामिल टोपनो, 20 सूत्री सदस्य

### शिष्टमंडल मिला एसपी से



एसपी को स्मृति चिन्ह देते लोग

**लोहरदगा।** झारखंड ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन लोहरदगा,गुमला,लातेहार का एक शिष्ट मंडल लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा से उनके आवास पर भेंट कर उन्हें भारत का स्मृति चिन्ह भेट करते हुए दीपावली एवं छठ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एसपी हारीश बिन जमा ने भी सभी जिला वासियों को सभी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से दशहरा एवं दीपावली पर्व हर्षो उल्लास के साथ एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इसके लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा की छठ पर्व भी धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होंगे। मुलाकात करने वाले में कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ,उपाध्यक्ष मोहम्मद कैश, अवधेश मित्तल,शशि भूषण सिंह,हर्षित सोनी,अतुल कुमार आदि मौजूद थे।

## जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये प्रशिक्षण



जैविक खेती की जानकारी लेते महिलाए

**खबर मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत घाटा ग्राम में प्रदान संस्था द्वारा जैविक खेती के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में प्रदान संस्था के प्रशिक्षक एरेन टोप्पो व दुर्गावती देवी द्वारा महिला किसानों को जैविक खेती के बारे जानकारी देते हुए कहा गया की आज के आधुनिक युग मे रासायनिक खाद से होने वाले बीमारी और नुकसान से बचना आवश्यक है।

साथ ही बताया गया कि यूरिया, साल्फेट, डीएपी जैसे रासायनिक खाद से मिट्टी का उर्वरा शक्ति कम हो रहा है। और रासायनिक खाद का प्रयोग करने के कारण मिट्टी कठोर होने से जलस्तर घट रहा है। जैविक खेती के माध्यम से कृषि कार्य करने के बारे में जोर देते हुए कीटनाशक दवा और विटामिन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर उप मुखिया सुषमा उराँव, मालो देवी, सरिता उराँव, बसन्ती उराँव, लक्ष्मी उराँव सहित अन्य महिलाएँ उपस्थित थे।

## परियोजना भ्रमण के द्वारा न्याय सलाह केन्द्र का हुआ निरीक्षण

**खबर मंत्र संवाददाता**



निरीक्षण करते सदस्य

**कुडू ,लोहरदगा ।** शंख धारा महिला विकास मंडल कुडू में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चल रहे आजिविका न्याय सलाह केंद्र में लोहरदगा जिला के सामाजिक विकास डोमेन के अंतर्गत पांच प्रखंड सदर, किस्को, कैरो, भंडरा,पेशरार से प्रखंड क्रियान्वयन इकाई के सदस्यों के द्वारा परियोजना भ्रमण किया गया । टीम के सदस्यों को आजीविका न्याय सलाह केंद्र के माध्यम से महिला हिंसा, घरेलू हिंसा जैसे मामलों की स्थानीय स्तर पर रोकथाम करने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई । साथ ही गरिमा परियोजना में चल रहे कार्यों की जानकारी भी विस्तार पूर्वक दिया गया । अभी वर्तमान में कुरु प्रखंड में तीन आजिविका न्याय सलाह केंद्र जेएसएलपीएस द्वारा संचालित हैं । इस आजिविका न्याय सलाह केंद्र के सहायता से लगभग 114 केसों का निष्पादन स्थानीय प्रशासन, डालसा, इत्यादि के सहयोग से किया गया । इस केंद्र के माध्यम से केस का निष्पादन करके का तरीका के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया । आए हुए टीम के सदस्यों द्वारा बदलाव मंच के बैठक में शामिल होकर बदलाव मंच के द्वारा ग्रामीण स्तर पर विभिन्न विभागों ( शिक्षा, बाल विकास, स्वास्थ्य, जनप्रतिधि, जन वितरण प्रणाली ) के साथ सामंजस्य स्थापित करके ग्रामीण क्षेत्र के समस्यों का निष्पादन करने के बारे में भी जानकारी दिया गया । इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस लोहरदगा के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिता केरकेट्टा, सामाजिक विकास प्रबंधक बिनोद होरो, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्याम सुन्दर प्रजापति, पंकज कुमार, पुष्पा मिंज, राजेन केरकेट्टा, विनीता, विजय कुमार, शंख धारा महिला विकास मंडल के संघ समन्वयक दीपक कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय समन्वयक छोटू मांझी,मनिता कुमारी, धनंजय प्रजापति, सहित सभी पारालीगल सदस्य, जेंडर सीआरपी के सदस्य शामिल हुए ।

# पूरे अभ्रकांचल में नहाय खाय के साथ छठ महापर्व का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। इसको लेकर व्रतियों के निवास स्थलों पर सफाई के बाद गेहूं चुनने एवं फटकने का काम किया एवं व्रत के लिए रखे बर्तन को साफ किया। पर्व के लेकर व्रतियों के निवास स्थल पर उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है।

वहीं गली मुहल्लों में छठ मइया के गीत से वातावरण भक्तिमय हो गया है। शनिवार को खरना के प्रसाद के बाद छठ पर्व में महिलाएं 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखेंगी। वे संतान की सुख समृद्धि व दीर्घायु की कामना के लिए सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना करेगी। यह पर्व प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। हिदुओं के लिए छठ सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। छठ पर्व षष्ठी तिथि से दो दिन पहले यानी चतुर्थी से नहाय खाय के साथ शुरू होता है। इसमें भगवान भाष्कर की विशेष उपासना की जाती है। इसमें उगते व डूबते सूर्य की पूजा की जाती है। छठ का व्रत काफी कठिन व नियम के साथ किया जाता है। छठ पर्व पूरे चार दिनों तक चलता है। इस पर्व में मुख्यतः सूर्य देव को अर्घ्य देने का सबसे ज्यादा महत्व माना गया है। पर्व चतुर्थी तिथि को नहाय खाय से होता है, फिर पंचमी को लोहंडा व खरना होता है। इसके बाद षष्ठी को छठ पूजा होती है, जिसमें सूर्य देव को शाम का अर्घ्य अर्पित किया जाता है। इसके बाद अगले दिन सप्तमी को सूर्योदय के समय में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं व फिर पारण कर व्रत को पूरा करते हैं। वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री सह विधायक डॉ. नीरा यादव पूरी आस्था, लगन एवं शुद्धता के साथ वर्षों से महापर्व छठ करती आ रही है। पर्व को लेकर उन्होंने शुक्रवार को अपने परिवार के सदस्यों के साथ स्वयं महाप्रसाद का गेहूं को धोकर सुखाते नजर आई एवं परिजनों के साथ कद्दू भात का महाप्रसाद ग्रहण किया।

## स्पीड न्यूज

### प्रखंड प्रशासन ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड प्रशासन ने गाडीलौंग एवं टंडवा समेत अन्य छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान विधि – व्यवस्था का जयजा लिया। तत्पश्चात सुरक्षा मानक से सम्बंधित पूजा समिति के पदाधिकारियों को कई दिशा–निर्देश दिया गया। मौके पर अंचलाधिकारी राजेन्द्र कुमार दास, इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह एनटीपीसी के अधिकारी धीरज गुप्ता भाजपा नेता सुनील कुमार चौरसिया विक्की कुमार शोनु भुइयाँ समेत अन्य मौजूद थें।

### दर्जनों छठ घाट पर चलाया गया सफाई अभियान



**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखण्ड के कान्हाचट्टी बाजार स्थित छठ घाट सहित दर्जनों छठ घाटों की साफ–सफाई का शिलशिला लगातार जारी है। स्वच्छता के इस कड़ी में ही शुक्रवार को प्रखण्ड के सायल बगीचे, डोंडागड़ा, राजपुर, हेसापरम, पेलतौल, बाराबागी सहित दर्जनों छठ घाट की साफ सफाई सम्बंधित गांवों के समितियों ने किया। सायल बगीचे में समाजसेवी राजेन्द्र सिंह एवं उप–मुखिया बबलू कुमार केशरी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।वहीं डोंडा गड़ा में बच्चू सिंह, आकाश कुमार आदि के नेतृत्व में छठ घाट की साफ सफाई किया गया। इधर छठ पूजा का शुभारंभ शुक्रवार से नहाय खाए के साथ शुरू हो गया।जो लगातार तीन दिनों तक यह महापर्व चलेगा। इस महापर्व में कई समाजिक संगठनों ने कई तरह के स्टॉल भी लगा रहे हैं।

### बारीसाखी मुखिया प्रतिनिधि ने किया छठ घाट का निरीक्षण



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत गांव बारीसाखी में लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर बारीसाखी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती ने पंचायत क्षेत्र के, बारीसाखी स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान छठ घाट स्थल के साफ–सफाई, बिजली व्यवस्था व छठ व्रतियों की सुविधाओं की जानकारी ली। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि आस्था के चार दिवसीय छठ महापर्व पर व्रतियों को छठ घाटों पर किसी तरह की परेशानी न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जर्जर घाटों जेसीबी की मदद से मरम्मति कराया गया एवं समय से पूर्व नदी और उसके आसपास की सफाई करा लिया जाएगा।

### राजद नेता ने छठ व्रतियों के बीच छठ पूजन सामग्री का किया वितरण



**कोडरमा।** छठ पर्व को लेकर राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने जिले के हर प्रखंडों में कैम्प लगाकर शुक्रवार को छठ पूजा सामग्री का वितरण किया। वहीं उन्होंने कहा कि छठ महापर्व की अपनी अलग पहचान है। लोकआस्था का महापर्व में कोई भी गरीब को परेशानी ना हो, इसके लिए जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर कैम्प लगाकर छठ सामग्री का वितरण सेवा भाव के साथ किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि राजद गरीब गुरबों की पार्टी है, देश में मंहगाई चरम पर है, ऐसे में गरीबों को मंहगाई से काफी परेशानी होती है। इसलिए राजद का प्रयास मंहगाई के दौर में गरीबों को पर्व त्योहार फीका ना हो, इसका सतत प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि राजद छठ पर्व पर विभिन्न क्षेत्रो में जाकर छठ पूजन सामग्री और छठ व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण कर रही है।

### पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों ने जेसीबी से करायी छठ घाट की सफाई



छठ घाट की सफाई करते लोग।

**धुरकी।** लोक आस्था महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजा तालाब स्थित शिव मंदिर छठ घाट परिसर की सफाई धुरकी थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि एवं पंचायत के मुखिया महबूब अंसारी के द्वारा जेसीबी से कराई जा रही है। छठ पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा श्रमदान कर साफ सफाई की जा रही है। प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण करते हुए बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने वैसे तालाब या नदी जो गहरी खाई हो वहां छठ व्रतियों के न जाने की सलाह दी।

## मंत्री आवास में छठ महापर्व का आयोजन

### प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर छठ महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर के परिजन छठ महापर्व कर रहे हैं। शुक्रवार को मंत्री के आवास पर नहाय-खाय का प्रसाद ग्रहण करने जिले के सभी आला अधिकारियों सहित काफी संख्या में प्रबुद्ध जन पहुंचे। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी का स्वागत करते हुए प्रसाद ग्रहण कराया। मंत्री का आवास छठ महापर्व के रंग में पूरी तरह से रंग गया है। महापर्व के लिए आवास परिसर में त्रिम तालाब का निर्माण किया गया है। छठ महापर्व की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ प्रारंभ हो गया है। गढ़वा जिला सहित संपूर्ण झारखंड राज्य आस्था के समुद्र में डुबकी लगा रहा है। पूरे देशवासियों की बहुत बड़ी आस्था जुड़ी हुई है। मंत्री ने भगवान भास्कर, छठी मैया से गढ़वा जिला सहित पूरे राज्य वासियों एवं समस्त देशवासियों के खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान भास्कर के आशीर्वाद से राज्य तेजी से विकास करे। शुक्रवार को नहाय खाय के बाद शनिवार को दिन भर सभी छठव्रति उपवास रख कर शाम को खरना करेंगे। उसके बाद रविवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। तत्पश्चात सोमवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य के साथ यह महापर्व संपन्न हो जाएगा। मौके पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अनिता दत्त, संतोष केशरी, कंचन साहु, दिलीप गुप्ता, मुन्ना झा, आशीष अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, गुरू दत्त सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



लोगों को प्रसाद खिलाते मंत्री।

### मेराल थाना प्रभारी ने किया विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**मेराल।** थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने लोक आस्था व पवित्रता के चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर शुक्रवार को विभिन्न छठ घाटों को निरीक्षण किया। इस दौरान थाना मुख्यालय के सरस्वतिया नदी शिव मंदिर छठ घाट, स्टेशन रोड शिव मंदिर तालाब छठ घाट, नेनुआ मोड छठ घाट, मुड़ल टोला युरिया नदी छठ घाट के अलावे अन्य कई छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समिति के लोगों से छठ घाटों पर पहुंचने वाले मार्गों पर लाइट साउंड आदि की जानकारी लेते हुए रात्रि में श्रद्धालुओं के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। उन्होंने तालाब छठ घाट पर पानी की गहराई की जानकारी स्थानीय मुखिया पति मुन्ना राम से ली तथा एहतियात के लिए छठ पूजा समिति के लोगों को निगरानी करने की सलाह दी। थाना प्रभारी ने श्रद्धालुओं से गहरे पानी में न जाने की अपील की। वहीं मुड़ल टोला युरिया नदी छठ घाट पर आयोजित देवी जागरण कार्यक्रम को लेकर समिति के लोगों को मुकम्मल लाइट तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिया।

### मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड में छठ महापर्व की तैयारी जारी

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के तमाम हिंदू बहुल इलाकों में आस्था का महापर्व छठ मनाने को लेकर लोग काफी उत्साहित है। विभिन्न छठ घाट कमेटी के सदस्यों के द्वारा छठ घाटों की साफ-सफाई, पंडाल एवं लाइटिंग आदि की व्यवस्था की जा रही है। इसी प्रकार नगर पंचायत क्षेत्र में कोयल नदी के रमणीय तट पर अवस्थित राधाकृष्ण मंदिर छठ घाट, बैलगाड़ी घाट, पंपू कल घाट, मेला घाट छठ पूजा समिति सहित दर्जनों छठ घाटों पर छठ पर्व के आराध्य देव भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर कोयल नदी के तेजधार में सेतु का निर्माण किया जा रहा है, जो अंतिम चरण में है। इधर राधाकृष्ण मंदिर छठ घाट पूजा समिति के कलाकार सदस्यों में हिमांशु चंद्रवंशी, प्रीतम कुमार मेहता, रकी तिवारी, मुकेश चंद्रवंशी, शिवम गुप्ता, सुधीर चंद्रवंशी, नितीश चंद्रवंशी, आनंद किशोर तिवारी, नागेंद्र शाह एवं संतु सिंह सहित तमाम सदस्यों के द्वारा बड़ी ही मेहनत एवं लगन के साथ सेतु का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार बकोईया, आमर, खजूरी, बीरबंधा खरसोता, मोरबे, गोपालपुर एवं बरडीहा आदि गांवों के नदी, तालाबों एवं जलासयों में पूजा की तैयारी की जा रही है।

## थाना प्रभारी ने करायी छठ घाट की सफाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा सिवान के बांकी नदी पर ग्राम तलसबरिया एवं ग्राम बभनी के छठ व्रति पर्व मनाने के लिए छठ घाट पर आते हैं। जिसको लेकर बरडीहा थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय के नेतृत्व में तलसबरिया के पूर्व मुखिया शैख अमीरुद्दीन, बरडीहा प्रखंड के राजद प्रखंड अयक्ष नवल यादव, समाजसेवी गुलाम गौस के द्वारा संयुक्त से छठ घाट का सफाई करवाया गया। इस संबा में थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया जा रहा है और त्यौहार में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो जिसके लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। छठ पर्व आस्था का महापर्व है जिसको लेकर बभनी बांकी नदी छठ घाट पर मझिआंव के तलसबरिया एवं बरडीहा बभनी गांव के लोग छठ व्रत करने आते हैं जिसको लेकर विशेष यान दिया जा रहा है। पूर्व मुखिया शेख अमरुद्दीन ने कहा कि इस घाट को मैं निरंतर कई वर्षों से साफ सफाई करवाते आ रहा हूं और इस बार बरडीहा राजद प्रखंड अयक्ष नवल यादव एवं समाजसेवी गुलाम गौस के साथ मिलकर छठ घाट को विवित साफ सफाई कराया गया है। मौके पर सब इंस्पेक्टर अमित यादव, बबलू यादव, अब्दुल खान, फैज अहमद खान एवं तलसबारिया व बभनी के ग्रामीण जनता उपस्थित थे।



घाट की सफाई करते लोग।

### चार दिवसीय छठ महापर्व नहाय खाय के साथ शुरू

**धुरकी।** प्रखंड अन्तर्गत छठ महापर्व को लेकर छठ व्रतियों के साथ-साथ लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस दिन छठ व्रत रखने वाले सूर्योदय से पूर्व स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण कर लौकी की सब्जी चना दाल के साथ चावल ग्रहण कर व्रत की शुरुआत करते हैं। इसे लेकर सुबह से ही गांव स्थित नदी तालाब में स्नान करते देखा गया। धुरकी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव छठ घाट को साफ-सफाई के साथ सजाने संवारने का काम अंतिम चरण में है। इस स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए धुरकी थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि अपने दल बल के साथ धुरकी प्रखंड सहित छठ घाट की जानकारी लेते देखे गए।

### पूर्व मंत्री ने किया छठ पूजन सामग्री का वितरण

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत राजमाता गुंजेश्वरी देवी महाविद्यालय परिसर में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने छठ व्रत्तियों के बीच फल एवं छठ पूजन सामग्री का वितरण किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि चार दिनों तक चलने वाला छठ महापर्व सनातन धर्म का सबसे पवित्र और महान त्यौहार है। इस महापर्व को करने से समस्त मानव का जीवन मंगलकारी हो जाता है तथा भगवान भास्कर की कृपा से हर असाध्य रोगों का नाश होता है। स्वच्छता के इस महापर्व को बिहार झारखंड सहित देश के विभिन्न भागों में काफी उत्साह और श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाता है। मौके पर भाजपा नेता सुलपानी सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनील माली, भाजपा नेता ललित राम, मीरा देवी, यदुनंदन यादव, प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर सोनी आदि लोग उपस्थित थे।

## जोर शोर से की जा रही है छठ घाटों की साफ-सफाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में छठ महापर्व को लेकर छठ घाटों की साफ-सफाई जोर शोर से की जा रही है। कहीं जेसीबी के माध्यम से तो कहीं मजदूरों को लगाकर घाट की सफाई सहित साज सज्जा का कार्य कराया जा रहा है। इस क्रम में लवाही पंचायत के पोखरा छठ घाट की सफाई मुखिया बच्चा लाल गुप्ता की देख रेख में कराया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों व समाजसेवियों द्वारा छठ व्रतियों की हर सुविधा का यान रखते हुए छठ घाट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मौके पर मुखिया बच्चा लाल गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ महापर्व के अवसर पर व्रतियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। घाट की साफ-सफाई के बाद घाट तक पहुंचने वाले सभी सड़कों की सफाई, लाईट, साउंड आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ-साथ घाट पर भगवान भास्कर की भव्य प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व को लेकर 19 नवंबर को अहले सुबह आठ बजे छठ व्रतियों के बीच फलाहारी का वितरण किया जाएगा। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख कांति देवी करेंगी। छठ पूजा के दिन रात्रि में कलाकारों के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। प्रमुख प्रतिनिधि घुरबिगन बैठा ने बताया कि खरना के दिन लवाही में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया जायेगा। छठ घाट पर अर्घ्य देने के लिए दूध की भी व्यवस्था की जाएगी। मौके पर रामनाथ भुईयां, विजय राम, बबलू राम, राम किशुन बैठा, चंदन यादव, शिवनारायण यादव, कुंदन यादव, आदि लोग उपस्थित थे।



छठ घाट की सफाई करते लोग।

### छठ व्रतियों के बीच साड़ी, सूप व नारियल का वितरण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर सभी जगह तैयारी तेज हो गई है एवं छठव्रती समानों की खरीदारी में जुट गये हैं। वहीं महापर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र के दरदाही हाट बाजार में छठ को लेकर राजद पार्टी की ओर से स्टॉल लगाकर छठ पर्व के पहले दिन नहाय-खाय के अवसर पर शुक्रवार को छठ व्रतियों के बीच साड़ी, सुप, नारियल व अन्य पूजन सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर डॉ. सरफराज नवाज खान, सरफुद्दीन अंसारी, राजेश पासवान, रंजीत यादव, मनिंदर राम, रामजी राम, रंजीत यादव, नारायण दास, बीरेंद्र यादव आदि लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### विकास भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक एनएसएफडीसी रजनीश कुमार जेनाव जिला में होने वाली विकास भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। यह यात्रा देश भर में विकास और प्रगति को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से विकास भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में मोबाइल वैन के संचालन के लिए रूट चार्ट तैयार किया जाए। ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चिह्नित करें और मौके पर ही पंजीकरण के साथ उनकों लाभान्वित किया जाए। इस अभियान को सफल संचालन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर समिति गठित की जाए। प्रत्येक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की फोटो, वीडियो के साथ इसकी पूरी रिपोर्ट पोर्टल पर भी अपलोड की जाए।

### 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय : भीम आर्मी



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के साहू धर्मशाला में भीम आर्मी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विकाश कुमार एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र दास ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 26 नवंबर को अम्बेडकर चौक झुमरीतिलैया में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान बचाओ संकल्प दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं जिलाध्यक्ष विकाश कुमार ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार कर राष्ट्रपति को सौंपे थे एवं दुनिया का सबसे बड़ा संविधान देश को देकर पूरे देशवासियों को मूलनिवासियों को अधिकार दिए। हमें अपना अधिकार बचा कर रखना है। वहीं भीम आर्मी चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव ने कहा कि 26 नवंबर को पूरे देश में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। बाबा साहेब अम्बेडकर एवं बहुजन महापुरूषों को याद कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरुरत है। कार्यक्रम में मुकेश कुमार, पवन कुमार, राजू दास, कुलदीप रविदास, पंकज कुमार दास, राजू कुमार दास, चंदन कुमार दास, बिनोद आदि लोग मौजूद थे।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बीडीओ के नेतृत्व में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि शंकर सिंह उर्फ रिंकू, बीपीओ राकेश रंजन एवं सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व प्रखंड कर्मी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से अबुवा आवास के बारे में विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान बीडीओ ने बताया कि 16 पंचायतों में तिथिवार कार्यक्रम होना है। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार अपने-अपने पंचायत में करना है। हर पंचायत में 22 स्टॉल लगाए जाएंगे। बैठक में मुखिया बेदू साव, सुनील यादव, रंजीत सिंह, नीता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव, देवनारायण यादव, दशरथ यादव उर्फ संजू, सुभाष यादव, अनुराधा सीता, पंसस अफजल मियां, उपेंद्र यादव, पंचायत सेवक टुकन साव, श्याम सुन्दर यादव, रामचंद्र यादव आदि प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### देसी कट्टा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** हत्याकांड एवं अन्य मामले में कई महीनों से फरार अभियुक्त को टंडवा पुलिस ने किया गिरफ्तार। जानकारी के अनुसार सराढु पंचायत अंतर्गत सिदालु निवासी अशोक यादव उर्फ अशोक कुमार के द्वारा बीते 2017 में सड़क दुर्घटना का इल्जाम लगाकर एक व्यक्ति को हत्या किया गया था, जिसके खिलाप टंडवा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। साथ ही अशोक यादव के खिलाफ केरेडारी थाना में भी अपराधी का मामला दर्ज है। जिसे लेकर हजारीबाग न्यायालय के द्वारा गिरफ्तारी का वारंट भी जारी किया गया था। उक्त मामले को लेकर पुलिस की लागातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा था, इसी क्रम में बीते गुरुवार को फरार अभियुक्त अशोक यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के बाद एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा गोली भी बरामद कर जेल भेज दिया गया। मौके पर इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह एसआई अभिनव आनंद रंजीत कुमार समेत से सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### नहाय खाए के साथ आस्था का महापर्व शुरू

**महुआडांड़।** सूर्योपासना का महापर्व छठ आज सोमवार को नहाय-खाय के साथ आज से शुरू हो गया। आज के दिन व्रती कद्दू की सब्जी अरवा चावल का भात चने की दाल सहित विविध व्यंजन बनाकर लगाएंगे भगवान को भोग। पर्व को लेकर व्रतियों में काफी उत्साह है। लोग तैयारी में जुट गए हैं। बाजार से सामान की खरीदारी कर रहे हैं। सोमवार को व्रती नहा-धोकर कद्दू की सब्जी, अरवा चावल का भात, चने की दाल सहित विविध व्यंजन बनाकर भगवान को भोग लगाएंगे। उसके बाद सपरिवार प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### झामुमो नेता ने करायी छठ घाट की साफ-सफाई


सफाई कराते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मकईयाटांड़ स्थित छठ घाट की साफ-सफाई झामुमो प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष औरंजेब खान के नेतृत्व में कराया गया। जेसीबी एवं मजदूरों की सहायता से छठ घाट की साफ-सफाई करवाई गई। मौके पर मकईयाटांड पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर,ड्रग ओनर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी समेत कई लोग मौजूद थे। मौके पर जानकारी देते हुए झामुमो नेता ने बताया कि लोक आस्था के महापर्व में छठ व्रतियों को कोई कष्ट न हो इसको लेकर सफाई अभियान चलाया गया। छठ घाट में लाइट और साउंड की भी व्यवस्था किया गया है। बता दे की बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय से भी इस छठ घाट में लोग पूजा के लिए जाते हैं। क्योंकि बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय के सबसे नजदीक मकइयाटांड नदी आती है।

### धरना पर बैठे लोगों से अंचलाधिकारी ने की वार्ता


वार्ता करते अंचलाधिकारी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में ओबी एवं कोयला रेजिंग का कार्य कर रही पीएनएम कंपनी द्वारा स्थानीय विस्थापितों को नौकरी से निकाल दिए जाने के बाद सभी मजदूर विस्थापित नेता गिरधारी यादव के नेतृत्व में पीएनएम कंपनी के खिलाफ तेतरियाखांड स्थित पिट ऑफिस के समीप बीते एक सप्ताह से धरना दे रहे है। जिसको लेकर शुक्रवार को बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, कोलियरी मैनेजर दीपक कुमार धरना स्थल पहुंचे और विस्थापित नेता एवं मजदूरों के साथ वार्ता किया। अधिकारियों ने कहा कि आप सभी अपना आंदोलन समाप्त कर दें। आप लोगों की मांगों को कंपनी के अधिकारियों से अवगत कराया जाएगा। लेकिन मजदूर नेता द्वारा कहा गया कि जब तक कंपनी के असली मालिक विपिन मिश्रा और जिला प्रशासन के साथ वार्ता नहीं होती है तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। दोनों अधिकारियों ने कंपनी के मलिक विपिन मिश्रा व जिले के सक्षम पदाधिकारी को बुलाने का आश्वासन दिया गया है।

### छठ पर्व को लेकर पूर्व विधायक ने करायी छठ घाट की साफ-सफाई

**बारियातू।** प्रखंड के जबरा स्थित छठ घाट का पूर्व विधायक प्रकाश राम ने निजी कोष से जेसीबी मशीन से साफ सफाई कराया। उक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए सोनू प्रजापति ने बताया की लोक आस्था का महापर्व छठ को देखते हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम ने निजी कोष से जेसीबी मशीन द्वारा छठ घाट व श्रद्धालुओं को आने जाने के लिए डस्ट और मिट्टी से भरावट किया गया। मौके पर राकेश प्रजापति, विकास प्रजापति, दिलीप सिंह आनंद प्रजापति, राजकुमार, सत्येंद्र, कुलदीप, रोहित ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पाटन सीओ से बाजार और मुख्य पथ से अतिक्रमण हटाने की मांग

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के इसखार अंसारी, उमा सिंह, रंजीत सिंह, लनेश पांडेय समेत कई ग्रामीणों ने पाटन सीओ को आवेदन देकर पाटन बाजार व मुख्य पथ से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। लोगों ने दिये गये आवेदन में कहा है कि ग्राम केल्हार के प्लॉट में पाटन बाजार स्थित है। जिसमें साप्ताहिक बाजार भी लगता है। इसके बगल में मनोरंजन प्रसाद समेत कई लोग घर निर्माण करा रहे हैं। जबकि उनका खरीदा गया जमीन का प्लाट अलग है। बाजार की भूमि पर गृह निर्माण किया जा रहा है। साथ ही बाजार में वाहन खड़ा कर पथ का अतिक्रमण किया जाता है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। बाजार की जमीन पर रोक लगाते हुए सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई है। ताकि लोगों का आवागमन बिना परेशानी के सुलभ हो सके। अतिक्रमण हटाने की मांग करनेवालों में कुसुम देवी, दीपक सिंह, प्रमोद सिंह, प्रेम कुमार, प्रदीप कुमार, राजेंद्र सिंह, श्रवण का नाम शामिल है।

## एसपी अंजनी अंजन ने की नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने की अपील

# नक्सली जितेंद्र ने डीसी व एसपी के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति नई दिशा से प्रभावित होकर भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य जितेंद्र नगेसिया उर्फ जितेंद्र किसान पिता स्वर्गीय मोहन नगेसिया उर्फ जोधन किसान (तुमेरा, परसवार, भंडारिया गढ़वा) वर्तमान (पीपर ढाबा, कुसमी बलरामपुर, छत्तीसगढ़) ने शुक्रवार को लातेहार एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व उपायुक्त हिमांशु मोहन के समक्ष आत्म समर्पण किया। आत्मसमर्पण के बाद बुके व शॉल देकर स्वागत किया। एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि हिंसा के रास्ता छोड़कर जितेंद्र नगेसिया आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने आगे कहा कि लगातार सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुवार व जिला पुलिस के द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलाई जा रही है। जिससे पुलिस को कई उपलब्धि भी मिली है। उन्होंने अन्य नक्सली संगठन के उग्रवादियों को भी मुख्यधारा में लौटने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि आत्म समर्पण करने वाला नक्सली जितेंद्र बूढ़ा पहाड़ में काफी सक्रिय रहा है। वहां ऑक्टोपस अभियान चलाने के बाद नक्सली भाग खड़े हुए। उपायुक्त हिमांशु मोहन ने कहा कि सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर सरेंडर किया है। इस पॉलिसी में सरकार द्वारा जो भी सुविधा मिलने वाली है। उसे मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जल्दी से धन अर्जित करने की वजह से कई लोग गलत रास्ते में चले जाते हैं। वह अपराध की दुनिया छोड़कर मुख्य धारा में लौटे। जितेंद्र नगेसिया को आत्म समर्पण के लिए प्रेरित करने में बरवाडीह एसडीपीओ दिल्लू लोहरा, लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, छिपादोहार थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, बारेसांढ थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, छिपादोहार थाना के रंजीत राम, काशी महली का अहम योगदान रहा।


पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते एसपी व डीसी।

### मुख्यधारा में लौट जितेंद्र समाज सेवा करना चाहता है

**आत्मसमर्पण** करने वाला जितेंद्र नगेसिया ने पत्रकार से बातचीत में बताया कि वह मुख्यधारा में लौट कर खेती बाड़ी का घर परिवार के साथ रहना चाहता है। उन्होंने बताया कि भाकपा माओवादी के अमन भुइयां व विमल यादव द्वारा जबरन संगठन में शामिल कराया था। उन्होंने कहा कि भाकपा माओवादी के शीर्ष नक्सली नवीन यादव के आत्मसमर्पण से प्रभावित होकर आत्म समर्पण किया है। उन्होंने कहा की जो लोग मुख्यधारा से भटक गए हैं, आत्मसमर्पण कर सरकार के पॉलिसी का लाभ उठाएं। आत्मसमर्पण के दौरान जितेंद्र के पत्नी व बेटा मौजूद थे।

**जितेंद्र पर चार अपराधिक मामले हैं दर्ज, 2018 में माओवादी में हुआ था शामिल**

आत्मसमर्पण करने वाला भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य जितेंद्र नगेसिया पर कुल चार अपराधिक मामले दर्ज है। वह बूढ़ा पहाड़ में छोटू खरवार व अरविंद के साथ कार्य कर चुका है। 2018 में भाकपा माओवादी के अमन भुइयां व विमल यादव के दस्ते में शामिल हुआ था। तब से वह कई घटनाओं का अंजाम दे चुका है। उसके उपर बारेसांढ में दो व छिपादोहर और महुआडांड़ थाना में एक-एक अपराधिक मामला दर्ज है।

### ब्रेन हैमरेज का शिकार हुआ मनोज, मदद की अपील

- युवाओं की पहल पर लोगों ने ऑनलाइन पैसा जमा करना शुरू किया
- रांची के राज हॉस्पिटल में इलाजरत है मनोज दो अबोध बच्चें हैं


मनोज कुमार।

**चंदवा।** चंदवा के अलौदिया निवासी मनोज कुमार बीते दिनों ब्रेन हैमरेज का शिकार हो गया। आनन फानन में उसे रांची के राज हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती किया गया। इलाज के बाद डॉक्टर ने मनोज की स्थिति चिंताजनक बतायी है। इधर इलाज में हुए खर्च के बाद मनोज की घर के माली स्थिति भी खराब हो चुकी है। मनोज की पत्नी सीमा ने लोगों से मदद की अपील की है। इधर जानकारी मिलने के बाद से युवाओं की पहल पर लोगों ने ऑनलाइन पैसा मनोज के भाई के खाते में डालना शुरू कर दिया है। मनोज के दो अबोध बच्चें है। मनोज साउंड लगाने का काम करता था। अचानक से ब्रेन हेमरेज होने के बाद से ही मनोज के परिजनों का बुरा हाल है। परिजनों ने मनोज के इलाज में लोगों से सहायता की अपील की है।

### एसपी अंजनी अंजन ने छठ घाट का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक, लातेहार अंजनी अंजन एवं पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन शुक्रवार को शहर के मुख्य औरंगा नदी छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने सूर्यनारायण पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह से छठ पूजा को ले कर की गयी तैयारियों की जानकारी ली। अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि छठ घाट में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा नदी में कई स्नानागार बनाये गये हैं। छठ घाट तक पहुंचने वाली रास्ते को दुरूस्त किया गया है और रौशनी की व्यवस्था की गयी है। एसपी ने समिति के द्वारा किये गये इंतजाम पर संतोष जाहिर की। उन्होने विधि व्यवस्था संधारण के लिए कई आवश्यक निर्देश थाना प्रभारी आशुतोष कुमार को दिया। मौके पर राकेश दुबे, लक्ष्मी प्रसाद, अनिल गुप्ता, सुधीर प्रसाद समेंत समिति के कई सदस्य शामिल थे।


निरीक्षण करते एसपी।

**किया गया रूट डायवर्ट**

छठ पूजा को ले कर एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर बाइपास चौक से रेलवे स्टेशन जाने वाली वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किया गया है। खीर भोजन के दिन 18 नवंबर को अपराह्न तीन बजे से संध्या सात बजे तक रेलवे स्टेशन और लातेहार शहर की ओर आने-जाने वाली सभी वाहनों का परिचालन गांधी कॉलेज रोड, राजहार की ओर किया जायेगा। जबकि अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के दिन अपराह्न दो से सात बजे तक सभी वाहनों का परिचालन गांधी कॉलेज रोड, राजहार की ओर से किया जायेगा। एसपी ने थाना प्रभारी को इसका अनुपालन कराने का निर्देश दिया।

## सामाजिक एकता और आपसी भाईचारा का संदेश देता है छठ पर्व

**दीपक राज**

**बरवाडीह।** सूर्योपासना और लोकआस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। प्रकृति और संस्कृति से जुड़े इस महापर्व में हर वर्ष गंगा जमुनी तहजीब का रंग देखने को मिलता रहा है। धर्म मजहब से ऊपर उठकर मुस्लिम समुदाय के लोग निःस्वार्थ भाव से हर साल छठ पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। चाहे घाटों की सफाई हो या फिर कोई और काम, पूरी श्रद्धा के साथ जुटे रहते हैं। छठ व्रती घाट के किनारे पहुंचें तो उन्हें कोई परेशानी न हो इसका पूरा ख्याल रखते हैं। घाट की सफाई के साथ-साथ आसपास वाले रास्ते को भी पूरी तरह से स्वच्छ बनाते हैं। व्यवसायिक समिति के फिरोज अहमद उर्फ मुन्ना, सिराज अहमद, हसीब अंसारी, इम्तियाज अहमद, अमीर खान उर्फ डॉक्टर और रिजवान खान आदि ने बताया कि यहां हर पर्व को दोनो समुदाय के लोग मिल जुलकर मनाते आए है, और हम सबके लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि हम सबको छठ महापर्व में सहयोग करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इस अनूठे पर्व की यह एक बड़ी खूबी है कि इसमें जात-पात और धर्म का भेद पूरी तरह मिट जाता है। गौरतलब है कि बरवाडीह जैसे छोटे शहर में हिन्दू-मुस्लिम समुदाय का ये मेल आस्था के महापर्व पर गंगा-जमुनी तहजीब की नई इबारत लिख रहा है। यहां न तो कोई मुस्लमान है और न ही कोई हिन्दू, हर कोई सच्चे श्रद्धालु की तरह छठ व्रतियों की सेवा के लिए तत्पर है। जाहिर है लातेहार जिला का यह एक छोटा सा शहर पूरे देश को एकता का संदेश दे रहा है। बता दें कि छठ महापर्व सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार है। इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा-उपासना पूरे विधि-विधान के साथ की जाती है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। आज दूसरे दिन शनिवार को खरना, तीसरे दिन रविवार को संध्या अर्घ्य और चौथे दिन सोमवार को उषा अर्घ्य के साथ महापर्व का समापन हो जाएगा।


आस्था के साथ छठ व्रतियों का सहयोग करते मुस्लिम भाई।

### तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक-बालिकाओं ने दिखाया दम


खेल प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** सहाय योजना अंतर्गत चल रहे 3 दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन मिशन स्कूल ग्राउंड में एथलेटिक्स में बालक व बालिका दोनो वर्ग में 100, 200 व 400 मीटर दौड़ व लौंग जम्प प्रतियोगिता आयोजित की गई। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अमित उरांव प्रथम, रूपेश मुंडा द्वितीय व मुकेश गंझू तृतीय, 200 मीटर में अनिल कुमार प्रथम, मुकेश गंझू द्वितीय व अमित उरांव तृतीय, 400 मीटर में सचिन उरांव प्रथम, विनोद उरांव द्वितीय, रूपेश मुंडा तृतीय व अनुराग गंझू को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। लौंग जम्प में विनोद उरांव प्रथम, मनोहर कुमार द्वितीय, श्रीकांत गंझू तृतीय व उमेश गंझू को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में विनीता प्रथम, संजना द्वितीय और नीलम को तृतीय स्थान, 200 मीटर में पूर्णिमा प्रथम, विनीता तुरी द्वितीय व नीलम कुमारी तृतीय स्थान, 400 मीटर दौड़ में विनीता कुमारी प्रथम, सुचिता गंझू द्वितीय, पूर्णिमा कुमारी तृतीय व मनीता कुमारी को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। लौंग जम्प में विनीता कुमारी प्रथम, स्नेहा सृष्टि टोप्पो द्वितीय व नीलम कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन शनिवार को हॉकी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# अबुआ आवास योजना तथा अबुवा बीर दिशोम अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन लातेहार में अबुआ आवास योजना तथा अबुवा बीर दिशोम अभियान अंतर्गत वन अधिकार पट्टा दिए जाने को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त हिमांशु मोहन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना की मुख्य विशेषताओं को बताते हुए कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ दें। कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि इस योजना के बारे में जागरूक करके लोगों को योजना का लाभ दिलाये। आगे उन्होने कहा कि जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 24 नवम्बर से 23 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। कैम्प में अलग स्टॉल लगाया जाएगा और उसी स्टॉल में लाभुकों से इस बाबत आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। कार्यशाला में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार द्वारा वन अधिकार पट्टा दिए जाने में अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों, ग्राम सभा का महत्व, वन अधिकार समिति द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए जिला के ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को सामुदायिक वन अधिकार पट्टा के लाभ से आच्छादित करने को कहा गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप द्वारा अबुआ बीर दिशोम अभियान के संचालन एवं लाभुकों को योजना के माध्यम से लाभान्वित करने के लिए पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अबुआ बीर दिशोम अभियान के संचालन की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।


दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते डीसी।

**अबुआ आवास योजना के लाभार्थी**

**चयन के मापदंड**

वैसे लोगों को आवास योजना का लाभ मिलेगा जिसके कच्चे मकान हों, आवास विहीन एवं निराआश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार, बंधुआ मजदूर, वैसे परिवार जिन्हें राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, बिरसा आवास योजना, इंदिरा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो। आवास निर्माण हेतु कुल सहायता राशि दो लाख रुपया प्रति ईकाई हैं। आवास का निर्माण तीन कमरे के साथ 31 वर्ग मीटर में किया जाएगा। कार्यशाला में उप निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना दक्षिणी प्रमंडल ब्रजेश कांत जेना, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी, निदेशक डीआरडए प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, मुखिया आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर शुक्रवार की देर शाम बालूमाथ थाना क्षेत्र के बारा ग्राम के समीप एक अनियंत्रित ट्रक जेएच01बीजे2692 ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवदयाल कुमार 20 वर्ष पिता अर्जुन महतो ग्राम जिलंगा थाना बालूमाथ निवासी अपने घर से मोटरसाइकिल से रामघाट की ओर निजी कार्य से जा रहा था। इसी दौरान बारा ग्राम के पास तेतरियाखांड़ कोलियरी से कोयला लेकर जा रहे एक अनियंत्रित ट्रक में उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ को जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। परिजन नौकरी व मुआवजा की मांग कर रहे हैं। वही ग्रामीणों का कहना है की इस सड़क से सैकड़ो कोयला लदे वाहनों का परिचालन होता है। जो स्पीड नियम का पालन नहीं करते हैं। जिस कारण अक्सर दुर्घटना होते रहती है। इस कारण दिन में नो एंट्री लगाया जाए। समाचार लिखे जाने तक घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस मौके पर पहुंची गई है और परिजनों और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रही है एवं ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के प्रति जागरूकता को लेकर डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया जागरूकता रथ रवाना


हरी झंडी दिखाकर रथ रवाना करते डीसी।

**लातेहार।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को उपायुक्त हिमांशु मोहन द्वारा समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 10 प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों तथा नगर पंचायत लातेहार के वार्डों में दिनांक 24 नवंबर से 23 दिसंबर 2023 तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी पंचायतों एवं नगर पंचायत के वार्डों में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन कर विभिन्न विभागों के द्वारा योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने हेतु तथा लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाया जाएगा।

### छठ व्रतियों के लिए महुआडांड़ हिंदू महासभा की ओर से चौथे दिन भी लागत मूल्य पर सामग्री का वितरण


सामग्री का वितरण करते हिंदू महासभा के लोग।

**महुआडांड़।** स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर मे महापर्व छठ पूजा को लेकर महुआडांड़ हिन्दू महासभा की ओर चौथे दिन शुक्रवार को भी छठ व्रतियों के लिए लागत राशि पर व गरीब तबके के लोगो के लिए फ्री मे छठ पूजा की सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि यदि कोई छठव्रती की आर्थिक स्थिति ठीक नही है, या कोई नि:शुल्क मे सामग्री प्राप्त करना चाहते है तो उन्हे भी हिन्दू महासभा सामग्री उपलब्ध करा रही है। हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने सभी छठव्रती से आग्रह किया है कि वे स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर से सामग्री प्राप्त कर सकते है। छठ व्रतियों के लिए धोती साड़ी कपड़ा भी उपलब्ध कराया गया है। वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महुआडांड प्रखण्ड उपप्रमुख सरिता जायसवाल की ओर से उनके आवास पर छठ वतीर्यों के लिए नि:शुल्क आम की सुखी लकड़ी का वितरण किया जा रहा है इच्छुक व्यक्ति उनके आवास से प्राप्त कर सकतें हैं । वहीं गेहूँ की नि:शुल्क राजन जी की ओर से की जा रही है।

### थाना प्रभारी ने देवनद छठ घाट में चल रही तैयारियों का लिया जायजा


जायजा लेते थाना प्रभारी।

**चंदवा।** आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर छठ घाटों पर चल रही तैयारियों का जायजा लेने शुक्रवार की सुबह प्रभारी थाना प्रभारी शुभम कुमार चंदवा के देवनद तट छठ घाट पहुंचे, जहां छठ घाट पर तैयारियों में जुटी पूजा समितियों के लोगो से घाट पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाओं व ट्रैफिक व्यवस्था की जानकारी ली साथ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान समिति के लोगो ने थाना प्रभारी शुभम कुमार से महापर्व के पहली व दूसरी अर्घ्य के दौरान शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर आवश्यक परामर्श भी दिया। मौके पर प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, राजू सिंह, प्रभाकर मिश्र, संजय दुबे, रोहित कुमार, रंजन विश्वकर्मा, राजेन्द्र यादव, डॉ मनीष सिंह, रोहित अग्रवाल, दीपक निषाद, संजीव आजाद, रंजन सिंह, रवि राज, दारा सिंह, अंकित कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## खूंटा बांध छठ घाट पर कृषि मंत्री बादल ने किया पौधरोपण

**दुमका।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर शुक्रवार को खूंटा बाँध छठ पूजा समिति ने छठ घाट पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने खूंटा बाँध तालाब के किनारे फलदार पौधे का रोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत नारियल एवं केला का दर्जनों पौधे लगाए गए। मंत्री ने तालाब में बने नवनिर्मित सूर्य मंदिर का भी दर्शन किया। कृषि मंत्री बादल ने समिति के वृक्षारोपण कार्यक्रम के पहल की सराहना की। उन्होंने समिति द्वारा तालाब के सौंदर्यीकरण और पार्क निर्माण की मांग पर भी पहल करने की बात कही। मंत्री बादल ने कहा कि छठ आस्था का महापर्व है। इस महापर्व पर भगवान सूर्य और प्रकृति की उपासना की जाती है। छठ में लोगों की संयमता, स्वच्छता और संकल्प दिखता है।

# जेपी नड्डा के 'भटक रहे सीएम नीतीश' बयान पर बिहार में बवाल

### जदयू में तीखी प्रतिक्रिया विजय चौधरी ने कहा, नीतीश जी की सोच और जुबान किसी से प्रभावित नहीं होती



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** मंच पर चुनावी चर्चा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सीएम नीतीश कुमार पर बड़ा हमला बोला है। जेपी नड्डा ने कहा है कि जब तक नीतीश बीजेपी के साथ रहे, तब तक ठीक-ठाक रहे, लेकिन जब संगत बिगड़ जाती है तो जुबान भी बिगड़ जाती है। जब लोग राह भटक जाते हैं तो राजनीति में भटकना ही पड़ता है। जेपी नड्डा के बयान पर बिहार में सियासी बवाल बढ़ गया है और जदयू ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जेपी नड्डा के बयान पर सीएम नीतीश के करीबी जदयू नेता और बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी ने कहा, जेपी नड्डा ने ऐसा क्यूं कहा नड्डा जी ही जानेंग। नीतीश जी की सोच और जुबान किसी साथी से प्रभावित नहीं होती। बीजेपी के साथ इतने लंबे समय तक रहने के बाबजूद नीतीश कुमार बीजेपी की नीतियों से प्रभावित नहीं हुए। सीएम नीतीश किसी गठबंधन में रहें या न रहें, उनकी सोच और नीतियां मौलिक हैं, किसी से प्रभावित नहीं होती। विजय चौधरी ने कहा, बिहार में लगातार नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास हुआ है और बीजेपी के लोग उससे विचलित हैं। जातीय गणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की बात हो, यह सब एतिहासिक उपलब्धियां हैं।

यह भी उन्हें बेचैन कर रहा है। केंद्र सरकार के द्वारा दलितों पिछड़ों की हकमारी की षड्यंत्र की जा रही है। दूसरी ओर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बयान पर बयान पर जदयू और भाजपा आमने सामने आ गई है। इसको लेकर जदयू प्रवक्ता अजय आलोक ने भी निशाना साधा है। बिहार के वित्त मंत्री विजय चौधरी के यह कहने पर कि नीतीश कुमार की सोच, जुबान और बयान किसी साथी से प्रभावित नहीं होती, इस पर बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने पलटवार किया है। अजय आलोक ने कहा, जुबान पर लगाम नहीं है, सोच खत्म हो चुकी है, डिमेंशिया में जा चुके हैं। विजय चौधरी जी ने सही कहा है- न जुबान बची है, न सोच बची है। सब लॉस्ट केस है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक

**सिमरिया।** प्रखंड सभागार कक्ष में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ नीतू सिंह ने की। बैठक में प्रमुख रोहन, उपप्रमुख दामोदर गोप, मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक सहित अन्य विभाग के लोग उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न योजनाओं पर चर्चा किया गया। साथ संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बीडीओ ने बताया कि यह कार्यक्रम 24 नवंबर से लेकर 23 दिसंबर तक चलेगा। यह कार्यक्रम लगातार पंचायत वार होगा। बीडीओ ने संबंधित वरीय पदाधिकारी को कार्यक्रम में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। शिक्षा विभाग, बालविकास परियोजना, कृषि विभाग सहित अन्य विभाग के लोगो को स्टॉल लगाने का निर्देश दिया है।

**एक नजर में**

## जीएन कॉन्वेंट में मनायी गयी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कन्वेंट +2 स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उप-प्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता, निबंा प्रतियोगिता, क्वीज एवं चित्र-कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। चयनित छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती व राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखण्ड के अमर वीर शहीदों एवं आंदोलनकारियों में अग्रणी थे। उनके संघर्ष एवं शहादत को चिरकाल तक याद किया जाता रहेगा। उन्होंने आदिवासियों का अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे शोषण के खिलाफ अपने जीवन का बलिदान कर दिया। उसी का परिणाम है कि वे आज भी एक निर्विवाद नेता के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अपने कुशल संचालन एवं नेतृत्व के बल पर भूमिगत आंदोलन चलाकर अत्याचारी अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए। निबंध प्रतियोगिता में आर्या चौबे, नागेन्द्र कुमार, रोशन दुबे, भाषण प्रतियोगिता में आदित्य प्रकाश, आर्या पांडेय, भाष्कर तिवारी, क्वीज प्रतियोगिता में ग्रुप-3, ग्रुप- 4, ग्रुप- 2 ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर शिक्षक उदय प्रकाश, संजीव कुमार, खुर्शीद आलम, मुकेश कुमार भारती, बिरेन्द्र गुप्ता, सुनीता कुमारी, सुषमा तिवारी, सरिता दूबे, रिजवाना शाहीन, निलम कुमारी, संतोष प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

## रंका के दो दर्जन से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखंड अंतर्गत सिरोई खुर्द के दो दर्जन से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। गुरुवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल कराया। सभी ने मंत्री श्री ठाकुर के कार्यो से प्रभावित होकर माटी के पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि कहीं भी अच्छे कार्य करने वालों की ही पूछ होती है। गढ़वा के सभी लोग काफी अच्छे हैं। यहां के लोगों में काम करने एवं ठगने वालों की अच्छी परख है। आज यही कारण है कि काफी संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि जिस तरह से लोगों का रुझान झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर है, आने वाले समय में दूसरे दलों को कार्यक्रम करने के लिए भी लोग नहीं मिलेंगे। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि वे लोग मंत्री श्री ठाकुर एवं झारखंड की हेमंत सरकार के कार्यों से पूरी तरह प्रभावित हैं। यही कारण है कि आज बड़ी संख्या में लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। आज तक झारखंड में जो काम नहीं हो सका था, उससे ज्यादा बेहतर काम मंत्री श्री ठाकुर कर रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में मुख्य रूप से मृत्युंजय सिंह, शुभम मिश्रा, आशिष चौधरी मुकेश तांती, रविकान्त सिंह, अनिल ठाकुर, नन्दू राम, गजाार सिंह, कृष्णा राम, संजु राम, महेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, आनन्द सिंह, शशिकान्त सिंह, सुदामा राम आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, फुजैल अहमद, अनिता दत्त आदि लोग उपस्थित थे।

## मंत्री से मिले कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। साथ ही सचिव ने मंत्री को 101 कन्या का सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। सचिव ने कहा कि मंत्री ने मुझे आस्वस्थ किया है कि होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। सामूहिक विवाह में हर संभव मदद किया जाएगा। साथ ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भी रहेंगे। मंत्री ने 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह में शामिल वर एवं वाू का डाटा का भी जांच किया। मौके पर डा. यासीन अंसारी, मौलाना हुमर नूरानी, आसिफ खान, विभूति पांडेय, रमजान हाशमी आदि उपस्थित थे।

# लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय खाय के साथ प्रारंभ, आज खरना



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** भगवान भास्कर की महा पूजा लोक आस्था का महापर्व छठ कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 17 नवंबर को नहाए खाए के साथ प्रारंभ हो गया है। चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व 36 घंटे के कठिन नियमों का पालन करते हुए किया जाता है। नहाए खाए का तात्पर्य है कि इस दिन छठवर्ती अपने पास की गंगा पर डुबकी लगाते हैं एवं शुद्ध सात्विक घी के बने कद्दू की सब्जी चने की दाल अरवा चावल के भात मिट्टी के चूल्हे में लकड़ी से बनाया जाता है और शुद्धता के साथ भोजन किया जाता है। घरों में प्याज लहसुन बंद कर दिए जाते हैं। नहाए खाए 17 नवंबर को सूर्योदय काल 6:45 से सूर्यास्त के पूर्व 5:27 बजे तक किया गया। दूसरे दिन 18 नवंबर को खरना का पर्व मनाया जाता हे। इस दिन सूर्योदय के समय 6:45 पर एवं सूर्यास्त का समय 5:26 पर होगा। हालांकि हर स्थान पर सूर्योदय का समय अलग-अलग होते हैं। छठवर्ती दिन भर उपवास रहते हैं ।रात में खीर पुरी चने की दाल आदि बनाए जाते हैं एवं प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया जाता है। इस दिन नमक का प्रयोग वर्जित रहता है। तीसरे षष्ठी तिथि ,दिन 19 नवंबर को छठवर्ती अपने नजदीकी नदी तालाब आदि घाटों में अपनी छठ की डाला सजाए हुए जाते हैं। सूप में फल, ठेकुआ, अरवा चावल के लड्डू,नारियल,ईख रखे जाते हैं। उस पर शुद्ध घी के दीए जलाए जाते हैं एवं सूप को पश्चिम दिशा की ओर मुंह घुमा कर के रखते हैं। डूबते हुए सूरज की पूजा अर्चना करते हैं। छठवर्ती पश्चिम दिशा की ओर नदी तालाब गंगा में कमर भर जल में उतरते हैं एवं डूबते हुए सूर्य की अर्ध्य देते हैं। 19 नवंबर को सूर्यास्त के समय 5:26 है। पूजन के पश्चात छठवर्ती पुनः घर आते हैं। फिर अपना प्रसाद बनाने में जुट जाते हैं। रात में ठेकुआ कचौनिया आदि बनाए जाते हैं। चौथे दिन अर्थात 20 नवंबर सप्तमी तिथि को छठ वर्ती अती प्रातः काल उठकर स्नान ध्यान होकर नए वस्त्र धारण करती हैं एवं प्रथम दिन के चढ़ाए हुए प्रसाद को सुप से हटती हैं, एवं उसे बदलकर नए प्रसाद कमला नींबू, नारियल केला अंगूर कचौनिया सूप में सजाकर पुनः अपने घाट में जाती हैं। घाटों पर दीप प्रज्वलित करती हैं। अपनी सूप को पूर्व दिशा की ओर रख कर भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करती हैं। एवं आराध्य देव भगवान भास्कर उदय होने की प्रतीक्षा करती हैं। कमर भर पानी में जाकर प्रसाद सहित अपनी सूप को पूर्व मुख होकर भगवान भास्कर की पूजा करती हैं। सभी लोग सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं। 20 नवंबर को चौथे दिन सूर्योदय सुबह में 6:45 में उदय होगा। उदित भगवान भास्कर को पूजन के साथ ही चार दिनों से चला रहा आस्था का महापर्व छठ का संपन्न होगा। लोक प्रसाद का भोग लगाएंगे एवं अपना व्रत तोड़ेंगे।

## खूटाबांध छठ पूजा समिति की तैयारी अंतिम चरण में

**दुमका।** खूटाबांध छठ पूजा समिति की तैयारी अंतिम चरण में है। हर बार की तरह छठ ब्रतियों की सुविधा के लिए कई तरह की व्यवस्थाएं की जा रही है। समिति की ओर से तालाब और रास्तों की साफ सफाई का काम अंतिम चरण पर है। वही घाट की सफाई पूरी हो चुकी है। लाईट लगाई जा रही है एवं पंडाल भव्य रूप से बनाया जा रहा है। पूजा में आकर्षण का केंद्र घाटों की सजावट, बंगाल आसनसोल के कलाकारों के द्वारा रात्रि एवं आतिशबाजी होगा। सभी घाटों में छठ ब्रतियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा गया है। पोखरा के चारो ओर बांस का बेरोगेटिंग लगाया गया है।

## बड़ा बांध तालाब की तैयारी अंतिम चरण पर

**दुमका।** बड़ा बांध छठ पूजा समिति इस साल कुछ अलग दिखने को मिलने वाला है। बड़ा बांध छठ पूजा समिति का कुल बजट 21 लाख रूपए है। समिति के द्वारा छठ घाट की सफाई अंतिम चरण में है। घाट के चारो ओर पंडाल बनाया जा रहा है। पोखर में फब्बारा लगाया जा रहा है। सचिव राम मंडल ने कहा कि पोखरा चौक से लेकर विवेकानंद चौक, फल मार्केट, सब्जी मार्केट, शिवपहाड़ चौक एवं कुमारपाड़ा चौक तक गेट एवं लाईटिंग का काम किया जा रहा है।

## दुमका में नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय सूयोर्पासना का महापर्व छठ शुक्रवार से शुरू हो गया है। नहाय-खाय के दिन कद्दू की प्रमुखता होती है। इस कारण छठ व्रती महिलाएं कद्दू की सब्जी के साथ अरवा चावल की भात और चने के दाल के साथ विविध भोजना बनाती हैं और उसे भगवान सूर्य को अर्पित कर प्रसाद के रूप में ग्रहण करती हैं। नहाय-खाय के दिन भोजन बनाने में साधारण नमक की जगह सेंधा नमक का उपयोग किया जाता है। नहाय-खाय के दिन से घरों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस पर्व में स्वच्छता और पवित्रता का विशेष महत्त्व है। इसमें कई कठिन नियमों का पालन करना पड़ता है। इस पर्व की महत्ता इसलिए भी है कि इस पर्व में परिवार के सभी सदस्यों की खुशहाली और प्रगति की कामना की जाती है।

## छठ पूजा के सामानों की खरीदारी शुरू

**दुमका।** छठ पूजा को लेकर बाजारों में पूजा के सामनों की खदीदारी शुरू हो गई है। इस वर्ष भी पूजन सामग्रियों की बिक्री यज्ञ मैदान से हो रही है। शुक्रवार को यज्ञ मैदान में लगे पूजन सामग्रियों की दुकानों में लोगों की भीड़ काफी कम दिखी। इससे व्यवसायी काफी चिंतित है। वर्षो से टीन बाजार में ही पूजन सामग्रियों की दुकाने सजा करती थी। पर कई वर्षों से फलों की दुकान यज्ञ मैदान में लगाया जा रहा है। इस वर्ष पूजा समानों की दुकान दुमका के टीन बाजार, वीर कुंवर सिंह चौक, बस स्टैंड, यज्ञ मैदान सहित अन्य जगहों पर लगया गया है। दुमका में कई फलों के अस्थाई दुकान लगाया गया है।

## बंदोबस्त के पेशकार शमीम अख्तर अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**दुमका।** सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी ने अभिलेख के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में बन्दोबस्त विभाग के पूर्व पेशकार शमीम अख्तर अंसारी के प्राथमिकी दर्ज कराया है। सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी महेंद्र मांझी ने नगर थाना को एक लिखित शिकायत दर्ज कराया है कि दुमका के तत्कालीन मोहर्रिर शमीम अख्तर अंसारी ने एक ही केस को दो बार अंकित कर उसे अलग अलग बनाकर उसे न्यायालय में चलाकर अलग-अलग आदेश पारित कराने के मनसूबे से कोर्ट में संचालित कराया जा रहा था। जिसमें केस में अलग अलग आदेश होने की संभावना बनी रहती और उसी के मद्देनजर सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी ने मामला दर्ज कराया।

# छाबड़िया इंजीनियरिंग पत्थर कंपनी के कर्मचारी की रॉड से मारकर हत्या, रसोइया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** नगर थाना क्षेत्र के सिंधिपाड़ा में शुक्रवार को छाबड़िया इंजीनियरिंग कंपनी के एक कर्मचारी की लोहे की रॉड मारकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। कर्मचारी का शव घर में ही पड़ा मिला है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अजित कुमार विमल, नगर थाना एसआई संतोष कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुँचकर कार्रवाई करते हुए, खून से सना हुआ शब को बरामद कर मामले में गहनता से पूछताछ करने के बाद घर के रसोईया को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबित छाबाड़िया इंजीनियरिंग कंपनी एक पत्थर कंपनी है। मृतक कर्मी का नाम मोहन लालवानी उम्र 51 वर्ष उत्तर प्रदेश कानपुर का रहने वाला है। बताया जा रहा है की जो पत्थर कारोबारी नरेश मध्यान के ऑफिस में कार्यरत था। उधर एसडीपीओ के नेतृत्व में फॉरेंसिक टीम द्वारा कंपनी के पार्क की तलाशी ली जहां खून से सना हुआ एक प्लास्टिक का थैला बरामद किया। हत्या की सक और गहरी हुई कंपनी के स्टाफ के रूम व कंपनी के रसोइया मोती मंडल के रूम की तलाशी ली गई, जहां मोती मंडल के कपड़े खून से सना हुए पाए गया, और बिस्तर पर भी खून लगा हुआ मिला। इसके बाद पुलिस ने रसोईया मोती मंडल को गिरफ्तार कर थाना ले गई। जहां मोती मंडल ने अपना जुर्म कबूल लिया और जिस हथियार से मोहनदास ललवानी को मारा था, उसकी भी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस के द्वारा हथियार बरामद कर लिया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन ने बताया की हत्यारा मोती मंडल ने अपना जुर्म कबूल लिया है।कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए हत्यारे को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल नेतृत्व में टीम के साथ फॉरेंसिक टीम के पदाधिकारी, नगर थाना के एसआई संतोष कुमार, एसआई शुभम कुमार और नगर पुलिस बल शामिल थे।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की टक्कर से चार वर्षीया बच्ची की मौत

**दुमका।** इन दिनों जिले के रामगढ़ के बासलोई नदी से दिन-रात सैकड़ों ट्रेक्टर से अवैध बालू की ढुलाई जारी है।चालक द्वारा लापरवाही से बालू ढुलाई करने के कारण आये दिन लोगों की मौतें हो रही है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। वहीं शुक्रवार को कारुडीह पंचायत के बासलोई नदी से अबैध बालू उठाव कर आ रहे लाल रंग का ट्रेक्टर कारुडीह पंचायत के डमरथरी गांव के पास सड़क पार कर रही चार बर्षिय पहाडिया बच्ची को टक्कर मारी दी। जिससे घटना स्थल पर ही बच्ची की मौत हो गया।आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रेक्टर समेत चालक की जमकर पिटाई कर दिया। मृतक बच्ची का नाम शिवानी कुमारी है। उसके नानी का नाम ललिता देहरीन है।

## पेज एक का शेष

### चाईबासा के हाथीबेड़ा ...

**गुमला के रहने वाले थे संतोष :** आइइडी ब्लास्ट में शहीद संतोष उरांव झारखंड के गुमला जिले के रहने वाले थे। वह सीआरपीएफ 60 बटालियन में बम निरोधक दस्ता में कार्यरत थे। वहीं धमाके में घायल सीआरपीएफ 60 बटालियन के सेकंड इन कमान एजेतो तिने और कॉन्स्टेबल जयंता नाथ की स्थिति खतरे से बाहर है।

**आइइडी क्लीन करने निकले थे जवान :** जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ अधिकारी एजेतो तिने अपने साथ बम निरोधक स्कॉड को लेकर चाईबासा के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबेड़ा जंगल में आईईडी क्लीन करने के लिए निकले थे। सूचना मिली थी कि इस इलाके में नक्सलियों के द्वारा बड़े पैमाने पर आइइडी जमीन के नीचे लगा कर रखा गया है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए आइइडी निकालने का काम चल ही रहा था कि अचानक एक में ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट की वजह से मौके पर मौजूद बीडीडीएस टीम के संतोष उरांव को गंभीर चोटें आई जबकि दो अन्य भी इसमें घायल हो गये।

### व्रतियों को कोई...

**छठ पूजा की दी शुभकामनाएं :** सीएम श्री सोरेन कहा, महापर्व छठ पूजा के प्रथम अनुष्ठान नहाय-खाय की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। भगवान भास्कर और छठी मैया आप सभी छठव्रतियों की मनोकामना पूर्ण करें। सभी का जीवन सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण हो, यही कामना करता हूं।

**हटनियां तालाब पर आते हैं राज्यपाल और सीएम :** राज्यपाल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन छठ के मौके पर सपरिवार हटनियां तालाब आकर भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हैं। ऐसे में प्रशासनिक दृष्टि से भी इस छठ घाट का खास महत्व है जहां हजारों श्रद्धालु एक साथ छठ मनाते हैं।

### चीफ जस्टिस ने किया ...

**महिला वार्ड को लेकर निर्देश :** मुख्य न्यायाधीश ने जेल में औचक निरीक्षण के दौरान जेल के अंदर बने महिला और पुरुष वार्ड को भी कायदे से खंगाला। खासकर महिला वार्ड को लेकर कई निर्देश जेल प्रशासन को मुख्य न्यायाधीश के द्वारा दिये गये हैं। जेल अधीक्षक हामिद अख्तर ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश की तरफ से यह बताया गया है कि वे जल्द ही निरीक्षण के दौरान जो कमियां पायी गयी हैं उन्हें लेकर एक गाइडलाइंस जेल प्रशासन को भेजेंगे। जेल की कमियों को दूर कर रिपोर्ट सब्मिट करनी होगी।

### मेरा ही वीडियो ...

इसे मनोरंजन के लिए प्रयोग किया जाये तो अलग बात है। एआई या डीप फेक की समस्या ही यही है कि सच क्या है, यही समझना बहुत कठिन हो जाता है। इसलिए मैंने इस विषय में जागरुकता के लिए मीडिया से आगे आने और अपनी भूमिका निभाने को कहा है। ऐसे में यह डीप फेक भविष्य के लिए बड़ा संकट खड़ा कर सकता है।

# केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के समक्ष रखा

खबर मन्त्र संवाददाता




**गोड्डा।** आज केंद्रीय मंत्री ने गोड्डा जिले के सुंदर पहाड़ी क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा' सुंदरपहाड़ी, प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत में पहुंची। यहां केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए सुयोग्य लाभुकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराया गया। बतौर मुख्य अतिथि माननीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 नवंबर 2023 को बिरसा मुण्डा की जयंती पर देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रांची के खूंटी से किया गया है। बिरसा मुण्डा आजादी के नायक थे। देश की आजादी में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मंत्री महोदय ने कहा कि जनजनताति गौरव दिवस के अवसर पर बिरसा मुण्डा की स्वाधीनता को स्मरण कर आजादी के आन्दोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया गया है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का उद्देश्य है कि गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ। यह जानकारी उनके जुबानी से ही सुनी जाए. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा। पीएम ने भारत को विकासशील नहीं, बल्कि भारत को विकसित देश बनाकर एक विकसित राष्ट्र के रूप में बनाना चाहते हैं। उन्होंने उपस्थित जन समूहों को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई। इस दौरान माननीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना, टेरा फिल्टर, आयुष्मान कार्ड, एलपीजी गैस कनेक्शन, निशुल्क खाद्य सामग्री, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, एनआरएलएम समूह की महिलाओं चेक, मनरेगा जॉबकार्ड का वितरण व वृद्धापेंशन प्रमाण-पत्र का वितरण किया। मंत्री महोदय के द्वारा जानकारी दी गई कि जनजातीय नायक बिरसा मुंडा की जयंती के दिन, जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा झारखंड के खूंटी जिले से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाई गई है। सरकार के प्रमुख कल्याणकारी कार्यक्रमों के संदेश प्रचारित करने वाली 5 विशेष रूप से डिजाइन की गई आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन खूंटी जिले और आसपास के क्षेत्रों में स्थित बड़ी आदिवासी आबादी वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों से रवाना की गईं है। उक्त कार्यक्रम के दौरान लाभूकों से सीधा संवाद स्थापित कर सफलता की कहानी को उनके वाणी के माध्यम से लोगों के बीच सुनाया गया। मौके पर उपस्थित विधायक गोड्डा अमित मंडल के द्वारा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के संबंध में जानकारी दी गई, साथ ही साथ उपस्थित लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। मौके पर भूतपूर्व विधायक, महागामा अशोक भगत, अपर समाहर्ता, गोड्डा स्मिता टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा मेघनाथ उरांव, कार्यपालक दंडाधिकारी, गोड्डा जेसी विनीता केरकेट्टा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुंदर पहाड़ी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सुंदर पहाड़ी प्रखंड के कर्मीगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## मशहूर कला इतिहासकार बीएन गोस्वामी का निधन

**नयी दिल्ली।** मशहूर कला इतिहासकार और लेखक बीएन गोस्वामी का शुक्रवार को चंडीगढ़ के स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) में निधन हो गया। उनकी आयु 90 वर्ष थी। पारिवारिक मित्र और रंगकर्मी नीलम मान सिंह ने बताया कि गोस्वामी के फेफड़ों में संक्रमण था। उन्होंने कहा कि यह कोई लंबे समय से चली आ रही बीमारी नहीं थी। उन्हें बस बीते एक माह से सांस लेने में परेशानी हो रही थी। गोस्वामी का जन्म 15 अगस्त, 1933 को हुआ था। पद्म श्री और पद्म भूषण पुरस्कार विजेता को पहाड़ी शैली की चित्रकला में उनके काम के लिए जाना जाता है।

## स्वच्छता व सुरक्षा का मानक बने छठ : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठ महापर्व को स्वच्छता और सुरक्षा के मानक पर्व के रूप में आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व पर पूजा/अनुष्ठान के दौरान पूरे प्रदेश में स्वच्छता का माहौल हो, इसके लिए नगर विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा विशेष प्रयास किये जायें।

## बंगाल में टीएमसी के पंचायत प्रधान की हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले में एक भीड़भाड़ वाले बाजार में हमलावरों ने तृणमूल कांग्रेस के एक पंचायत प्रधान की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार शाम सात बजे कामदेवपुर हाट में जब अमडंगा के रूपचंद मंडल फोन पर किसी से बात कर रहे थे तो हमलावरों ने उन पर बम फेंका।

## स्वास्थ्य बीमा के नाम पर ठगी, 14 गिरफ्तार

**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले की थाना फेज-वन पुलिस ने स्वास्थ्य बीमा कराने के नाम पर अमेरिका के लोगों से ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश करते हुए 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि गुरुवार रात पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-दो में एक कॉल सेंटर है, जिसमें अमेरिका में रहने वाले लोगों का स्वास्थ्य बीमा कराने के नाम पर ठगी की जा रही थी।

## नैनीताल : खाई में गिरा वाहन, आठ की मौत

**नैनीताल।** पतलोट से अमजड़ जाने वाले मोटरमार्ग पर छीड़ाखान के पास शुक्रवार सुबह एक बाइक को बचाने में पिकअप वाहन खाई में गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई है। दुर्घटना में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। मृतकों में दो महिलाएं हैं। मृतकों में दंपति और बेटा भी हैं, जबकि उनका दूसरा बेटा अस्पताल में भर्ती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर शोक जताया है।

## बदरीनाथ धाम के कपाट आज होंगे बंद

बदरीनाथ/जोशीमठ। श्री बदरीनाथ धाम के कपाट शनिवार शाम शीतकाल हेतु बंद हो जाएंगे। शुक्रवार पूर्वाह्न रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने लक्ष्मी माता को श्री बदरीनाथ मंदिर गर्भ गृह में विराजमान होने के लिए आमंत्रण दिया तथा धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल सहित वेदपाठी रविंद्र भट्ट तथा लक्ष्मी मंदिर के पुजारियों ने मां लक्ष्मी की पूजा की तथा कढ़ाई भोग चढ़ाया।

## ओडिशा : सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के शहर भुवनेश्वर में अंगुल जिले के बरगापाली इलाके में गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# टाइम 100 जलवायु सूची में बंगा सहित आठ भारतीय

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** टाइम पत्रिका में भारतवंशियों का बजा डंका। टाइम पत्रिका की जलवायु के क्षेत्र में योगदान को लेकर दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में आठ भारतीय और भारतीय मूल के नागरिक (पीआईओ) जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। इनमें विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और ओला इलेक्ट्रिक के सह-संस्थापक भाविश अग्रवाल भी शामिल हैं। टाइम 100 जलवायु सूची में दुनियाभर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), संस्थापक, परोपकारी, संगीतकार, नीति निर्माता और सरकारी अधिकारी शामिल हैं। यह सूची संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 30 नवंबर से शुरू हो रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन से पहले जारी हुई है सूची में बंगा और अग्रवाल के अलावा, द रॉकफेलर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव जे शाह, बोस्टन कॉमन एसेट मैनेजमेंट की संस्थापक और अध्यक्ष गीता अय्यर, अमेरिकी ऊर्जा विभाग ऋण कार्यक्रम कार्यालय के निदेशक जिगर शाह, हस्क पावर सिस्टम्स के सीईओ और सह-संस्थापक मनोज सिन्हा, कैसर परमानेंट के लिए पर्यावरण प्रबंधन की कार्यकारी निदेशक सीमा वाधवा और महिंद्रा लाइफस्पेसेज के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ अमित कुमार सिन्हा भी शामिल हैं। टाइम ने कहा कि जून में विश्व बैंक के अध्यक्ष बने बंगा (64) संस्था के लिए जलवायु परिवर्तन से लड़ते हुए गरीबी उन्मूलन के एक नए मिशन की शुरूआत कर रहे हैं। बंगा ने मोरक्को में 2023 की विश्व बैंक समूह-आईएमएफ की वार्षिक बैठक में कहा था कि यदि आप सांस नहीं ले सकते और साफ पानी नहीं पी सकते, तो गरीबी मिटाने का कोई मतलब नहीं है।

**▶▶ दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में ओला इलेक्ट्रिक के संस्थापक भवेश अग्रवाल को भी मिली जगह**




## लंदन में सिख किशोर की चाकू मारकर हत्या

**लंदन।** दक्षिण-पश्चिम लंदन में सड़क पर हुए एक झगड़े में एक सिख किशोर की चाकू मार कर हत्या कर दी गयी है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि किशोर की पहचान सिमरजीत सिंह नांगपाल के रूप में की गयी है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि सिमरजीत की हत्या के सिलसिले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। सिमरजीत की हत्या बुधवार तड़के लंदन के हाउंस्लो क्षेत्र में हुई थी। पुलिस की विशेषज्ञ अपराध इकाई के जासूसों ने कहा कि वे 17 वर्षीय सिमरजीत की दुखद मौत से जुड़ी घटनाओं की जांच जारी रखेंगे और सिख समुदाय को इस हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए कड़ी मेहनत करने का आश्वासन दिया।

# छत्तीसगढ़ में 68.15 और मध्य प्रदेश में 71.11 फीसदी वोटिंग

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में 67.34 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में 72 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदान संबंधी दस्तावेज की जांच के बाद अंतिम आंकड़े शनिवार तक सामने आएंगे। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के दूसरे एवं आखिरी चरण की 70 विधानसभा सीटों पर मतदान सम्पन्न हो गया। इस आखिरी चरण में जिन प्रमुख लोगों का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गया उसमें उनमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल (पाटन), उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव (अम्बिकापुर), विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदास महंत(सक्ती), भाजपा के प्रदेश अरूण साव (लोरमी),जनता कांग्रेस की अध्यक्ष डा.रेणु जोगी(कोटा),केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह(भरतपुर सोनहत) ,पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद विण्णुदेव साय(कुनकुरी) और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल (जांजगीर)मुख्य है। इसके अलावा भूपेश सरकार में मंत्री रविन्द्र चौबे(साजा)गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू(दुर्ग ग्रामीण)मंत्री अमरजीत भगत (सीतापुर)मंत्री उमेश पटेल(खरसिया)भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल(रायपुर दक्षिण)पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय(भिलाई नगर)पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल (बिलासपुर)एवं पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर (कुरूद) का भी राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गया। 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं,जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं। कांग्रेस एवं भाजपा के अलावा जनता कांग्रेस,आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी,बसपा समेत कई दलों के उम्मीदवार भी इनमें शामिल है।

**▶▶ छत्तीसगढ़ में अंतिम चरण की 70 सीटों पर मतदान संपन्न**
**▶▶ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ,उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और भाजपा के अरुण साव का भविष्य इवीएम में कैद**
**▶▶ मध्य प्रदेश के सभी विस सीटों पर हुआ मतदान**
**▶▶ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी से, पूर्व सीएम अध्यक्ष कमलनाथ छिंदवाड़ा से और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर दिमनी से आजमा रहे हैं किस्मत**



मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शाम छह बजे मतदान समाप्त हो गया और लगभग पांच करोड़ 60 लाख मतदाताओं में से कम से कम 72 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर मतदान प्रायः शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया और इस तरह 2533 उम्मीदवारों की किस्मत इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गयी।

मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगा। राज्य में सभी 230 सीटों के लिए मतदान एक ही चरण में हुआ है। शाम को मतदान समाप्ति के पहले अनेक मतदान केंद्रों पर भी लंबी कतारें देखी गयीं। राज्य में मतदान के प्रति लोगों में काफी उत्साह दिखायी दिया।

नक्सली प्रभावित बालाघाट जिले के बैहर, लांजी और परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर, मंडला जिले के बिछिया विधानसभा क्षेत्र के 47 और मंडला विधानसभा क्षेत्र के आठ मतदान केंद्रों तथा डिंडोरी जिले के डिंडोरी विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले 40 मतदान केंद्रों पर वोटिंग तीन बजे समाप्त हो गयी थी। नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में भी मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सोलहवीं विधानसभा के गठन के लिए हो रहे चुनाव में कुल 2533 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 2280 पुरुष, 252 महिलाएं और एक अन्य (थर्ड जेंडर) प्रत्याशी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान बुधनी से, पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ छिंदवाड़ा से और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर दिमनी से, प्रहलाद पटेल नरसिंहपुर से और फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला जिले के निवास से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसके अलावा भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय इंदौर एक क्षेत्र से तथा चार सांसद, राज्य सरकार के दो दर्जन से अधिक मंत्री और अन्य प्रमुख नेताओं की किस्मत भी मतदान के बाद ईवीएम में कैद हो गयी। कुल 2533 प्रत्याशियों में भाजपा और कांग्रेस के 230-230 के अलावा बसपा के 181, सपा के 71 और 1166 निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं। मतदाताओं की कुल संख्या पांच करोड़ 60 लाख 58 हजार से अधिक में दो करोड़ 87 लाख 82 हजार से ज्यादा पुरुष और दो करोड़ 71 लाख, 99 हजार से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। अन्य मतदाता यानी थर्ड जेंडर की संख्या 1292 है। राज्य में पंद्रहवीं विधानसभा के गठन के लिए वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत (116 सीट) नहीं मिला था। उस समय कांग्रेस 114 सीटों के साथ सबसे बड़े दल के रूप में उभरी थी और उसने अन्य दलों के साथ मिलकर दिसंबर 2018 में सरकार बनायी थी। भाजपा को 109 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था।

## हमास ने अपहृत एक इजराइली महिला को मार डाला, शव बरामद

**एजेंसी**



तेल अवीव। फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल में हमलाकर बंधक बनाए गए 240 लोगों में से येहुदित वीस नामक महिला की हत्या कर दी है। गाजा के सुरक्षाबलों ने युद्ध के 42वें दिन शुक्रवार को यह दावा किया। गाजा पट्टी में अल शिफा अस्पताल में इजराइल के धावे के बीच उस मीडिया रिपोर्ट्स में इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के हवाले से यह जानकारी दी गई। आईडीएफ ने कहा कि गाजा पट्टी में 65 वर्षीय येहुदित को सात अक्टूबर के हमले के दौरान हमास के आतंकवादियों ने दक्षिणी इजराइल के किबुत्ज बेरी स्थित उनके घर से सात अक्टूबर को उनका अपहरण किया गया था। इस दौरान हमास ने उनके पति श्मुलिक वीस की हत्या कर दी थी। येहुदित वीस पांच बच्चों की मां थीं और किंडरगार्टन में काम करती थीं। बाद में आतंकवादियों ने गाजा पट्टी में येहुदित की हत्या कर दी। उसका शव अल शिफा अस्पताल से सटी एक इमारत में मिला है। अफसोस है कि सुरक्षाबल समय रहते उस तक नहीं पहुंच पाए। इजराइली सैनिक अल शिफा अस्पताल में मौजूद हैं। हमास के गुप्त ठिकानों पर धावा बोला गया है। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अस्पताल परिसर के आसपास ईरान समर्थित सशस्त्र समूह फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद की सैन्य शाखा इजराइली सुरक्षाबलों को चुनौती दे रही है। इजराइल के सुरक्षा बलों ने अस्पताल के अंदर सुरंग से हमास की लगभग एक दर्जन बंदूकें, एक ग्रेनेड, सुरक्षात्मक जैकेट और वर्दियां बरामद की हैं। इस बीच आईडीएफ ने कहा है कि शिफा अस्पताल को 4,000 लीटर से अधिक पानी और 1,500 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया

हमास के खिलाफ जारी कार्रवाई के बीच इजराइल ने अभियान का विस्तार करते हुए गाजा के दक्षिण भाग में व्यापक अभियान चलाने के संकेत दिए हैं। इस संबंध में इजराइली सैन्य बल ने दक्षिणी गाजा के कुछ हिस्सों से भागने की चेतावनी देते हुए पर्चे गिराए हैं। वहीं, इजराइली सैनिकों ने उत्तर में शिफा अस्पताल में तलाशी जारी रखी जो बुधवार तड़के शुरू हुई थी। इजराइली सैनिकों ने कुछ बंदूकें दिखाते हुए कहा कि ये एक इमारत में मिली। हालांकि उन्होंने अभी तक हमास के केंद्रीय कमान सेंटर होने का कोई सबूत जारी नहीं किया है। वहीं हमास और गाजा के सबसे बड़े अस्पताल के कर्मचारियों ने इन आरोपों से इनकार किया है।

## हरियाणा : निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत आरक्षण रद्द

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा राज्य के निवासियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला हरियाणा सरकार का 2020 का एक कानून शुक्रवार को रद्द कर दिया।

फैसला न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और न्यायमूर्ति हरप्रीत कौर जीवन ने सुनाया। वरिष्ठ अधिवक्ता अक्षय भान ने कहा कि पीठ ने पूरे अधिनियम को रद्द कर दिया। याचिकाकर्ताओं के वकीलों में शामिल भान ने कहा कि यह दलील दी गई कि हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवारों का रोजगार अधिनियम, 2020 संविधान के अनुच्छेदों 14 और 19 का उल्लंघन करता है। अदालत ने राज्य के अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले अधिनियम के क्रियान्वयन के खिलाफ कई याचिकाएं स्वीकार की थीं। इसमें अधिकतम 30,000 रुपये तक के सकल मासिक वेतन या भत्ता देने वाली नौकरियां शामिल थीं।

## अक्षरा सिंह का नया गाना छठी मईया करिहा दुलार रिलीज



**मुंबई।** भगवान भास्कर को समर्पित लोक आस्था का महापर्व छठ पर भोजपुरी सिंगर अक्षरा सिंह का गाना छठी मईया करिहा दुलार... रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह ने इस बार छठ गीत के जरिए उन्होंने एकबार फिर से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने छठ व्रत की लोकधुन को पिरोते हुए गीत छठी मईया करिहा दुलार... लेकर आई हैं, जिसे कंपोज प्रजक्ता शुक्रे ने किया है। दोनों की जोड़ी ने इस गीत को और भी खास बना दिया। गाने में अक्षरा ने छठ मां की महिमा को नए अंदाज में प्रस्तुत किया है। इस गाने के लिए अक्षरा सिंह के साथ गीतकार मनोज यादव ने भी मेहनत की है।

## पूर्व विधायक की 72 करोड़ की संपत्ति जब्त

**बैंक धोखाधड़ी मामले में विनय शंकर तिवारी के खिलाफ इडी ने की कार्रवाई**

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने एक धन शोधन जांच के हिस्से के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और उनके परिवार के सदस्यों की 72 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है। ईडी कथित तौर पर 750 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रही है। संघीय एजेंसी ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के लखनऊ, महाराजगंज और गोरखपुर जिलों में 27 अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त की गई हैं। दिवंगत मंत्री और गोरखपुर के बाहुबली हरि शंकर तिवारी के बेटे विनय तिवारी ने बसपा की टिकट पर उत्तर प्रदेश विधानसभा की चिल्लूपार सीट का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि बाद में विनय तिवारी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे। ईडी ने कहा कि जब्त की गई संपत्तियां पूर्व विधायक विनय तिवारी, उनके परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम पर पंजीकृत हैं, जो आरोपी कंपनी ह्यगंगोत्री एंटरप्राइजेज लिमिटेडह्ल के निदेशक, प्रवर्तक और गारंटर थे। ईडी ने बताया कि अस्थायी रूप से जब्त संपत्ति का कुल मूल्य 72.08 करोड़ रुपये है। ईडी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर जांच कर रही है। ईडी ने आरोप लगाया कि ह्यगंगोत्री एंटरप्राइजेज लिमिटेडह्ल ने अपने प्रवर्तकों, निदेशकों और गारंटरों की मिलीभगत से बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले सात बैंकों के समूह से धोखाधड़ी कर 1,129.44 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त किया था।

## अमृतसर में एएसआइ की गोली मारकर हत्या

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की शुक्रवार को कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि एएसआई सरूप सिंह का शव खानकोट गांव में मिला और उनके सिर पर गोली लगने का निशान था। सिंह गुरुवार की रात अपने घर से कुछ आधिकारिक दस्तावेजों के साथ नवा-पिंड पुलिस थाने के लिए निकले थे जहां वह तैनात थे। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने शुक्रवार सुबह शव पड़े होने की सूचना विभाग को दी। सिंह की मौत सिर में एक गोली लगने से हुई है।

## टनल से श्रमिकों को निकालने के लिए आधी सुरंग तैयार

**एजेंसी**

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर चारधाम आलवेदर रोड परियोजना की सुरंग में छह दिन से फंसे 40 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए शुक्रवार रात तक आधी निकासी सुरंग (30 मीटर) तैयार कर ली गई। श्रमिकों को बचाने के लिए 900 मिमी व्यास के स्टील पाइपों से करीब 60 मीटर लंबी निकासी सुरंग बननी है। इस कार्य में लगातार चुनौती पेश आ रही है, लेकिन त्वरित गति से उनका समाधान भी निकाला जा रहा है। बचाव अभियान रुकने न पाए, इसके लिए बैकअप के तौर पर मध्य प्रदेश के इंदौर से एक और औगर मशीन को एयरलिफ्ट कर सिलक्यारा लाया जा रहा है, जो शनिवार तक यहां पहुंच जाएगी। साथ ही बचाव कार्य में जुटी एजेंसियों ने सुरंग के अंदर पहुंचने के लिए प्लान-सी के तहत वर्टिकल और हारिजांटल मार्ग बनाने की दिशा में भी काम शुरू कर दिया है। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में निर्माणाधीन साढ़े चार किमी लंबी सुरंग में भूस्खलन के बाद रविवार सुबह से फंसे 40 श्रमिकों को बचाने के लिए नई दिल्ली से लाई गई अमेरिकन ऑगर ड्रिलिंग मशीन से गुरुवार सुबह निकासी सुरंग बनाने का काम शुरू हुआ था और देर रात तक 18 मीटर सुरंग तैयार कर ली गई थी।



शुक्रवार को ड्रिलिंग के दौरान बोल्डर आ जाने से कार्य प्रभावित हुआ। धीरे-धीरे बोल्डर को काटा गया, जिसके बाद कार्य ने फिर गति पकड़ी। शाम तक कुल 24 मीटर निकासी सुरंग तैयार कर ली गई थी, जबकि रात तक आधी सुरंग तैयार हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआइडीसीएल) के निदेशक अंशु मनीष खलको ने बताया कि शाम तक छह-छह मीटर लंबे चार पाइप बिछाने के बाद पांचवां पाइप जोड़ दिया गया था। इसके बाद मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। उन्होंने बताया कि मशीन के बेयरिंग बार-बार क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। तकनीकी टीम मशीन में आ रही खामियों को लगातार दूर कर चालू कर रही है। पाइप बिछाने का कार्य लगातार चलता रहे, इसके लिए इंदौर से दूसरी मशीन लाई जा रही है। एनएचआइडीसीएल के निदेशक अंशु मनीष खलको ने बताया कि प्लान-सी के अंतर्गत वर्टिकल और हॉरिजॉन्टल मार्ग के विकल्प तलाशने को भूविज्ञानियों की टीम ने सर्वे शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि श्रमिक जिस स्थान पर फंसे हैं, वह हिस्सा वर्टिकल विकल्प के एक स्थान से 103 मीटर की दूरी पर है।

**▶▶ बैकअप के लिए इंदौर से मंगायी गयी एक और मशीन**

## सेंसेक्स 188 अंक टूटा निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई।** शेयर बाजारों में शुक्रवार को दो दिन की तेज पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 188 अंक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच बैंक, वित्तीय और ऊर्जा शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

सेंसेक्स 187.75 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,794.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 342.74 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 33.40 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,731.80 अंक पर बंद हुआ। स्टेट बैंक में सर्वाधिक 3.64 प्रतिशत की गिरावट आई। बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, विप्रो और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी नुकसान में रहे।

VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !




### रामायण-महाभारत में भी सूयोर्पासना का वर्णन

ईरान धर्म, पारसी भी सूयोर्पासना से ही जुड़ा है। बात अगर भारत के संदर्भ में हो तो यहां सूयोर्पासना शेष विश्व से कहीं अधिक पुराना और व्यवस्थित स्वरूप में रहा है। यहां भगवान सूर्य को सर्वोच्च देव मानकर युगों से उपासना की जाती रही है। इसका आधार वेद ग्रंथ तो स्रोत उपनिषद और पुराण हैं। वहीं महाकाव्य रामायण और महाभारत में भी इससे संबंधित कथाएं हैं। वेदों में सर्वाधिक प्राचीन ऋग्वेद में सूर्यदेव की महिमा का गान इन मंत्रों के द्वारा किया गया है।

क्षत्रीयों की यह सूर्यवंशी शाखा वैवस्वत मनु से प्रारंभ होती है। इसी शाखा में इक्ष्वाकु,हरिश्चंद्र,भगीरथ, दिलीप,सुदास,रघु और दशरथ जैसे राजा हुए हैं। जैन मत के सभी चौबीस तीर्थकर और सिख पंथ के दस गुरुओं का जन्म इसी सूर्यवंशी कुल में हुआ है।गुरु गोविंद सिंह अपने दशम ग्रंथ में गुरुनानक से लेकर स्वयं तक के जन्म को इस वंश से जोड़ पूरी वंशावली प्रस्तुत करते हैं। जबकि भगवान के पृथु, राम और बुद्ध देव अवतारों का जन्म कुल यही है। रामायण में रावण से युद्धरत भगवान राम लंका विजय हेतु आदित्य हृदय स्तोत्र के अनुष्ठान की चर्चा है।

# सूर्य उपासना की वैश्विक परम्परा

## विश्व को पुरातन परम्परा से कराया अवगत





### यह आत्म शुद्धि का दिन है।

यह आत्म शुद्धि का दिन है। अगले दिन पंचमी तिथि को व्रती पूरे दिन निर्जला रह कर संध्या को चावल गुड़ से बना खीर और रोटी खाते हैं। इसे खरना व्रत कहते है। इसके अगले दिन व्रतकर्ता पूर्णरूपेण अन्न जल त्याग संध्या को नदी तालाब घाट अर्घ्य देते हैं। इस दिन को निखण्ड कहते है। तदोपरांत चौथे दिन सप्तमी तिथि को प्रातः काल सूर्यदेव को नदी तालाब घाट अर्घ्य देने के उपरांत व्रत पूर्ण होता है। इस दिन को पारण कहते हैं।

इस पूजा अवधि में व्रती भूमि पर शयन करते हैं। पुरुष व्रती धोती तो महिला साड़ी पहनती हैं।इनके कपड़े पीले रंग के होते हैं।व्रती इन दिनों चप्पल जूते और सिले वस्त्रों का उपयोग नहीं करते हैं। ये निरंतर सूर्यदेव की प्रार्थना करते हुए व्रत संबंधित नियमों का कठोरता पूर्वक पालन करते हैं। कई लोग तो नदी तालाब घाटों तक लेटकर सूर्यदेव को प्रणाम करते हुए जाते आते हैं।इ से परंपरा को दंड प्रणाम कहते हैं।

इन दिनों घर के आंगन से नदी तालाब घाटों तक पूरा भक्तिमय माहौल होता है। इस अवसर पर घर आंगन से लेकर रास्ते और नदी तालाब घाटों की सजावट देखते बनती है। आंगन और घाटों पर केले के पौधे गन्ना और मिट्टी के दीये बर्तनों से शोभा बढ़ाई जाती है। छठ व्रत की आहट के साथ ही श्रद्धालु रास्ते और नदी तालाब की सफाई मे लग जाते हैं। पूजा के दौरान घाट पर अर्घ्य के दौरान जल में फूल चावल अक्षत और दूध भर छोड़ा जाता है। यह मछली जैसे जलीय जीवों का आहार है।

वहीं पूजा उपरांत घाट पर चारों तरफ सजावट को लगाए गए केले के पौधे नजर आते हैं। कहीं कोई प्लास्टिक रसायन इत्यादि का उपयोग नजर नहीं आता। उलटे सफाई के नाते जल का बहाव और सुंदर रंगत दिखता है। यह पर्व अब भी बाजारवाद से पूरी तरह दूर है। प्रसाद घरों में ही बनना है जबकि प्रसाद के तौर पर आटे गुड़ देसी घी से बने ठेकुआ की महत्ता है। वैसे उपलब्ध मौसमी फल भी चढ़ाए जाते हैं।

पूजा के प्रसाद बांस के बने बर्तनों में सजा सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है, जिसे परिवार के सदस्य सर पे ढोकर घाट तक लाते हैं। पूजा संबंधित बर्तनों की खरीदारी आस-पड़ोस के डोम और कुम्हार बिरादरी से की जाती है। यह पर्व सामाजिक जुड़ावों का भी पर्व है। यहां घाटों पर पूजा संपन्न होने के साथ ही व्रतियों के पांव छूने और उनके गीले वस्त्र धोने की प्रतिस्पर्धा देखते बनती है।

इस पर्व में प्रसाद मांग कर खाने और व्रतियों के पांव छूने का विधान है छठ की वैश्विकता का असर बिहार, यूपी से आगे निकलकर गिरमिटियों के ग्लोबल गांव से लेकर लंदन में टेम्स किनारों तक अब बहुत साफ साफ दिखने लगा है। छठ महापर्व ,सूयोर्पासना के अतीत वाली दुनिया भर के जातियों को सनातन संस्कृति और भारतवर्ष से जोड़ने का एक सार्थक उपक्रम हो सकता है।

### छठ की वैश्विकता का असर बिहार, यूपी से आगे निकलकर गिरमिटियों के ग्लोबल गांव से लेकर लंदन में टेम्स किनारों तक अब बहुत साफ साफ दिखने लगा है।

छठ महापर्व ,सूयोर्पासना के अतीत वाली दुनिया भर के जातियों को सनातन संस्कृति और भारतवर्ष से जोड़ने का एक सार्थक उपक्रम हो सकता है।

सूयोर्पासना एक पुरातन धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा है। इससे संबंधित प्रतीक आपको विश्वभर में देखने को मिलेंगे। कभी यह रोम मिस्त्र, ग्रीक, सीरिया, पर्शिया, अफ्रीका और अमेरिका तक चलन में रहा है। अमेरिका की पुरानी सभ्यता इंका और माया के तो प्रधान देवता सूर्य ही है। इंका लोग आदित्य को इंदि तो माया सभ्यता में तोनातिउ पुकारा जाता था ।रोम सोल तो पर्शिया मित्र,जापान अमतेरासू और मिश्र मे होरुस नाम से सूर्यदेव को संबोधित किया जाता रहा है। बाल्टिक देशों के लोग साउल नाम से तो यूनान और ग्रीस मे हेलियोस नाम से तो पुकारते रहे हैं। हेलियोस की मूर्ति भारत में बने अश्व रथ पर सवार सूर्यदेव के बिल्कुल समान हुआ करती थी।

लैटिन संस्कृति में सूर्यदेव का नाम सो तो फ्रीजिअन्स अत्तिस, लिजियन्स मिदोस और बेबिलोनिया शमस नाम से संबोधित करते थे। ये सभी नाम सूर्यदेव के भारतीय नामों के समानार्थ हैं। पश्चिम एशिया की हित्ती संस्कृति से लेकर यूरोप के क्रीट और जर्मनी तक सूयोर्पासना चलन में रहा है।

### उपनिषदों में विशेष उल्लेख

सूयोर्पासना ग्रंथ के तौर पर उपनिषदों में (सूर्योपनिषद चक्षुरूपनिषद् नेत्रोपनिषद् और नारायनोपनिषद) विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वहीं पुराणों में इससे संबंधित सौर एवं शाम्बा उपपुराण तथा ब्रह्म महापुराण हैं, जबकि ऋग्वेद में अनेक सूयोर्पासक मंत्र हैं। बाणभट्ट के कुटुंब पंडित मयूर भट्ट ने सूर्य शतक नामक तो प्रसिद्ध जैन आचार्य मानतुंग ने भक्तमर स्रोत नाम का सौर उपासना ग्रंथ लिखा है। जबकि मिथिला के विद्वान चंदेश्वर और रुद्रधर ने भी सूयोर्पासना पर ग्रंथ लिखे हैं।

इसमें से रुद्रधर द्वारा लिखे मिथिला वर्षकृत्य मे प्रतिहार षष्ठी नाम से छठ व्रत की चर्चा है। सूयोर्पासना संबंधित एक महत्वपूर्ण रचना के तौर पर नेपाल से सौर संहिता प्राप्त हुई है। यह विक्रम संवत ९९८ की लिखी प्रतीक होती है।

### छठ व्रत के कठिन नियम

छठ एक ऐसा पर्व है जिसका सम्पूर्ण केवल नियम और श्रद्धा आधारित है। यहां जाति और समुदाय का भेद नहीं है। गैर हिन्दु मसलन, मुस्लिम परिवार की महिलाएं भी पुरातन संस्कार और श्रद्धा से भर छठ व्रत करती हैं। चार दिनों का यह त्योहार शुक्ल पक्ष चतुर्थी को प्रारंभ होता है। इस दिन व्रती प्रातः स्नान कर नए वस्त्र पहनती हैं। भोजन में लहसुन-प्याज से रहित शुद्ध सात्विक दाल चावल और हरी सब्जियां बनती हैं।चावल अरवा उपयोग होता है। इस दिन भोजन में सेंधा नमक का उपयोग किया जाता है।वहीं तुलसी दल डाल भगवान को भोग लगा पहले व्रती फिर परिवार जन खाते हैं।इसे नहाय खाय कहते है।

## ईरान के पूर्व शासक पहलवी वंश भी खुद को सूर्यवंशी मानता है



### सम्राट अशोक का प्रसिद्ध कालचक्र मूलत: एक सौर प्रतीक है।

यूरोप और दक्षिण अमेरिकी देशों में बलात धर्मांतरण के बावजूद अब भी इसकी जड़ें मौजूद है। इनसे संबंधित प्रतीक दुनियाभर में देखा जा सकता है। जापान से अर्जेंटीना तक करीब बाइस देशों के राष्ट्रीय ध्वज पर सूर्य चिन्ह अंकित है। इनमें एशिया और अमेरिका ही नहीं, अफ्रीका तथा यूरोप के देश भी हैं। महान भारतीय सम्राज्य मौर्य के चांदी से बने पंच चिह्न वाले सिक्कों में उगते सूरज का चित्रण है। ऐसा मुद्राशास्त्रीय अध्ययनों से पता चला है। वहीं इनके राज्य चिन्ह के तौर पर सूर्य प्रतीकों की संभावना व्यक्त की जा रही है।

पुरायुग इतिहासविदों की मानें तो सम्राट अशोक का प्रसिद्ध कालचक्र मूलत: एक सौर प्रतीक है। यह वास्तव में एक सूर्य चक्र है।वहीं यह समय की यात्रा में भारत से होता बौद्ध देशों तक पहुंचा। अब उनके लिए भी एक पवित्र प्रतीक है। आखिर ऐसा हो भी क्यों नहीं, सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। वे प्रकाश के पुंज है। सूर्य जीवनदायी शक्तियों के सबसे बड़े प्राकृतिक स्रोत भी है।

प्रकृति के इस जागृत और निरंतर गतिमान ऊर्जा पिंड को ओज तेज, शक्ति सामर्थ्य का जीवंत प्रतीक माना गया है। इस नाते न्यूजीलैंड के माओरी जनजाति से लेकर जापान के सम्राट तक के सूर्य की संतानें होने का दावा है। ईरान के पूर्व शासक पहलवी वंश भी खुद को सूर्यवंशी मानता है। इस्लामीकरण के बावजूद ईरान के शाह पहलवी उपाधि और सूर्यदेव में विश्वास करते थे।

### वेद कहते है - येना पावक चक्षसा भुरण्यंतम्जनां वं वरूण पश्यसि

कथाओं में राजा ऐल और भगवान कृष्ण पुत्र शाम्बा के कुष्ठ मुक्ति की कथा है। ऐसी ही एक कथा राजा शर्याति की पुत्री देवी सुकन्या की भी है। इन्होंने सूर्यदेव की उपासना से अपने वयोवृद्ध पति ऋषि च्वन्य को युवा और कांतिमय रूप में पाया था।सूयोर्पासना से निसंतान राजा प्रियव्रत के यहां शिशु जन्म पुराणों की एक महत्वपूर्ण कथा है। ईक्ष्वाकु वंशीय क्षत्रीय तो अपने को सूर्यवंशी मानते आए हैं।

क्षत्रीयों की यह सूर्यवंशी शाखा वैवस्वत मनु से प्रारंभ होती है। इसी शाखा में इक्ष्वाकु,हरिश्चंद्र,भगीरथ, दिलीप,सुदास,रघु और दशरथ जैसे राजा हुए हैं। जैन मत के सभी चौबीस तीर्थकर और सिख पंथ के दस गुरुओं का जन्म इसी सूर्यवंशी कुल में हुआ है।गुरु गोविंद सिंह अपने दशम ग्रंथ में गुरुनानक से लेकर स्वयं तक के जन्म को इस वंश से जोड़ पूरी वंशावली प्रस्तुत करते हैं। जबकि भगवान के पृथु, राम और बुद्ध देव अवतारों का जन्म कुल यही है। रामायण में रावण से युद्धरत भगवान राम लंका विजय हेतु आदित्य हृदय स्तोत्र के अनुष्ठान की चर्चा है।

वहीं महाभारत में अज्ञातवास के दौरान अपने दुर्भाग्य मुक्ति हेतु द्रौपदी और युधिष्ठिर द्वारा सूयोर्पासना की कथा है। जैन एवं बौद्ध मान्यताओं में भी सूर्य की महत्ता है। बौद्ध मतावलंबी तो भगवान बुद्ध के शरीर को सूर्य प्रतीक मानते हैं। बुद्ध की ज्ञान भूमि गया स्थिति महाबोधि महाविहार के प्राचीन कटघरा रेलिंग मे सूर्यदेव का चित्रण मिला है।

भारत में पुरातन काल से सूयोर्पासको का एक संप्रदाय भी रहा है।इस सौर संप्रदाय के अपने मंदिर,तीर्थ और महत्वपूर्ण ग्रंथ भी थे।यह संप्रदाय आद्य शंकराचार्य के समय भी चलन में रहा है।इनमें लाल चंदन फूल लाल माला और अष्टाक्षर मंत्रों की प्रधानता रही है।इसके तांत्रिक शाखा के साधक अपने शरीर पर सूर्य चिन्हों का अंकन कराते थे।